सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

शिमला	18.2 न्यू	27.4 अधि
धर्मशाला	19.8 न्यू	33.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	77,100
निफ्टी	24,056
सोना 1,40,000	चांदी 2,17000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 29 जून 2026 | 15 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 181, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

अनंत अंबानी ने तिरुमाला मंदिर में कराए केश समर्पित

एजेंसी, हैदराबाद। रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने रविवार को आंध्र प्रदेश स्थित तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और परंपरा के अनुसार मुंडन कराकर अपने केश भगवान को अर्पित किए। मंदिर में उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में मुंडन संस्कार के बाद उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। उल्लेखनीय है कि अंबानी परिवार की तिरुमाला मंदिर में गहरी आस्था रही है और वे समय-समय पर यहां दर्शन के लिए पहुंचते रहे हैं। तिरुमाला मंदिर में केश समर्पण को श्रद्धा और भक्ति का महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है, जिसे लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन निभाते हैं। (अनंत ज्ञान)

वेनेजुएला में फिर आया 5.6 तीव्रता का भूकंप

एजेंसी, काराकास। हालिया विनाशकारी भूकंप से उबरने की कोशिश कर रहे वेनेजुएला में शनिवार को एक बार फिर धरती कांप उठी। यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) के अनुसार, अरागुआ तट के पास समुद्र में 30 किलोमीटर की गहराई पर 5.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इस बीच, 24 जून को आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,430 हो गई है, जबकि 3,238 लोग घायल हुए हैं। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिग्ज ने बताया कि 3,142 परिवार बेघर हो चुके हैं और सात राज्यों में बनाए गए राहत शिविरों में उन्हें आश्रय दिया गया है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि 10 और देशों की बचाव टीमें जल्द राहत अभियान में शामिल होंगी। ला ग्वाइरा में 14 हजार सैनिकों और पुलिसकर्मियों को राहत, सुरक्षा और सफाई कार्यों में लगाया गया है। प्रभावित इलाकों के कई हिस्सों में अब भी बिजली आपूर्ति बाधित है। सरकार के अनुसार, सैकड़ों लोग अब भी लापता हैं या मलबे में फंसे हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

भारत-सेशेल्स में हुए 19 समझौते

प्रधानमंत्री मोदी बोले-अवसरों का सागर बनेगा हिंद महासागर

एजेंसी, विक्टोरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स दौरे के दौरान कहा कि भारत हिंद महासागर को 'अवसरों का सागर' बनाना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और आर्थिक विकास दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की साझेदारी किसी देश के आकार पर नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, विश्वास और साझा हितों पर आधारित है।

सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हिंद महासागर सभी देशों का साझा घर है और इसकी सुरक्षा व समृद्धि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और सेशेल्स की रक्षा और सुरक्षा आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं। इस दौरान उन्होंने 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान को जलवायु परिवर्तन से लड़ने वाले देशों को समर्पित किया।

दोनों देशों के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता में 19 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। यह अवसर भारत-सेशेल्स राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के साथ और भी महत्वपूर्ण बन गया। इन समझौतों के तहत रक्षा, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति दी गई है।

रक्षा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत ने सेशेल्स को तेज गश्ती जहाज, 10 उपयोगिता वाहन और पांच लेजर रेडियल नावें प्रदान की हैं। इसके अलावा कोस्ट गार्ड के लिए गश्ती जहाज 'पीएस जोरोएस्टर' की मरम्मत, डोर्नियर विमान के अपग्रेड और प्रत्यर्पण संधि पर भी सहमति बनी। समुद्री नाविकों के प्रशिक्षण और प्रमाणन को लेकर भी दोनों देशों के बीच समझौता हुआ है। (अनंत ज्ञान)

पीएम मोदी को मिला सर्वोच्च सम्मान

मोदी बोले-भारत और सेशेल्स के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे

स्वास्थ्य और कृषि अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने में बनी सहमति

स्वास्थ्य क्षेत्र में सेशेल्स में नए राष्ट्रीय अस्पताल की योजना, जन औषधि योजना के विस्तार और सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समझौते किए गए। भारत ने एम्बुलेंस, चावल और सीमेंट की आपूर्ति भी की है, साथ ही एक्जिम बैंक के माध्यम से वित्तीय सहायता की व्यवस्था की गई है। शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में व्यावसायिक शिक्षा केंद्र, राजनयिक प्रशिक्षण और कृषि अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। कुल मिलाकर, यह यात्रा भारत-सेशेल्स संबंधों को एक नए रणनीतिक और विकासात्मक स्तर पर ले जाने वाली साबित हुई। डिजिटल क्षेत्र में भारत की यूपीआई प्रणाली को सेशेल्स में लागू करने के लिए एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और सेंट्रल बैंक ऑफ सेशेल्स के बीच समझौता हुआ। इससे डिजिटल भुगतान प्रणाली को मजबूती मिलेगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और गहरे होंगे।

चुराह में गहरी खाई में गिरी ऑल्टो, चार युवकों की मौत

अनंत ज्ञान

चुराह। चंबा जिले के चुराह उपमंडल में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को गहरे सदमे में डाल दिया। नकरोड़-हिमगिरि डैम मार्ग पर एक ऑल्टो कार लगभग 300 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार किसी को भी बचाया नहीं जा सका।

रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने खाई में दुर्घटनाग्रस्त कार (एचपी44ए-0494) को देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तीसा पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। लेकिन तब तक कार में सवार चारों लोगों की मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान शुक्र दीन (50) पुत्र शाक मोहम्मद, सलमान (25) पुत्र तेज दीन, बिट्टू (38) पुत्र किशन तथा संजू (22) पुत्र खेमी, सभी निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़ के रूप में हुई है। एक ही गांव के चार लोगों की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। दुर्घटना का मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

इस हृदयविदारक हादसे ने पूरे चुराह क्षेत्र को गमगीन कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने और पहाड़ी सड़कों पर सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. हंसराज घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से हादसे की जानकारी ली तथा मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

विधायक डॉ. हंसराज ने कहा कि नकरोड़-हिमगिरि सड़क मार्ग पर हुआ यह हादसा बेहद दुखद और हृदयविदारक है। ग्राम पंचायत टिकरीगढ़ के चार लोगों का असामयिक निधन पूरे चुराह क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं। साथ ही प्रशासन को दुर्घटना के कारणों की निष्पक्ष जांच करने तथा प्रभावित परिवारों को नियमानुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बड़ा भंगाल तक पहुंचाएंगे बिजली और सड़क : मुख्यमंत्री सुक्खू

अनंत ज्ञान

धर्मशाला/बैजनाथ। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के दुर्गम बड़ा भंगाल क्षेत्र का दौरा कर आपदा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री ने बड़ा भंगाल तक सड़क निर्माण कार्य को तेज करने के निर्देश दिए और इसके लिए 10 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक किलोमीटर के लिए अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित करने को कहा ताकि काम तेजी से पूरा हो सके। बिजली आपूर्ति सुधार के लिए डीजल जनरेटर लगाने, घरों का सर्वे कर कनेक्शन देने और वैकल्पिक व्यवस्था जारी रखने के निर्देश दिए गए। वहीं, मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना, छात्रावास निर्माण और हेली-टैक्सी सुविधा देने की घोषणा की। साथ ही बच्चों को सीबीएसई स्कूलों में प्रवेश दिलाने की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की बात भी कही गई। मुख्यमंत्री ने बड़ा भंगाल के प्रसिद्ध राजमाह की अलग ब्रांडिंग, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार मूल्य दिलाने के निर्देश दिए।

जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राजनीति करने नहीं, बल्कि लोगों का दुख-दर्द समझने आए हैं। उन्होंने बड़ा भंगाल को प्राकृतिक पंचायत का दर्जा देने, एसटी दर्जा दिलाने के प्रयास और राशन कोटा बढ़ाने का आश्वासन दिया।



◆ बड़ा भंगाल के राजमाह को राज्य सरकार दिलाएगी अलग पहचान

राममंदिर चढ़ावा चोरी : 8 आरोपियों के घर पुलिस की एक साथ छापेमारी

एजेंसी, अयोध्या। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जेल में बंद 8 आरोपियों के घर रविवार सुबह 7 बजे पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस की 8 टीमों ने एक साथ, एक ही वक्त पर आरोपियों के घर पर दबिश दी। इस दौरान 3 आरोपियों के घर पर ताला लगा था। पुलिस ने पड़ोसियों से सवाल-जवाब किए। छापेमारी के दौरान चंपत राय के करीबी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर पर ताला लगा मिला। कुछ देर बाद टिन्नू की मां मौके पर पहुंचीं और ताला खोला। पुलिस ने अंदर जांच पड़ताल की। पुलिस टिन्नू के घर से थोड़ी दूरी पर भतीजे आरोपी मनीष यादव के घर पहुंची तो वहां भी ताला लगा था। वहीं, आरोपी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के घर पर भी ताला लगा मिला। आरोपी अनुकल्प मिश्रा के घर पर भी छापेमारी हुई। खरीदी गई संपत्तियों के दस्तावेज और बैंक अकाउंट डिटेल खंगाले गए। परिजनों के बयान दर्ज किए गए। छापेमारी में राजस्व अधिकारियों खासकर लेखपालों को शामिल किया गया। पुलिस ने दोपहर 3 बजे तक करीब 8 घंटे जांच की। इस दौरान राम मंदिर से जुड़ने के बाद आरोपियों के लाइफ स्टाइल में आए बदलाव को लेकर पड़ताल की गई। क्या-क्या मिला है, इसकी जानकारी नहीं दी गई। (अनंत ज्ञान)

श्रीखंड महादेव यात्रा अगले आदेशों तक स्थगित

अनंत ज्ञान

जिला दंडाधिकारी कुल्लू ने जारी किए आदेश



जितेंद्र गुप्ता, आनी। कुल्लू जिले के निरमंड उपमंडल में आयोजित होने वाली श्रीखंड महादेव यात्रा-2026 को इस वर्ष आधिकारिक तौर पर स्थगित कर दिया गया है। जिला उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए आगामी आदेशों तक यात्रा पर रोक लगा दी है।

प्रशासन के अनुसार यह निर्णय एबीवीआईएमएएस मनाली, राजस्व विभाग और वन विभाग की संयुक्त विशेषज्ञ टीम की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। रिपोर्ट में भीमडवारी से पार्वती बाग तक के मौजूदा और वैकल्पिक दोनों मार्गों को अत्यंत खतरनाक और असुरक्षित बताया गया है। विशेषज्ञ दल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि क्षेत्र में भूस्खलन, फ्लैश फ्लड, चट्टान गिरने और मलबा आने का गंभीर खतरा बना हुआ है। साथ ही, आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य करना बेहद कठिन होगा। नालों के पास की अस्थिर भूमि के कारण अस्थायी संरचनाएं और रस्सी मार्ग भी सुरक्षित नहीं हैं।

प्रशासन ने बताया कि मानसून के दौरान खतरा और बढ़ जाता है, ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को भी विस्तृत अध्ययन के लिए पत्र भेजा गया है। हालांकि, प्रशासनिक आदेशों के बावजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं के यात्रा पर जाने और दर्शन कर लौटने की बात भी सामने आई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह यात्रा जोखिमपूर्ण है और आधिकारिक व्यवस्था के बिना इसमें शामिल होना खतरे से खाली नहीं है।

एचआरटीसी कर्मियों की लंबित देनदारियों का जल्द भुगतान करेगी प्रदेश सरकार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल पथ परिवहन निगम अपने कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित वित्तीय देनदारियों के भुगतान के लिए ऋण लेने की तैयारी में है। निगम प्रबंधन जल्द ही इस संबंध में प्रस्ताव निदेशक मंडल की बैठक में रखेगा। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद बैंक से ऋण लेकर कर्मचारियों के बकाया भुगतान की प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाया जाएगा। निगम के कर्मचारियों और पेंशनरों की लगभग 500 करोड़ रुपये की देनदारियां लंबे समय से लंबित हैं, जिनमें महंगाई भत्ता (डीए), ओवरटाइम, रात्रि भत्ता तथा अन्य वित्तीय लाभ शामिल हैं।

एचआरटीसी की वित्तीय स्थिति लंबे समय से चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। जानकारी के अनुसार निगम का संचयी घाटा बढ़कर लगभग 2200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी कारण कर्मचारियों के बकाया भुगतान समय पर नहीं हो सके हैं। परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम ने बताया कि कर्मचारियों की सभी देनदारियों का चरणबद्ध तरीके से भुगतान किया जाएगा। इसके लिए ऋण लेने के विकल्प पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है और इस संबंध में बैंकों के साथ भी प्रारंभिक स्तर पर बातचीत की गई है। इस बाबत निगम प्रबंधन शीघ्र ही निदेशक मंडल के समक्ष ऋण लेने का प्रस्ताव रखेगा। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त कर कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों के लंबित भुगतान जारी किए जा सकते हैं। इससे पहले भी निगम सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देनदारियों के भुगतान के लिए ऋण ले चुका है। इस बार भी वित्तीय संसाधन जुटाकर कर्मचारियों को राहत देने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लंबे समय से लंबित भुगतान का बोझ कम हो सके।

◆ निदेशक मंडल की बैठक में जल्द रखा जाएगा प्रस्ताव

अमेरिका ने की ईरान के 10 सैन्य ठिकानों पर बमबारी

एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन/बेरूत

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक वाणिज्यिक जहाज पर ड्रोन हमले के बाद अमेरिका ने लगातार दूसरे दिन ईरान के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिकी सेना ने सिरिक, बंदर-ए-लेंघे और केशम द्वीप समेत 10 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है। इसके बाद बहरीन और कुवैत में हवाई हमले के सायरन बज उठे और क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया।

अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) के अनुसार, लड़ाकू विमानों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के इलाकों में मिसाइल व ड्रोन ठिकानों तथा तटीय रडार सुविधाओं पर हमला किया। अमेरिका का कहना है कि कार्रवाई एक तेल टैंकर पर हुए कथित ईरानी ड्रोन हमले के जवाब में की गई। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने पांच तटीय इलाकों पर अमेरिकी हमलों की पुष्टि करते हुए जवाबी कार्रवाई का ऐलान किया। आईआरजीसी के मुताबिक, उसकी नौसेना और वायुसेना ने कुवैत स्थित अमेरिकी अली अल सलेम एयरबेस और बहरीन में अमेरिकी पांचवें नौसैनिक बेड़े को बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। इस बीच, लेबनान में भी तनाव फिर बढ़ गया। युद्धविराम के लिए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर के एक दिन बाद ही इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

यह कैसी तैनाती हमीरपुर के दोनों डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा के कार्यालयों का हाल, व्यवस्था आंखें मूंदे देख रही 'तमाशा'

डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में 6 प्रिंसिपल 5 टीजीटी कर रहे क्लर्की

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। जिला मुख्यालय स्थित शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में शिक्षकों की डेपुटेशन पर तैनाती को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि जिन शिक्षकों की तैनाती स्कूलों में होनी चाहिए, वे कार्यालयों में बैठकर कार्य कर रहे हैं, जिससे स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

सूत्रों के अनुसार सेकेंडरी शिक्षा डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में इस समय पांच प्रिंसिपल डेपुटेशन पर तैनात हैं, जबकि कार्यालय का नियमित नेतृत्व ऑफशियेटिंग तौर पर एलिमेंट्री डिप्टी डायरेक्टर संभाल रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये प्रिंसिपल 'नए आदेशों की प्रतीक्षा' में कार्यालय में कार्यरत हैं। इसी तरह एलिमेंट्री कार्यालय में भी एक प्रिंसिपल और पांच टीजीटी शिक्षक डेपुटेशन पर तैनात हैं, जो स्कूलों में पढ़ाने के बजाय कार्यालय कार्य में लगे हुए हैं। शिक्षकों को नियमित वेतन मिलने के बावजूद उनके स्कूलों से दूर रहने पर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि यह व्यवस्था शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। उनका आरोप है कि प्रभावशाली व्यवस्था के कारण डेपुटेशन का यह चलन वर्षों से जारी है और इसमें पारदर्शिता की कमी है।

मामले को लेकर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों और सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, लेकिन अभी तक इस पर कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। लोगों का कहना है कि यदि शिक्षकों की तैनाती वास्तविक रूप से स्कूलों में सुनिश्चित नहीं की गई, तो इसका सीधा नुकसान विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा।

माहौल बिगड़ रहा कार्यालय का

जिन बड़े अधिकारियों के हवाले सिस्टम को बेहतर बनाने का जिम्मा है वे ईमानदारी से काम नहीं कर रहे। क्योंकि इतने सारे टीचर्स और प्रिंसिपलों की एक साथ तैनाती यदि डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में हो जाए, तो तबादला आदेश जारी करने वाले अधिकारियों की क्या कोई जवाब देही नहीं बनती? यह यक्ष प्रश्न पूछा जरूर जाता रहेगा, कोई जवाब दे चाहे नहीं।

क्या कहते हैं डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री

डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री कमल किशोर का कहना है कि पांच प्रिंसिपल सेकेंडरी में और एक प्रिंसिपल तथा पांच टीजीटी एलिमेंट्री कार्यालय में तैनात हैं। यह पूछे जाने पर कि इनका यहां काम क्या है। उनके बैठने की व्यवस्था कैसे हो पाती है? उनका कहना था कि क्लर्कों के कुछ पद पहले से यहां खाली हैं, उनकी टेबल और कुर्सी इन्हीं के हवाले है। कुछ काम इनसे लिया जा रहा है।

हिल्स क्वीन में पर्यटकों का सैलाब

शिमला में जून महीने में अब तक 10 लाख वाहन पहुंचे, होटल 90 फीसदी तक भरे

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी व हिल स्टेशन शिमला में पर्यटन सीजन अपने चरम पर है और जून महीने के अंतिम सप्ताहांत में शहर तथा आसपास के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी शिमला और इसके आसपास के क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार इस सप्ताहांत के दौरान शहर के अधिकांश होटल, गेस्ट हाउस और होमस्टे लगभग 90 प्रतिशत तक भर चुके हैं।

शिमला में पर्यटन सीजन आधिकारिक तौर पर 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक माना जाता है। लेकिन आमतौर पर जुलाई के शुरुआती दिनों में मानसून की दस्तक के साथ पर्यटकों की संख्या कम होने लगती है। ऐसे में मौजूदा सप्ताहांत को इस सीजन के आखिरी बड़े पर्यटन सप्ताहांत के रूप में देखा जा रहा है। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान, मॉल रोड, मंदिरों और अन्य दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों की अच्छी खासी मौजूदगी दर्ज की जा रही है। वहीं, शिमला से सटे प्रमुख पर्यटन स्थल कुफरी, फागू और नारकंडा में भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। कालका-शिमला नेशनल हाइवे पर शिमला शहर के प्रवेश द्वारों पर वाहनों का लम्बा जाम लग रहा है।

शिमला में पर्यटन सीजन में सड़क पर लगा लंबा जाम। अनंत ज्ञान

शिमला होटलियर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने बताया कि जून महीने के दौरान शिमला में पर्यटकों की अच्छी आमद बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सप्ताहांत भी पर्यटन कारोबार के लिए अच्छा साबित हुआ है और आने वाले दिनों के लिए भी पर्यटकों की अग्रिम बुकिंग मिल रही है। इससे होटल और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को राहत मिली है।

पर्यटकों की बढ़ती संख्या का असर यातायात पर भी दिखाई दिया है। शिमला पुलिस के अनुसार जून 2026 में अब तक करीब 10 लाख वाहन विभिन्न प्रवेश मार्गों से शिमला पहुंचे हैं। मई और जून को मिलाकर अब तक 18.5 लाख से अधिक वाहनों की आवाजाही दर्ज की गई है। इनमें मई में लगभग 8.5 लाख और जून में करीब 10 लाख वाहन शामिल हैं। यानी जून महीने में औसतन प्रतिदिन लगभग 35 हजार वाहन शिमला पहुंचे हैं। बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए शिमला पुलिस ने इस बार व्यापक प्रबंध किए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस और होमगार्ड कर्मियों की संख्या 136 से बढ़ाकर 265 कर दी गई है। इसके अलावा करीब 50 स्वयंसेवकों और 32 ट्रैफिक बाइक राइडर्स की तैनाती की गई है जिससे किसी भी स्थान पर जाम या बाधा उत्पन्न होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि पूरे शहर को पांच सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी एक ग्रेड-वन अधिकारी को सौंपी है। ये अधिकारी स्वयं फील्ड में मौजूद रहकर यातायात संचालन की निगरानी कर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी लगातार क्षेत्र का दौरा कर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। यातायात बाधित होने की स्थिति में सेक्टर अधिकारियों, ट्रैफिक बाइक राइडर्स और तीन क्रेनों की मदद से मार्गों को शीघ्र सामान्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शहर के भीतर यातायात का दबाव कम करने के लिए कुफरी, मशोबरा, नालदेहरा तथा अपर शिमला और किन्नौर की ओर जाने वाले वाहनों को शोघी-मेहली बाईपास मार्ग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार प्रतिदिन औसतन 600 से 800 वाहन इस वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा पार्किंग स्थलों के बेहतर प्रबंधन, सोशल मीडिया के माध्यम से रीयल-टाइम ट्रैफिक अपडेट, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और इंटरसेप्टर वाहनों के जरिए नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

खेलों में सोलन बना ओवरऑल चैंपियन

शिमला जिले ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में जीती ट्रॉफी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। खेल आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता व स्वस्थ समाज के निर्माण की सबसे बड़ी पाठशाला हैं। इसी संदेश के साथ चौड़ा मैदान स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 34वीं राज्य स्तरीय महिला आईटीआई खेल प्रतियोगिता का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। समापन समारोह में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों को चिट्टे सहित अन्य मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त हिमाचल के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, संघर्ष की भावना, टीम वर्क और कठिन परिस्थितियों में बेहतर निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं।

उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज बेटियां खेल, शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, सेना और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने युवाओं को समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज के भविष्य को प्रभावित करता है। सरकार द्वारा चिट्टा तस्करी की सूचना देने वालों के लिए 10 हजार से 10 लाख रुपये तक की इनाम योजना लागू की गई है और सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

◆ आईटीआई में राज्य स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का समापन

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ओवरऑल स्पोर्ट्स ट्रॉफी जिला सोलन और ओवरऑल कल्चरल ट्रॉफी जिला शिमला के नाम रही। समारोह में मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य विवेक मेहता, प्रधानाचार्य कार्तिक ठाकुर सहित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षक, खिलाड़ी और अधिकारी उपस्थित रहे।

स्पर्धा में 11 जिलों की 408 खिलाड़ियों ने लिया भाग

चार दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 जिलों की 408 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वॉलीबॉल और कबड्डी में जिला सोलन विजेता रहा, जबकि खो-खो में जिला शिमला ने बाजी मारी। बैडमिंटन में कांगड़ा प्रथम तथा मंडी द्वितीय स्थान पर रहा। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल गायन और स्किट में शिमला ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि समूह गायन में बिलासपुर तथा लोक नृत्य में चंबा विजेता रहा। मार्च पास्ट में भी जिला शिमला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पीएम की 'मन की बात' के बाद भाजपा ने कांग्रेस सरकार को घेरा

प्रदेश सरकार वित्तीय कुप्रबंधन के कारण हर मोर्चे पर विफल: कर्ण नंदा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के उपरांत हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री विकसित भारत, सुशासन और जनभागीदारी का संकल्प देश के सामने रख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार वित्तीय कुप्रबंधन और विकास कार्यों में सुस्ती के कारण हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और शानन परियोजना जैसे मुद्दों पर सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीब परिवारों को समय पर राशन नहीं मिल रहा है, मनरेगा की नई व्यवस्था से सरकार की वित्तीय कमजोरी उजागर हुई है और शानन परियोजना पर केवल राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है। कर्ण नंदा ने दावा किया कि जनता अब सरकार की कथनी और करनी का अंतर समझ चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम सुनते हुए भाजपा पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

◆ मनरेगा, राशन व शानन परियोजना पर उठाए सवाल

मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए कमल सूद, सुरेश शर्मा, गौरव सूद, विजय शर्मा, पीसी राणा, तनवीर, प्रणय सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर कब होगा अमल: खुश विक्रम सेन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। जिला शिमला के चमियाणा वार्ड के जिला परिषद सदस्य खुश विक्रम सेन ने मुख्यमंत्री से पूर्व में की गई घोषणाओं को शीघ्र अमल में लाने की मांग करते हुए कहा है कि राजकीय डिग्री कॉलेज चायल-कोटी में बीएड की कक्षाएं बिना किसी और देरी के शुरू की जाएं।

◆ चायल-कोटी कॉलेज में बीएड कक्षाएं शुरू करने का आग्रह

उन्होंने रविवार को जारी बयान में कहा कि 26 नवंबर 2024 को कॉलेज के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बीएड कक्षाएं आरंभ करने की घोषणा की थी, लेकिन शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू होने के बावजूद यह घोषणा अब तक धरातल पर नहीं उतर सकी है। उनका कहना है कि जुन्गा तहसील के अनेक छात्र-छात्राएं बीएड की पढ़ाई के लिए इस घोषणा पर आश्रित थे, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी उन्हें निराशा हाथ लगी है। खुश विक्रम सेन ने कहा कि कॉलेज में विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं सहित आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, फिर भी वर्षों से विज्ञान विषय शुरू नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को विज्ञान और बीएड की पढ़ाई के लिए शिमला अथवा सोलन जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बीएड और विज्ञान विषय शुरू करने, कोटी में पुलिस चौकी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 बिस्तरों की सुविधा तथा 108 एंबुलेंस सेवा शुरू करने संबंधी लंबित घोषणाओं को भी जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

डीसी ने खिलाड़ियों संग किया भोजन

आत्मीय व्यवहार ने खिलाड़ियों और लोगों का जीत लिया दिल

आईटीआई की महिला खिलाड़ियों के साथ पंक्ति में बैठकर भोजन करते उपायुक्त। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। 34वीं राज्य स्तरीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) खेलकूद प्रतियोगिता (महिला वर्ग) के समापन समारोह में खेल उपलब्धियों के साथ मानवीय संवेदनाओं की भी सुंदर मिसाल देखने को मिली। मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित करने के बाद औपचारिकता से आगे बढ़ते हुए खिलाड़ियों के साथ पंक्ति में बैठकर भोजन किया। उनके इस आत्मीय व्यवहार ने खिलाड़ियों और उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।

भोजन के दौरान उपायुक्त ने खिलाड़ियों से सहज बातचीत करते हुए उनकी खेल तैयारियों, प्रतियोगिता के अनुभवों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें जीवन में अनुशासन, मेहनत और खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों ने भी उपायुक्त के इस स्नेहपूर्ण और सरल व्यवहार की सराहना करते हुए इसे अपने लिए यादगार पल बताया।

लंबे से फरार चल रहे दो उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

शिमला। पुलिस ने उद्घोषित अपराधियों (प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर्स) की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी वर्ष 2021 के मारपीट के मामले में जबकि दूसरा वर्ष 2013 के आपराधिक मामले में लंबे समय से न्यायिक प्रक्रिया से बचता हुआ फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार अभियोग संख्या में भारतीय दंड संहिता की धारा 323 और 325 के तहत पुलिस थाना झाकड़ी में तीन जून 2021 को मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में रामपुर के डिबरी गांव निवासी सुनील कुमार (25) लंबे समय से फरार था। न्यायिक प्रक्रिया में उपस्थित न होने पर न्यायालय एसीजेएम रामपुर ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस थाना रामपुर और पीओ सेल, पुलिस उपमंडल रामपुर की टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर उसे 27 जून को गांव खुणा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वर्ष 2013 के एक पुराने मामले में भी बड़ी सफलता हासिल की। इस केस में भारतीय दंड संहिता की धारा 452, 323, 341, 504, 506 और 34 के तहत 15 अप्रैल 2013 को पुलिस थाना रामपुर में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में शिमला के ननखड़ी निवासी देविन्द्र शर्मा (45), पुत्र जवाहर लाल लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा उसे भी उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस थाना रामपुर और पीओ सेल ने लगातार प्रयासों के बाद उसे भी 27 जून को गांव खुणा से गिरफ्तार कर लिया।

शिमला में सामने आई इंसानियत को तार-तार करने वाली वारदात

घर में अकेली मंदबुद्धि नाबालिग से मिस्त्री ने किया दुष्कर्म का प्रयास, पुलिस ने किया अरेस्ट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। देवभूमि के शिमला जिले से रिश्तों और इंसानियत को तार-तार कर देने वाली एक बेहद संवेदनशील और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां रोहड़ू थाना क्षेत्र में एक कलयुगी मिस्त्री ने मर्यादाओं की सारी सीमाएं लांघते हुए घर में अकेली मौजूद 15 वर्षीय मंदबुद्धि नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का घिनौना प्रयास किया। इस शर्मनाक घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश है। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित बच्ची नौवीं कक्षा की छात्रा है और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ नहीं है। पीड़िता के परिवार ने अपने घर की मरम्मत और कंस्ट्रक्शन के काम के लिए मूल रूप से बिहार के रहने वाले रोहित नाम के एक मिस्त्री को काम पर रखा था। शनिवार (27 जून) दोपहर के समय जब परिवार के अन्य सदस्य किसी जरूरी काम से घर से बाहर गए हुए थे, तब पीछे से घर में सिर्फ मासूम बच्ची ही अकेली थी। सूने मकान और बच्ची की लाचारी को देखकर मिस्त्री रोहित की नीयत डोल गई। उसने मौके का फायदा उठाकर बच्ची के साथ दरिंदगी की कोशिश की।

जैसे ही परिवार के लोग वापस लौटे, उन्हें इस घिनौनी करतूत का पता चला। पीड़िता की मां ने बिना कोई वक्त गंवाए सीधे थाने का रुख किया और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई। मां की मुस्तैदी और पुलिस की तत्परता के चलते आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में है।

पॉक्सो और बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी मिस्त्री रोहित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75(2) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की धारा 8 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए पुख्ता सबूत जुटाए जा रहे हैं।

सेब कारोबारी से 24 लाख रुपए की ठगी

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला जिले के रोहड़ू में एक सेब कारोबारी से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़ित सेब कारोबारी से 24 लाख रुपये मूल्य के सेब लिए थे, लेकिन उसकी राशि अब तक नहीं लौटाई गई। भुगतान मांगने पर आरोपी ने सेब कारोबारी को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रोहड़ू थाने में बिहार के एक व्यापारी के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता रघुनाथ ने दी शिकायत में कहा है कि उनकी रोहड़ू फल मंडी में सेब कमीशन एजेंसी है और वर्ष 2022 से 2025 के बीच उनकी एजेंसी से खरीदे गए सेबों की एवज में 24 लाख की राशि अब तक नहीं चुकाई गई है। बिहार के राजा बाजार, मोतिहाजी ने उनकी एजेंसी से सेब खरीदे थे। सेब खरीदने के बाद बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया और कई बार मांग करने के बावजूद रकम वापस नहीं लौटाई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गेयटी थियेटर में राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के टेवरन हॉल में रविवार को राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। ड्रीम आर्ट वर्ल्ड की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 15 कलाकार अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। चित्रकला, फोटोग्राफी, मूर्तिकला और डिजिटल आर्ट जैसी विविध कला विधाओं की आकर्षक रचनाएं कला प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। प्रदर्शनी में पारंपरिक और आधुनिक कला का सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों को भारतीय कला की विविधता और रचनात्मकता का अनुभव हो रहा है।

ड्रीम आर्ट वर्ल्ड गैलरी के संस्थापक डॉ. स्वप्निल आचार्य ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य देशभर के वरिष्ठ और उभरते कलाकारों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी रचनात्मक प्रतिभा को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कलाकारों और कला प्रेमियों के बीच संवाद स्थापित करने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का भी माध्यम बनेगा। प्रदर्शनी में आने वाले दर्शकों को विभिन्न कला विधाओं की उत्कृष्ट कृतियों को करीब से देखने और कलाकारों की सृजनात्मक सोच को समझने का अवसर मिल रहा है।

बागवानी सेब के बेहतर रंग, आकार और अगले सीजन की पैदावार में होगी बढ़ोतरी

सेब बागवानों को दी समर प्रूनिंग की सलाह

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश के सेब बहुल इलाकों में प्रारंभिक किस्मों की तुड़ाई शुरू होने के बाद अब रॉयल, रेड डिलीशियस और अन्य प्रमुख सेब किस्मों में फल विकास का महत्वपूर्ण चरण शुरू हो गया है। इस समय पेड़ों पर तेजी से फल बढ़ रहे हैं और उनके आकार, रंग तथा गुणवत्ता का निर्धारण होने लगता है। ऐसे संवेदनशील दौर में बागवानी विशेषज्ञों और कृषि वैज्ञानिकों ने बागवानों को वैज्ञानिक पद्धति से समर प्रूनिंग (ग्रीष्मकालीन छंटाई) अपनाने की सलाह दी है। उनका कहना है कि सही समय पर की गई समर प्रूनिंग न केवल इस वर्ष की फसल की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है, बल्कि अगले सीजन में भी अधिक और बेहतर उत्पादन की मजबूत नींव तैयार करती है।

विशेषज्ञों के अनुसार समर प्रूनिंग का मुख्य उद्देश्य पेड़ों के भीतर पर्याप्त धूप और वायु संचार सुनिश्चित करना है। जब पेड़ों की छत्राकार संरचना अधिक घनी हो जाती है तो सूर्य का प्रकाश भीतर तक नहीं पहुंच पाता और नमी लंबे समय तक बनी रहती है। इससे फलों का रंग ठीक से विकसित नहीं होता, उनका आकार प्रभावित होता है और कई प्रकार के फफूंदजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में अनावश्यक शाखाओं को हटाने से पेड़ों के भीतर प्रकाश समान रूप से पहुंचता है, जिससे फलों में प्राकृतिक लालिमा बेहतर आती है और उनकी बाजार में मांग भी बढ़ती है। बागवानी वैज्ञानिकों का कहना है कि समर प्रूनिंग के दौरान पेड़ों पर निकली अनावश्यक वॉटर शूट्स, एक-दूसरे से रगड़ खा रही शाखाएं, अंदर की ओर बढ़ रही टहनियां तथा अत्यधिक घनी बढ़वार को सावधानीपूर्वक हटाया जाना चाहिए। इन शाखाओं पर पौधे की काफी ऊर्जा खर्च होती है, जबकि इनका उत्पादन में विशेष योगदान नहीं होता। इन्हें हटाने से पौधे की ऊर्जा सीधे फलों के विकास, उनके आकार में वृद्धि और गुणवत्तापूर्ण फल तैयार करने में लगती है। इससे फलों का वजन भी बेहतर होता है और उनकी एकरूपता बनी रहती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि पेड़ों में बेहतर वायु संचार होने से नमी कम समय तक टिकती है, जिससे स्कैब, पाउडरी मिल्ड्यू और अन्य फफूंदजनित रोगों के संक्रमण की संभावना भी कम हो जाती है। इसके अलावा कीटनाशकों और फफूंदनाशकों का छिड़काव भी पूरे पेड़ पर समान रूप से पहुंचता है, जिससे दवाओं की प्रभावशीलता बढ़ती है और रोग प्रबंधन अधिक सफल होता है। घने पेड़ों में जहां दवाएं भीतर तक नहीं पहुंच पातीं, वहां समर प्रूनिंग इस समस्या का प्रभावी समाधान साबित होती है।

वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि संतुलित समर प्रूनिंग से पेड़ों की बढ़वार नियंत्रित रहती है। अत्यधिक शाकीय वृद्धि पर रोक लगने से पौधे अगले वर्ष के लिए मजबूत और स्वस्थ फल कलियों का निर्माण करते हैं। यही फल कलियां अगले सीजन की पैदावार तय करती हैं। इसलिए समर प्रूनिंग को केवल वर्तमान फसल तक सीमित न मानकर दीर्घकालिक उत्पादन प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा समझना चाहिए। हालांकि विशेषज्ञों ने बागवानों को सावधानी बरतने की भी सलाह दी है। उनका कहना है कि समर प्रूनिंग करते समय किसी भी पेड़ की अत्यधिक छंटाई नहीं करनी चाहिए। जरूरत से ज्यादा शाखाएं हटाने पर पेड़ तनाव में आ सकता है, जिससे फलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रत्येक पौधे की आयु, किस्म, बढ़वार, पेड़ की संरचना और फल भार को ध्यान में रखते हुए ही शाखाओं का चयन किया जाना चाहिए। जहां आवश्यकता हो, वहीं सीमित और संतुलित छंटाई करना सबसे उपयुक्त रहता है।

विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि समर प्रूनिंग के साथ-साथ बाग की नियमित निगरानी, संतुलित पोषण प्रबंधन, समय पर सिंचाई और रोग-कीट नियंत्रण पर भी बराबर ध्यान देना जरूरी है। पौधों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने, मिट्टी में उचित नमी बनाए रखने और समय-समय पर वैज्ञानिक सलाह के अनुसार बाग प्रबंधन करने से समर प्रूनिंग का पूरा लाभ मिलता है।

किन्नौर कैलाश यात्रा पर फिलहाल विराम

प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए लिया बड़ा फैसला

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। किन्नौर कैलाश की पवित्र यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हजारों श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण खबर है। जिला प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किन्नौर कैलाश यात्रा-2026 को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। विशेष टोही दल की रिपोर्ट में यात्रा मार्ग पर ग्लेशियरों के खिसकने, अस्थिर चट्टानों के गिरने और लगातार बढ़ते भूस्खलन के गंभीर खतरे सामने आने के बाद प्रशासन ने यह बड़ा फैसला लिया है। फिलहाल, वर्तमान परिस्थितियों में यात्रा शुरू करना किसी भी तरह सुरक्षित नहीं है। जानकारी के अनुसार 12 जून को राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद यात्रा मार्ग का विस्तृत निरीक्षण कराने के लिए वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की निगरानी में विशेष टोही दल गठित किया गया था। दल ने 21 जून को मार्ग का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें मिलिंग खाटा से शिवलिंग तक बड़े ग्लेशियर, उनके ऊपर अस्थिर चट्टानें तथा गुफा से सोरंग के बीच कई स्थानों पर भूस्खलन और चट्टानें गिरने के कारण मार्ग को अत्यधिक जोखिमपूर्ण बताया गया। लगातार बढ़ते तापमान के कारण बर्फ पिघलने से खतरा और बढ़ गया है। मार्ग सुरक्षित होने के बाद ही होगा यात्रा पर अंतिम निर्णय।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा हालात में यात्रा शुरू करना श्रद्धालुओं के साथ-साथ राहत एवं बचाव दलों के लिए भी जोखिम भरा हो सकता है। इसलिए यात्रा को अगले आदेश तक स्थगित रखा गया है। उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और मार्ग पूरी तरह सुरक्षित घोषित होने तक किन्नौर कैलाश यात्रा पर जाने का प्रयास न करें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि परिस्थितियां सामान्य और सुरक्षित होते ही यात्रा शुरू करने को लेकर अगला निर्णय लिया जाएगा।

हब एंड स्पोक मॉडल पर विकसित होंगी आईटीआई

योजना में भारत सरकार का भी मिलेगा सहयोग

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में आईटीआई संस्थानों को हब एंड स्पोक मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जिसकी योजना चल रही है, इसमें भारत सरकार का भी सहयोग मिलेगा। यही नहीं प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में 10 हजार ऑवर्स ट्रेनिंग का आग्रह किया गया है, जो अभी वांछित है। प्रदेश के आईटीआई न केवल रोजगारोन्मुखी हों, रेडी टू जॉब हों बल्कि खुद का इंटरप्राइज विकसित कर सकें, इसके लिए हब एंड स्पोक मॉडल पर आईटीआई को विकसित करने की योजना चल रही है।

गौरतलब है कि आईटीआई में हब एंड स्पोक मॉडल का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा को आधुनिक, लागत प्रभावी और उद्योग-अनुकूल बनाना है। इस मॉडल के तहत, उन्नत सुविधाओं वाले एक केंद्रीय संस्थान (हब) को कई छोटे संस्थानों (स्पोक) से जोड़ा जाता है ताकि तकनीकी संसाधन व उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण सभी तक पहुंच सकें।

भारत में हब एंड स्पोक मॉडल भारत सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के कायाकल्प के लिए पीएम-सेतु (प्रधानमंत्री कौशल विकास और उन्नत आईटीआई के माध्यम से रोजगार क्षमता परिवर्तन) जैसी योजनाओं के तहत इस मॉडल को अपनाया है। हब आईटीआई एक केंद्रीय नोडल संस्थान होता है। यह अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, आधुनिक मशीनरी, इनोवेशन और इनक्यूबेशन केंद्रों और प्रशिक्षक प्रशिक्षण की सुविधाओं से सुसज्जित होता है। हब आईटीआई के आसपास के 4-5 छोटे आईटीआई को स्पोक के रूप में विकसित किया जाता है। इनका मुख्य कार्य स्थानीय स्तर पर छात्रों को बुनियादी और उन्नत कौशल प्रदान करना है।

> **हिमाचल** के आईटीआई में कई नए कोर्सिस शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में 10 हजार ऑवर्स ट्रेनिंग का आग्रह किया गया है, जो अभी वांछित है। हमारे आईटीआई न केवल रोजगारोन्मुखी हों, रेडी टू जॉब हों बल्कि खुद का इंटरप्राइज विकसित कर सकें, इसके लिए हब एंड स्पोक मॉडल पर आईटीआई को विकसित करने की योजना चल रही है, इसमें भारत सरकार का भी सहयोग मिलेगा।
>
>
>
> **-राजेश धर्माणी, तकनीकी शिक्षा मंत्री, हिमाचल प्रदेश**

सतत विकास के लिए मजबूत योजना प्रणाली जरूरी

धर्मशाला में नीतिगत ढांचा और योजना प्रथाओं विषय पर संगोष्ठी आयोजित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। तकनीकी शिक्षा, आवास एवं नगर नियोजन तथा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि सतत, संतुलित एवं सुव्यवस्थित शहरी विकास के लिए प्रभावी नियोजन और विभिन्न राज्यों के सफल अनुभवों से सीखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर नियोजन पद्धतियों के आदान-प्रदान से प्रदेशों को अपनी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक प्रभावी एवं व्यवहारिक विकास मॉडल तैयार करने में सहायता मिलती है।

रविवार को धर्मशाला स्थित रैडिसन ब्लू रिजॉर्ट में टाउन प्लानर्स इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (आईटीपीआई) नॉर्दर्न चैप्टर द्वारा आयोजित नीतिगत ढांचा और योजना प्रथाओं विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस सेमिनार का प्रमुख उद्देश्य हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में अपनाई जा रही श्रेष्ठ नियोजन कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान कर एक-दूसरे के अनुभवों से सीखना था।

उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी योजनाओं, नीतियों और कार्यान्वयन के अनुभव साझा किए, जिससे बेहतर शहरी नियोजन व्यवस्था विकसित करने के लिए उपयोगी सुझाव प्राप्त हुए। हरियाणा की ओर से प्रस्तुत ई-गवर्नेंस, नियोजन प्रक्रियाओं तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं से हिमाचल प्रदेश को कई नई जानकारियां मिली हैं। इन अनुभवों का अध्ययन कर प्रदेश की भौगोलिक एवं पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक संशोधनों के साथ उन्हें अपनाने की दिशा में भी विचार किया जाएगा।

राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार योजनाबद्ध विकास के माध्यम से पर्यटन, आधारभूत ढांचे तथा शहरी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पर्यावरण संरक्षण और आपदा जोखिम न्यूनीकरण को समान महत्व देना आवश्यक है, ताकि भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

धर्मशाला में संगोष्ठी के दौरान राजेश धर्माणी व अन्य। अनंत ज्ञान

दुर्गम क्षेत्रों की समस्याएं जानकर, विकास पर फोकस करते हैं सीएम: राजेश धर्माणी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रण लिया है कि जहां अभी तक नहीं जा पाए हैं ऐसे दूरदराज क्षेत्रों में जाएंगे। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने दुर्गम बड़ा भंगाल में रात्रि ठहराव किया है, जबकि इससे पहले वे डोडरा क्वार, चौपाल का दौरा कर चुके हैं। ऐसे क्षेत्रों का दौरा करके सीएम, फील्ड लेवल की जानकारी लेकर, उन क्षेत्रों के विकास पर फोकस करते हैं। रविवार को धर्मशाला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में राजेश धर्माणी ने कहा कि सरकार ने दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों के लिए योजना शुरू की है, जिसके तहत दुर्गम क्षेत्रों के बच्चे यदि शहरी क्षेत्रों में पढ़ना चाहते हैं तो उनके रहने का खर्च सरकार उठाएगी। जनजातिय क्षेत्र के बच्चों को छात्रवृत्ति देने की योजना है, साथ ही ऐसे बच्चों के लिए हॉस्टल सुविधा भी मुहैया करवाई जा रही है।

सुरक्षित जगह बनेंगे बारिश में बहे भवन, मुख्यमंत्री का आश्वासन : किशोरी लाल

बड़ा भंगाल से कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे बैजनाथ के विधानसभा के विधायक किशोरी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुर्गम क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने बड़ा भंगाल का दौरा कर पिछले वर्ष बरसात में हुए नुकसान का जायजा लिया है। साथ ही लोगों की समस्याएं जानकर उनके समाधान का आश्वासन दिया है। सड़क निर्माण की बात भी मुख्यमंत्री ने कही है। साथ ही बरसात में बहे भवनों का निर्माण सुरक्षित जगह किया जाएगा, इस बारे भी ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया है।

न्यूज ब्रीफ

शाहपुर के गोरड़ा से बाइक चोरी, शिकायत दर्ज

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर के गोरड़ा क्षेत्र से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित अनीकेत शर्मा पुत्र तिलक राज ने इस संबंध में पुलिस थाना शाहपुर में शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार अनीकेत शर्मा संतोषी माता मंदिर के पास एक किराए के मकान में रहते हैं और उन्होंने अपनी बाइक घर के गेट के बाहर खड़ी की थी। आशंका है कि 26 जून की रात करीब 9 बजे के बाद अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। सुबह ड्यूटी के चलते वह बाइक की ओर ध्यान नहीं दे पाए, लेकिन शाम को लौटने पर वाहन गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विधायक बिक्रम ठाकुर से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान, प्रागपुर। विधानसभा क्षेत्र जसवां-प्रागपुर की लग बलियाना पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान एवं वार्ड पंचों ने रविवार को विधायक बिक्रम ठाकुर से उनके ढलियारा स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पंचायत के समग्र विकास, जनहित से जुड़े कार्यों और स्थानीय समस्याओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने पंचायत के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। अंत में विधायक ने प्रतिनिधियों द्वारा व्यक्त किए गए स्नेह, विश्वास और सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

पहाड़ी गीत 'सजना ओ सजना' हुआ रिलीज

अनंत ज्ञान, शाहपुर। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक एवं 'तेरा मेरा लग्न' फेम राज जैरी का नया पहाड़ी गीत 'सजना ओ सजना' रिलीज हो गया है। प्रेम कहानी पर आधारित इस गीत को पहाड़ी स्टार प्रोडक्शन के बैनर तले प्रस्तुत किया गया है। वीडियो में राज जैरी अपनी पत्नी ममता जरियाल के साथ मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। गीत के बोल स्वयं राज जैरी ने लिखे हैं, जबकि संगीत अजय नेगी ने तैयार किया है। निर्देशन अमन राजपूत और छायांकन सोनू राजपूत ने किया है। हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता, लोक संस्कृति और प्रेम की भावनाओं को दर्शाता यह गीत रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर दर्शकों की सराहना बटोर रहा है। राज जैरी ने श्रोताओं से गीत को अपना प्यार और आशीर्वाद देने की अपील की है।

नशा मुक्त पंचायत बनाने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान, शाहपुर। विकास खंड रैत की ग्राम पंचायत मंझग्रा में शनिवार को नवगठित पंचायत की पहली बैठक पंचायत प्रधान सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रधान ने सातों वार्डों के नव-निर्वाचित पंचों को संविधान के अनुसार शपथ दिलाई। बैठक से पहले दिवंगत वरिष्ठ नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधान ने पंचायत को नशा एवं चिट्टा मुक्त बनाने का संकल्प दोहराते हुए सभी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। उपप्रधान विकास पठानिया ने युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। बैठक के बाद पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाकर मैदान की सफाई भी की।

धर्मशाला में आज जुटेंगे प्रदेशभर के प्राध्यापक

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में सोमवार, 29 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचजीसीटीए) का राज्य स्तरीय जनरल हाउस आयोजित किया जा रहा है। इस बैठक में प्रदेश के सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्रतिनिधि और केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भाग लेंगे। एचजीसीटीए धर्मशाला इकाई के महासचिव डॉ. आशीष रंजन ने बताया कि बैठक में प्राध्यापकों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रमुख मुद्दों में करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के लंबित मामले और विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) से जुड़े प्रशासनिक विषय शामिल हैं। साथ ही संगठनात्मक चुनावों की रूपरेखा पर भी विचार होगा। बैठक का उद्देश्य उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रदेशभर से प्रतिनिधियों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है।

पवन काजल का ऐलान: कांगड़ा से भारत टीम में जाने वाले खिलाड़ी को मिलेंगे 1 लाख रुपए

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक पवन काजल ने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र से कोई भी खिलाड़ी यदि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा तो उसे निजी तौर पर एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वे दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित मस्तोगी डू ताइक्वांडो टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों से मुलाकात के बाद बोल रहे थे। काजल ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों में करियर बनाने की अपील की। उन्होंने विभिन्न पदक विजेता खिलाड़ियों तन्वी, नव्या, मिशिका, दिव्यांशी, अथर्व, महिमा, आशिवा, शिवान, जसरीता, सुयांश, शौर्य, वैष्णवी और अदय को बधाई दी। साथ ही कोच विजय कुमार की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया जैसी योजनाएं ग्रामीण स्तर पर प्रतिभा को निखार रही हैं। इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष अशोक कुमार भी मौजूद रहे।

धर्मशाला में टाउन प्लानर संस्थान स्थापित करेगा आईटीपीआई, स्किल डेवलपमेंट पर रहेगा फोकस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर इंडिया (आईटीपीआई) धर्मशाला में कार्यालय, टाउन प्लानिंग आधारित स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट और गेस्ट हाउस स्थापित करेगा। यह जानकारी नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को आयोजित क्षेत्रीय कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि आईटीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने धर्मशाला में संस्थान स्थापित करने की इच्छा जताई है। इस कांफ्रेंस में हिमाचल और हरियाणा के टाउन प्लानर शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि नई संस्थाओं की स्थापना से धर्मशाला में विकास गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सरकार द्वारा शिमला से कई कार्यालय धर्मशाला स्थानांतरित किए जा रहे हैं और कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की प्रक्रिया भी प्रगति पर है।

जसूर में एचआरटीसी बस में सवार युवती 1.006 किलो चरस के साथ की गिरफ्तार

1.006 किलो चरस के साथ गिरफ्तार की युवती। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। नूरपुर पुलिस जिला की सीआईए टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जसूर के बौड चौक के पास एक एचआरटीसी बस से 19 वर्षीय युवती को 1 किलो 6 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज के निर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सीआईए टीम अपराध नियंत्रण, गश्त और मादक पदार्थों की जांच के दौरान नाकाबंदी कर रही थी। सूचना मिलने पर बस संख्या एचपी 38सी 9974 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पालमपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती के बैग से 1 किलो 6 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए मादक पदार्थ जब्त कर सैंपल सील किए। आरोपी के खिलाफ थाना नूरपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि पूछताछ के जरिए चरस की खेप के स्रोत और इसके सप्लाई नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।

शराब ठेके पर सेल्समैन से मारपीट कर लूटे 1.85 लाख

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां क्षेत्र के अंतर्गत पटियालकड शराब ठेके पर बीती रात हथियारबंद लूट की वारदात सामने आई है। शिकायतकर्ता अभिषेक चौधरी पुत्र विपिन कुमार निवासी गांव ठारू ने पुलिस थाना नगरोटा बगवां में शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार वह ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत है। रात करीब 10 बजे तीन व्यक्ति शराब लेने आए और पास की दुकान में बीयर पीकर चले गए। इसके बाद रात लगभग 11 बजे वे दो अन्य साथियों के साथ दोबारा लौटे और पिस्तौल दिखाकर धमकाया। एक आरोपी ने चाकू से हमला किया, जिसे पीड़ित ने बाजू से रोक दिया, जबकि दूसरे ने सिर पर बोतल मार दी। आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरा तोड़कर गल्ला लूट लिया, जिसमें करीब 1.85 लाख रुपये थे। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मस्सल पंचायत में बन रहा है हजारों युवाओं का भविष्य: आरएस बाली

अनंत ज्ञान

कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि मस्सल पंचायत आज हजारों युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बन रही है। उन्होंने बताया कि मस्सल स्थित राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में इस वर्ष कंप्यूटर साइंस विभाग शुरू होना पूरे हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब प्रदेश के छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के नए अवसर अपने ही राज्य में मिलेंगे।

'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत आरएस बाली ने मस्सल पंचायत में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जीएस बाली की दूरदर्शी सोच से स्थापित इंजीनियरिंग कॉलेज आज प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर रहा है।

लोगों की समस्याएं सुनते आरएस बाली। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पंचायत भवन में सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए 5 लाख रुपए तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल मस्सल में मंच निर्माण एवं मरम्मत के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने अधिकारियों को स्कूल के अतिरिक्त कमरों के निर्माण और सौंदर्यीकरण की योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। इससे पूर्व धलूं में बाबा गरीब शाह मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर आरएस बाली ने दंगल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया।

- 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में मौके पर निपटाईं कई जनसमस्याएं
- सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए की 5 लाख घोषणा

उन्होंने मेला मैदान के विकास के लिए 2 लाख रुपए, प्रकाश व्यवस्था के लिए 50 हजार रुपए तथा मेला समिति को अपनी व्यक्तिगत निधि से 51 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की।

पीएम की 'मन की बात' से आत्मनिर्भर भारत व जल संरक्षण का मिला प्रेरक संदेश: परमार

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। सुलह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दरंग में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 135वीं कड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ सामूहिक रूप से सुनी गई। कार्यक्रम में सुलह के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में विधायक विपिन सिंह परमार ने महान राष्ट्रवादी चिंतक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान तथा उनके आदर्शों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ड्ढ) अभियान की भी विस्तार से जानकारी देते हुए सभी से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रत्येक 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने वाला होता है। इस बार का संबोधन आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा जनभागीदारी का सशक्त संदेश लेकर आया है।

इस अवसर पर सुलह मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर कटोच, ग्राम पंचायत दरंग की प्रधान श्रीमती पम्मी, उपप्रधान नरेंद्र, बीडीसी उपाध्यक्ष भवारना सुखदेव मसंद, रिपुदमन गुलेरिया, पंचायत के वार्ड सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सीएम सुक्खू के दौरे से गदगद हुआ बड़ा भंगाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला/बैजनाथ। मुख्यमंत्री सुक्खू के बड़ा भंगाल दौरे से क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2011 के बाद पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने बड़ा भंगाल का दौरा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहला अवसर है जब किसी मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में रात्रि प्रवास किया है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं और दिए गए निर्देशों से बड़ा भंगाल के विकास को नई गति मिलेगी। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री पूरी तरह स्थानीय संस्कृति और परंपराओं में रंगे नजर आए। उन्होंने पारंपरिक वेशभूषा 'चोला-डोरा' धारण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा स्थानीय लोगों के साथ पारंपरिक लोकनृत्य में भी सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय किसानों के खेतों का दौरा कर उनकी समस्याओं को नजदीक से समझा।

उन्होंने किसानों से राजमाह की खेती, उत्पादन और विपणन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की तथा भेड़पालकों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशभर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है तथा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने ऊन का समर्थन मूल्य 100 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है, जिससे भेड़पालकों और स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बड़ा भंगाल के लोग भी सरकार की इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

एडीएम शिल्पी ने किया पोलियो अभियान का उद्घाटन, स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सक्रिय

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जोनल अस्पताल धर्मशाला में रविवार को सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का औपचारिक उद्घाटन एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. दुष्यंत कुमार (जिला टीकाकरण अधिकारी), डॉ. अनुराधा (जिला कार्यक्रम अधिकारी), डॉ. सुनील भट्ट (एसएमओ, जोनल अस्पताल धर्मशाला), अर्चना गुरुंग (स्वास्थ्य शिक्षिका), अंकिता (सीएचओ), रुचि (एफएचडब्ल्यू) और आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। आईपीपीआई अभियान का मुख्य लक्ष्य जिले की 16.3 लाख की आबादी में से 0 से 5 वर्ष की आयु के 1,01,366 बच्चों को जीवन रक्षक पोलियो की खुराक (ड्रॉप्स) पिलाना है।

इस अभियान की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, स्वास्थ्य विभाग ने 1,069 समर्पित बूथ स्थापित किए हैं जो सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक कार्य करेंगे। इसके साथ ही, सफर कर रहे परिवारों के लिए 21 विशेष ट्रांजिट साइटें बनाई गई हैं और 190 उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिए विशेष मोबाइल स्वास्थ्य टीमें तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त, यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी बच्चा इस दवा से वंचित न रहे, 29 और 30 जून को एक विशाल मॉप-अप (घर-घर जाकर टीकाकरण) अभियान चलाया जाएगा।

इसके तहत समर्पित स्वास्थ्य कार्यकर्ता 3,58,781 घरों का दौरा करेंगे और बूथ वाले दिन छूट गए सभी बच्चों को वैक्सीन देंगे। सार्वजनिक स्वास्थ्य के इस विशाल प्रयास को ज़मीनी स्तर पर 2,138 स्वास्थ्य टीमों, 212 पर्यवेक्षकों (सुपरवाइज़रों) और 4,276 वैक्सीनेटरों की एक बड़ी टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है।

प्रागपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पीएचसी अपग्रेड का वादा फाइलों में

अनंत ज्ञान

प्रवेश शर्मा, प्रागपुर। प्रागपुर में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बहुत बुरा है। 19 जनवरी, 2024 को मुख्यमंत्री सुक्खू ने परागपुर के नक्की में नया 'प्राइमरी मॉडर्न हेल्थ सेंटर' बनाने का वादा किया था। लोगों को उम्मीद थी कि अब इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, लेकिन आज डेढ़ साल बाद भी वह घोषणा सिर्फ फाइलों में दबी पड़ी है।असल में, यह अस्पताल 1950 के दशक में पंजाब सरकार ने बनाया था।तब यह एक पूरा सिविल अस्पताल था। लेकिन हिमाचल में मिलने के बाद, तरक्की होने के बजाय इसका बुरा हाल हो गया।जो अस्पताल कभी सिविल अस्पताल हुआ करता था, आज वह जर्जर हो चुका है और पीएचसी बनकर रह गया है।हैरत की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के पास जमीन भी मौजूद है इस समय 9 कनाल 3 मरले विभाग के नाम है और 5 कनाल पर बरसों से कब्जा है।फिर भी, न जमीन की तकसीम हो पा रही है और न ही नया भवन बन रहा है। स्वास्थ्य निदेशालय की लापरवाही का आलम यह है कि उन्हें मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी कोई खबर नहीं है।विभाग के अधिकारी बहाना बना रहे हैं कि उनके पास ऊपर से कोई दिशा-निर्देश ही नहीं आए हैं।क्या मुख्यमंत्री की घोषणा को पूरा करना किसी फाइली कार्रवाई का मोहताज है? जनता अपनी जान जोखिम में डालकर उस जर्जर इमारत में इलाज कराने को मजबूर है, जबकि विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।

> 'प्रागपुर पीएचसी को नया भवन बनाने के लिए अभी तक स्वास्थ्य निदेशालय से किसी प्रकार के दिशा निर्देश नही आये है।'
>
> **- सतीश कुमार**
> **बीएमओ, डाडासीबा।**

स्थानीय लोग विजय, सुभाष, नीरज, राजेश, सुरजीत, विनय, कृष्ण गोपाल, नवीन, वनीत, कमल और अन्य निवासियों ने मुख्यमंत्री से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है।लोगों का कहना है कि अगर स्वास्थ्य विभाग काम नहीं करना चाहता, तो उन्हें जवाब देना चाहिए कि जनता की जान के साथ यह खिलवाड़ क्यों हो रहा है।

बड़ा भंगाल के लिए राहत की कवायद तेज, राशन ट्रांजिट पर हेली ड्रॉपिंग की तैयारी भी संभव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। दुर्गम बैजनाथ उपमंडल के बड़ा भंगाल क्षेत्र में आवश्यक राशन आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि इस समय बड़ा भंगाल के लिए भेजा गया राशन ट्रांजिट में है और थमसर जोत से आवाजाही भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र तक राशन समय पर पहुंचाया जाएगा तथा यदि परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं तो हेली ड्रॉपिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। डीसी ने जानकारी दी कि वर्तमान में लगभग 150 लोग बड़ा भंगाल में मौजूद हैं, जो अपने खेतों और पशुओं की देखभाल कर रहे हैं। सर्दियों के दौरान अधिकांश ग्रामीण बीड़ की ओर चले जाते हैं, जबकि जो लोग वहां रहते हैं, उनके लिए नियमित रूप से राशन भेजा जाता है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को समझा। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, टेलीफोन और कृषि उपज के परिवहन की लागत जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाईं। पिछली भारी बारिश और रावी नदी की बाढ़ से क्षेत्र को काफी नुकसान हुआ था और अभी भी खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है तथा पुनर्वास और आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया है।

कोई भी रूट बंद नहीं, यात्रियों की मांग के अनुसार चल रही अतिरिक्त बसें: अजय वर्मा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने स्पष्ट किया कि निगम का कोई भी रूट बंद नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन रूटों पर यात्रियों की संख्या कम होती है, वहां परिचालन को बेहतर बनाने के लिए बसों को क्लब किया जाता है, लेकिन किसी भी रूट को बंद नहीं किया गया है। रविवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में अजय वर्मा ने कहा कि वर्तमान में पर्यटन सीजन के चलते धर्मशाला-चंडीगढ़, धर्मशाला-दिल्ली और बीड़-दिल्ली सहित सभी प्रमुख लंबी दूरी के रूटों पर बसों की ऑक्यूपेंसी लगभग पूरी है। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए निगम जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बसें भी संचालित कर रहा है।

वहीं, यदि किसी स्थान पर अचानक अधिक संख्या में यात्री एकत्र हो जाते हैं तो उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष बसों की व्यवस्था भी की जाती है। नई इलेक्ट्रिक

अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के लिए हमीरपुर के चार पहलवान चयनित

कुश्ती चैंपियनशिप के चयनित पहलवान सम्मानित किए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के लिए आयोजित हिमाचल प्रदेश राज्य चयन ट्रायल में साई एनसीओई हमीरपुर के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप 10 से 12 जुलाई 2026 तक रोहतक (हरियाणा) में आयोजित होगी। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी इस प्रकार हैं रजत कुमार 125 किलोग्राम फ्री स्टाइल, स्निग्धा राज ठाकुर - 50 किलोग्राम महिला वर्ग, अनीता कुमारी 55 किलोग्राम महिला वर्ग तथा नैंसी ठाकुर 76 किलोग्राम महिला वर्ग का चयन हुआ है। इस शानदार उपलब्धि पर ओलंपियन एवं सेंटर इंचार्ज दिव्या शर्मा, कोच जॉनी चैधरी, कोच रिंकू शर्मा तथा कोच हरप्रीत सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। सभी खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि वे रोहतक में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश एवं साई एनसीओई हमीरपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

दांदड़ू बाजार की मुख्य सड़क बनी तालाब, जलभराव से लोग परेशान

जल निकासी व्यवस्था फेल होने से स्थानीय लोगों का फूटा गुस्सा

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के दांदड़ू बाजार में मुख्य सड़क पर जलभराव होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जमा पानी के कारण यह तालाब जैसी दिखाई दे रही है, जिससे पैदल राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को रोज़ाना दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

क्षेत्र वासियों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश के बाद ही सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे आवाजाही प्रभावित होती है और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था करने तथा सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

हल्की बारिश में ही जलमग्न हुई दांदड़ू सड़क, यातायात और कारोबार रहा प्रभावित। अनंत ज्ञान

क्षेत्र वासियों का कहना है कि इस समस्या वाले त्योहार विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का आज दिन तक कोई हल नहीं किया है थोड़ी सी बारिश होने पर वाहन चालक और राहगीर परेशान होते हैं। लेकिन विभाग कुंभकरणी नींद सोया रहता है। और हर वक्त किसी हादसे के इंतजार में रहता है। इस सड़क समस्या को अगर ठीक नहीं किया गया तो मजबूरन ग्रामीण विरोध करेंगे जिसका जिम्मेदारी सरकार और विभाग की होगी।

सुजानपुर-चंडीगढ़ बस सेवा बंद होने से लोगों में भारी रोष

अनंत ज्ञान

◆ नादौन के सेरा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रहा था लाभ

नादौन। एचआरटीसी की सुजानपुर-चंडीगढ़ बस सेवा बंद होने से लोगों में गहरा रोष है। ऊना डिपो की यह बस सेवा करीब आठ साल से चल रही थी। जिसे पिछले सप्ताह ही बंद किया है। निगम का दावा है कि इस रूट से घाटा हो रहा था, लोगों का कहना है कि फिर आठ साल से कैसे चलती रही यह बस सेवा ।यह बस सेवा हमीरपुर और ऊना जिले के उन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एकमात्र विकल्प था, जहां बसों की संख्या बिल्कुल नाममात्र है।

सुजानपुर से चंडीगढ़ चलने वाली यह बस मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र सेरा, किटपल, भीयांबी, बंगाणा और ऊना होते हुए चंडीगढ़ जाती थी। सुबह सुजानपुर से 5बजे चलने वाली यह बस नादौन से सुबह 5.50 बजे निकलती थी। यह बस चंडीगढ़ और उसके आसपास के इलाकों में नौकरीपेशा लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होती थी, लेकिन इसके बंद होने से लोगों को असुविधा हो रही है। इसी तरह इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ जाने वालों के भी एकमात्र सहारा थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इसे बंद कर दिया है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के क्षेत्र में ही अगर इस तरह लोगों से सुविधाएं छीनी जा रही हैं तो अन्य जगह स्थिति का अंदाजा आप स्वयं लगा सकते हैं। यह बस सेवा पूर्व सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई थी,लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के तहत इसे बंद कर दिया है।

इस संबंध में ऊना के आरएम राजेश से बात की तो उन्होंने एक तर्क यह दिया कि कुछ क्षेत्रों में बसों की दिक्कत चल रही थी। इस वजह से बंद किया गया। दूसरा कारण उन्होंने इसकी कमाई कम होना बताया व सबसे बड़ा कारण बताया कि एचआरटीसी की बीओडी ने इसे 2025 में ही बंद कर दिया था, इस कारण इसे अभी पिछले सप्ताह बंद किया है। जब उनसे यह पूछा गया कि बीओडी के फैसले के बाद भी यह बस कैसे चलती रही तो कोई सकारात्मक उत्तर नहीं दे पाए।

न्यूज ब्रीफ

ओलंपिक मूल्य स्वस्थ जीवन शैली, उत्कृष्टता मित्रता और सम्मान पर आधारित : नरेन्द्र अत्री

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेन्द्र अत्री ने कहा कि ओलंपिक मूल्य स्वस्थ जीवन शैली, उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान पर आधारित हैं। वे जिला ओलंपिक संघ हमीरपुर द्वारा 30 जून को प्रस्तावित जागरूकता दौड़ की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य ओलंपिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है, जो प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर की प्रेरणा से आयोजित की जा रही है। अत्री ने बताया कि दौड़ अणु सिंथेटिक ट्रैक से शुरू होकर हीरानगर चिल्ड्रन पार्क तक आयोजित होगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अनुराग ठाकुर सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे। बैठक में जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

सुकराला में भाजपा पदाधिकारियों ने किया किसान प्रकाश चंद के खेतों का भ्रमण

अनंत ज्ञान, गलोड़। गलोड़ मंडल प्रवास के दौरान रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में विभिन्न संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रवास का प्रमुख आकर्षण सुकराला गांव में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला रही, जहां पदाधिकारियों ने प्रगतिशील किसान प्रकाश चंद के खेतों का भ्रमण कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती के सफल प्रयोगों का अवलोकन किया। किसान ने कम लागत, बेहतर उत्पादन और रासायनिक मुक्त खेती की जानकारी साझा की। इस अवसर पर पौधरोपण, 'मन की बात' कार्यक्रम श्रवण, संगठनात्मक बैठक और स्वच्छता अभियान भी आयोजित हुए। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्राकृतिक खेती, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और किसान सशक्तिकरण पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल हैं और ऐसे प्रयास अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कोट में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएसएसएस) कोट में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। प्रातःकालीन सभा में नशा विरोधी अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से शपथ ली। कार्यक्रम में रक्षा सेवा से जुड़े आयुष नारायण ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी, जबकि नोडल अधिकारी सपना शर्मा ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगान लेखन, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। साथ ही योग दिवस मनाकर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों और एसएमसी सदस्यों ने जागरूकता रैली निकालकर नशा मुक्त समाज का संदेश दिया।

सर्किट हाउस हमीरपुर में स्थापित पल्स पोलियो बूथ में अधिकारियों-कर्मचारियों व बच्चों के अभिभावकों के साथ सीएमओ डॉ अजय अत्री।

जाहू में 57 लाख के चोरी के आरोपी को 3 जुलाई तक मिला पुलिस रिमांड

अनंत ज्ञान

◆ भोरंज पुलिस ने मुख्य आरोपी को रोपड़ में दबोचा

जाहू। भोरंज थाना की जाहू पंचायत के प्रतिष्ठित दुकानदार जगदीश चड्डा के घर पर करीब 57 लाख रूपए की चोरी के मामले में भोरंज पुलिस ने मुख्य आरोपी पंजाब के रोपड़ में गिरफ्तार कर लिया है और शनिवार को आरोपी को कोर्ट ने सात दिन यानि 3 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इससे चोरी में घटना में शामिल तीन से चार और लोगों की संलिप्तता को खुलासा होगा।

उल्लेखीय है कि 10 जून की रात को घर की खिड़की की लोहे की ग्रिल को तोड़ की आरोपियों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया दिया था। आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बलबीर सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार पुलिस थाना भोरंज की एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व निरीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। जिसमें उप निरीक्षक अजैब सिंह, उप निरीक्षक अजय, सहायक उप निरीक्षक अनिल चंदेल, कांस्टेबल अतुल तथा कांस्टेबल पंकज कुमार की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं गुप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपियों की लगातार तलाश की है और विश्वसनीय सूचना के आधार पर फरार आरोपियों में से एक आरोपी अभिषेक को पंजाब के जिला (रूपनगर) रोपड़ के घनौली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है और आरोपी के कब्जे से चोरी की वारदात में प्रयुक्त महिंद्रा वाहन भी बरामद कर कब्जे में लिया। आरोपी वर्ष 2020 से रोपड़ में रह रहा था और वहीं उसने शादी भी कर ली है, लेकिन आरोपी वास्तविक रूप में मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल के बैहंजी गांव का रहने वाला है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपी अभिषेक चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी ने चोरी की रकम से करीब एक लाख खर्च कर दिया है। उसने 20 हजार का चांदी का कडा भी खरीदा है। पुलिस जल्द ही अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

हमीरपुर में वेल्डर और फिटर के साक्षात्कार 4 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जीएमपी टेक्निकल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में वेल्डर ट्रेड के 20 और फिटर ट्रेड के 10 पदों को भरने के लिए 4 जुलाई को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे।

जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए वैल्डर या फिटर ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक 18 से 35 वर्ष तक के युवा पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 15,059 रुपये मासिक वेतन के अतिरिक्त 1200 रुपये उपस्थिति प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

समताना स्कूल में 50 मेधावी छात्रों को मिली साइकिलें, समाजसेवी अरुण सरीन की पहल

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समताना में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान समाजसेवी अरुण सरीन ने विद्यालय के 50 मेधावी विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी शैक्षणिक यात्रा को और अधिक सुगम बनाना है।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। बच्चों ने मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। उनकी शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण सरीन ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रोत्साहन मिलना अत्यंत आवश्यक है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं।

समताना स्कूल में 50 मेधावी छात्रों को साइकिलें मिली। अनंत ज्ञान

समारोह में कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया विशेष अतिथि रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा शिखा सरीन , कांग्रेस पवन कालिया, समताना पंचायत के प्रधान एवं उपप्रधान, अशोक समताना, हरि राम, कैप्टन ज्ञान सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक, शिक्षक एवं स्थानीय ग्रामीण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

अंत में विद्यालय परिवार ने समाजसेवी अरुण सरीन का इस प्रेरणादायी एवं जनहितकारी पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में समाज की सकारात्मक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

विधायक कैप्टन रणजीत सिंह की पहल, पूर्व सैनिकों को एक मंच पर लाने की तैयारी

सुजानपुर में मनाया जाएगा 15 डोगरा रेजिमेंट डे

सुजानपुर के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित हुई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। सुजानपुर के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में रविवार को 15 डोगरा से सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने की, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई को मनाया जाने वाला 15 डोगरा रेजिमेंट डे इस वर्ष सुजानपुर में आयोजित किया जाएगा। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह स्वयं भारतीय सेना की 15 डोगरा रेजिमेंट से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक समारोह नहीं, बल्कि देश सेवा, अनुशासन, वीरता और सैनिक परंपराओं को सम्मान देने का अवसर है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 15 डोगरा रेजिमेंट से जुड़े पूर्व सैनिक और उनके परिवार शामिल होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सैनिकों के अनुभवों का सम्मान किया जाएगा तथा नई पीढ़ी को सेना की गौरवशाली परंपराओं से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा।

विधायक ने 15 डोगरा रेजिमेंट से जुड़े सभी पूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार सहित इस आयोजन में भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन सुजानपुर के लिए गौरव का विषय बनेगा और पूर्व सैनिकों के बीच आपसी भाईचारे एवं एकता को और मजबूत करेगा।

नादौन में घायल गोवंश के इलाज को लेकर रिपब्लिक ट्रस्ट ने उपायुक्त से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। जिला के उपमंडल नादौन व आसपास के क्षेत्र में सड़कों और बाजारों में बड़ी संख्या में घूम रहे घायल एवं बीमार गोवंश के उपचार को लेकर रिपब्लिक ट्रस्ट ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ट्रस्ट ने इस संबंध में उपायुक्त हमीरपुर को ज्ञापन सौंपकर गंभीर रूप से घायल गायों और बैलों का शीघ्र उपचार सुनिश्चित करने की अपील की है।

ट्रस्ट ने अपने आवेदन में बताया कि नादौन के राष्ट्रीय राजमार्गों, बाजारों और आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में बेसहारा गाय, बैल और अन्य गोवंश घूम रहा हैं। इनमें से लगभग 7 से 8 गोवंश गंभीर रूप से घायल एवं बीमार हैं, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता चाहिए। ट्रस्ट के सदस्यों ने इस संबंध में पशु चिकित्सालय नादौन का दौरा कर पशु चिकित्सक डॉ. संदीप पाटिल से भी मुलाकात की। डॉ. पाटिल ने बताया कि घायल और आक्रामक पशुओं को सुरक्षित तरीके से पकड़ने एवं उपचार करने के लिए आवश्यक ट्रैंक्विलाइजर, डार्ट गन सहित जरूरी उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। इसके अभाव में ऐसे पशुओं का उपचार करना संभव नहीं हो पा रहा है। ट्रस्ट ने बताया कि इस संबंध में पहले एसडीएम कार्यालय नादौन को भी आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

ज्ञापन में ट्रस्ट ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि आवश्यक उपकरणों की जल्द व्यवस्था कर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए जाएं, ताकि घायल और बीमार गोवंश का आपातकालीन उपचार किया जा सके तथा सड़क दुर्घटनाओं और पशुओं की पीड़ा को कम किया जा सके। इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी मनोहर लाल गांधी, रघुबीर सिंह व रविंद्र कुमार स्वयंसेवी मौजूद रहे। रिपब्लिक ट्रस्ट ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मानवीय और पशु कल्याण से जुड़े विषय पर शीघ्र कार्रवाई करेगा।

भारतीय अंडर-20 कुश्ती टीम के कोच बने हमीरपुर के जॉनी चौधरी

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। साई एनसीओई हमीरपुर के कुश्ती कोच जॉनी चौधरी का चयन भारतीय अंडर-20 पुरुष फ्री स्टाइल कुश्ती टीम के कोच के रूप में हुआ है। वह 30 जून से 5 जुलाई तक थाईलैंड में आयोजित होने वाली अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जॉनी चैधरी परशुराम पुरस्कार से सम्मानित हैं, जो हिमाचल प्रदेश का सर्वोच्च खेल सम्मान है। वह एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच भी हैं।

भारतीय टीम के कोच के रूप में उनका चयन साई एनसीओई हमीरपुर तथा हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर ओलंपियन एवं साई एनसीओई हमीरपुर की सेंटर इंचार्ज दिव्या तिवारी शर्मा ने जॉनी चौधरी को भारतीय अंडर-20 टीम का कोच नियुक्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह साई एनसीओई हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जॉनी चौधरी के मार्गदर्शन में भारतीय अंडर-20 टीम एशियन चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अधिक से अधिक पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करेगी।

जॉनी चौधरी ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लयूएफआई), भारतीय खेल प्राधिकरण साई एनसीओई तथा हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर का उन पर विश्वास व्यक्त करने, सहयोग प्रदान करने और भारतीय टीम के कोच के रूप में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम का कोच बनना उनके लिए गर्व, सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी है। वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे तथा भारतीय टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

रोष बिझड़ी विकास खंड समिति का गठन अधर में, निर्वाचित सदस्यों ने जताया विरोध

अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव में देरी पर बिफरे सदस्य

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। विकास खंड समिति बिझड़ी के नवनिर्वाचित सदस्यों ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में हो रही लगातार देरी के विरोध में तहसीलदार बड़सर के माध्यम से शनिवार को प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा था। सरकार पर जनता के जनादेश की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

सदस्यों ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव संपन्न हुए लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन आज तक विकास खंड समिति बिझड़ी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया गया, जिससे पूरी समिति का गठन अधूरा पड़ा हुआ है। ज्ञापन में कहा गया कि जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर विकास की जिम्मेदारी सौंपी है, लेकिन सरकार की उदासीनता और चुनाव में हो रही अनावश्यक देरी के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि अपने अधिकारों और दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

निर्वाचित सदस्य तहसीलदार बड़सर को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

निर्वाचित सदस्यों ने कहा कि सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के जनादेश के विपरीत है। यदि चुनाव समय पर संपन्न हो चुके हैं, तो अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन भी बिना किसी देरी के कराया जाना चाहिए था। चुनाव प्रक्रिया को अनिश्चितकाल तक लंबित रखना न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करता है, बल्कि स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता है। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग की गई कि लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान की भावना का सम्मान करते हुए विकास खंड समिति बिझड़ी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि तत्काल घोषित की जाए तथा निर्वाचन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर समिति को पूर्ण रूप से कार्य करने का अवसर दिया जाए। निर्वाचित सदस्यों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र चुनाव नहीं करवाए, तो वे लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में रहकर चरणबद्ध जनआंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के अधिकारों और जनादेश का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और प्रशासन की होगी। अंत में सदस्यों ने कहा कि यह किसी दल या व्यक्ति का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गरिमा, जनता के अधिकारों और स्थानीय स्वशासन की मजबूती का विषय है।

सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर जनता के स्पष्ट जनादेश का सम्मान करना चाहिए और विकास खंड समिति बिझड़ी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव तत्काल करवाना चाहिए, इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बड़सर संजीव शर्मा भाजपा नेता अश्विनी कुमार भी उपस्थित रहे।

कन्या की शादी के लिए एक धाम का राशन और 11 हजार का दिया शगुन

अनंत ज्ञान

नादौन। समाजसेवी संस्था हिन्द संग्राम परिषद की इकाई नादौन की बैठक प्रदेश प्रभारी मोहन सिंह की अध्यक्षता में शिव मन्दिर नौहगी में सम्पन्न हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष के एस धीमान विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस बैठक में संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। संस्था में आए प्रार्थना पत्रों को बैठक में चर्चा के लिए रखा गया। संस्था में आए 25, प्रार्थना पत्रों में से 8 प्रार्थना पत्रों को मंजूरी दी गई वाकी प्रार्थना पत्रों को अपात्र घोषित किया गया। इस मौके पर छोटूराम ग्राम पंचायत नौहंगी, ग्राम कुठियाना, डाकखाना दंगडी की बेटी की शादी में एक धाम का राशन व तीन सूट मौके पर दिये गए।

इस मौके पर नीलम कुमारी की बेटी की शादी में 11.000, रुपए शगुन के रूप में दिए गए। इस मौके पर इकाईयों के गठन के बारे में भी बैठक में चर्चा की गई। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष का पद काफी दिनों से खाली पड़ा हुआ है। जुलाई महीने में प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा ताकि संस्था की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। पंडित वासुदेव शर्मा ने कहा कि जो कुछ इकाइयां अपनी मनमानी कर रही है इन इकाइयों को भंग कर के नये सिरे से इकाईयों को गठित किया जाएगा। पंडित वासुदेव शर्मा ने सभी पदाधिकारियों व समाजसेवियों से आग्रह किया है कि संस्था में तन, मन, धन से कार्य कर के इस पुनीत कार्य में अपना आशीर्वाद देते हुए दिन दुखियों की सेवा में में लगाएं।

न्यूज ब्रीफ

निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता पर दिया जोर

अनंत ज्ञान, जय देवी। शिव मंदिर महादेव परिसर में रविवार को प्रेस क्लब महादेव के प्रधान भीम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सदस्यों ने सामाजिक सरोकारों एवं जनहित के मुद्दों को पूरी निष्पक्षता, निर्भीकता और जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने समाचार माध्यमों में प्रमुखता से उठाने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई तथा हेमराज, अजय कुमार और मनोज सोनी को सर्वसम्मति से प्रेस क्लब महादेव का नया सदस्य बनाया गया। सभी सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने की उम्मीद जताई। प्रेस क्लब के मुख्य सलाहकार कृष्ण चंद ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है। उन्होंने सभी पत्रकारों से बिना किसी दबाव या पक्षपात के सत्य, निष्पक्ष और जनहित से जुड़े समाचारों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक और जनसमस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर भीम सिंह, कृष्ण चंद, महेंद्र सिंह राणा, पीतांबर शर्मा, मनोज सोनी, अजय कुमार, हेमराज, राजेंद्र कुमार तथा विजय कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

एसडीएम ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, करसोग। सिविल अस्पताल करसोग में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने किया। उन्होंने सिविल अस्पताल करसोग परिसर में 9 माह के वैभव को पोलियों की खुराक पिला कर इस अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि करसोग खंड में 0-5 वर्ष तक के आयु वर्ग के 5592 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए उपमंडल में बनाए गए सभी 6 कोल्ड चेन पॉइंट्स से सुबह 6 बजे ही सभी बूथों पर वैक्सीन पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियों की खुराक से वंचित ना रहे इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावी योजना तैयार की गई है। बीएमओ करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि प्रभावी योजना बना कर सुबह 6 बजे ही कोल्ड चेन पॉइंट्स से सभी बूथों पर वैक्सीन पहुंचाई गई। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर बिना किसी शिकायत या बाधा के सुचारू रूप से इस अभियान को संचालित किया गया। सिविल अस्पताल करसोग परिसर में आयोजित शुभारंभ समारोह में खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ गोपाल चौहान ने एसडीएम का स्वागत किया। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ द्वारा बनाई गई अभियान से संबंधित रंगोली भी विशेष आकर्षण रही।

भारतीय मजदूर संघ की कार्य समिति ने की बैठक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा के मंडी प्रवास के दौरान जिला मंडी कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएमएस से जुड़े विभिन्न संगठनों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष रखा। मदन राणा ने कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। बैठक में आगामी अधिवेशन की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को अधिवेशन को सफल बनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर संगठन की गतिविधियों, सदस्यता विस्तार तथा श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठनात्मक एकता और सक्रियता बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

बरोट को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटी पंचायत

अनंत ज्ञान, बरोट। पर्यटन की दृष्टि से तेजी से विकसित हो रहे बरोट क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पंचायत ने संयुक्त अभियान शुरू किया है। गत सप्ताह एसडीएम पद्धर सुरजीत सिंह ठाकुर ने बरोट पंचायत परिसर में वर्तमान एवं पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवक मंडलों तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम ने कहा कि पर्यटन स्थल बरोट की स्वच्छता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों, व्यापारियों और पर्यटकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा न फैलाएं। उन्होंने बरोट, लंबाडग, स्कूल मार्केट और लक्कड़ बाजार क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश जारी किए। इसके बाद नवनिर्वाचित पंचायत प्रधान हीना देवी के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्हें दुकानों के बाहर कूड़ा न फैलाने और ग्राहकों को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा गया। पंचायत ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। पंचायत ने लोगों से गीले कचरे को निर्धारित गड्ढों में डालने तथा प्लास्टिक बोतलों और अन्य प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर पंचायत कार्यालय में जमा कराने का आग्रह किया।

श्री चामुंडा हाटेश्वरी में 1 को शुरू होगा मेला

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत भनबाड़ के दोडाधार स्थित प्रसिद्ध श्री आदिशक्ति माता श्री चामुंडा हाटेश्वरी मंदिर में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के प्रधान शेर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जुलाई को मंदिर परिसर में विशाल जागरण एवं जाग का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि जागरण में गायक ईशांत भारद्वाज, विक्की ठाकुर तथा शालू धीमान मां चामुंडा हाटेश्वरी का गुणगान करेंगे। वहीं 2 जुलाई को माता का भव्य मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के कई देवी-देवता शिरकत कर मेले की शोभा बढ़ाएंगे। शेर सिंह ने बताया कि 2 जुलाई को मंदिर समिति की ओर से दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से जागरण, मेले और भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया।

संधोल अस्पताल की बदहाली पर फूटा जनाक्रोश

लोगों ने बस स्टैंड संधोल से हॉस्पिटल के नए भवन तक निकाली रैली, क्रमिक अनशन शुरू

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। नागरिक अस्पताल संधोल की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर रविवार को क्षेत्र में एक बड़े जनआंदोलन का आगाज हो गया। क्षेत्र के युवाओं के नेतृत्व में शुरू हुए इस आंदोलन में दर्जनभर पंचायतों से हजारों लोगों ने भाग लिया और सरकार व स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन की शुरुआत बस अड्डा संधोल से हुई, जहां से युवाओं और स्थानीय लोगों ने अस्पताल के नए भवन तक विशाल रैली निकाली।

रैली के दौरान लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों व आवश्यक सुविधाओं की मांग उठाई। रैली के उपरांत बस अड्डा परिसर में अविनाश भनवाल, मनीष कुमार, साजन कौंडल, अविनाश तथा राकेश जामवाल धरने पर बैठ गए। इस दौरान राकेश जामवाल ने आज से क्रमिक अनशन शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन को उस समय और मजबूती मिली जब क्षेत्र की नारी शक्ति भी युवाओं के समर्थन में मैदान में उतर आई। नारी शक्ति की अध्यक्ष पूनम ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2023 में महिलाओं ने कड़ाके की ठंड में क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लंबा आंदोलन किया था। उस समय सरकार ने 90 दिनों के भीतर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर आंदोलन स्थगित करवाया था, लेकिन आज 931 दिन बीत जाने के बावजूद सरकार अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और क्षेत्र के विधायक ने नारी शक्ति के साथ विश्वासघात किया है। पूनम ठाकुर ने कहा कि जब तक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल नहीं होतीं, तब तक नारी शक्ति युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करती रहेगी।

अस्पताल में महिलाओं की डिलीवरी, अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं नहीं: जम्वाल

राकेश जम्वाल ने कहा कि संधोल अस्पताल में महिलाओं की डिलीवरी, अल्ट्रासाउंड, बच्चों के इलाज तथा बुजुर्गों के उपचार जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। मामूली से गंभीर मामलों में मरीजों को हमीरपुर और टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में हार्ट अटैक और सर्पदंश जैसे आपातकालीन मामलों के लिए आवश्यक इंजेक्शन तक उपलब्ध नहीं हैं, जो लोगों के जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक उनके शरीर में खून का एक भी कतरा बाकी है, तब तक वे पीछे नहीं हटेंगे और अपनी मांगों को मनवाकर ही दम लेंगे। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में अस्पताल में दो एमडी चिकित्सकों की नियुक्ति, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट सहित अन्य आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों को तत्काल भरना तथा अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना शामिल है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

'हिमाचल ऑन सेल' की नीति पर चल रही सुक्खू सरकार : राकेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। भाजपा विधायक एवं मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने शिमला के समीप स्थित विश्व प्रसिद्ध वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल को 30 वर्षों की लीज पर देने के प्रदेश सरकार के निर्णय पर गंभीर सवाल उठाया है। उन्होंने सुक्खू सरकार से पूछा कि आखिर ऐसी कौन-सी मजबूरी है कि वर्षों तक कानूनी लड़ाई लड़कर इस प्रतिष्ठित संपत्ति पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने के बाद अब इसे निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्पष्ट करे कि आखिर किस विशेष व्यक्ति या किस चहेते को लाभ पहुंचाने के लिए यह निर्णय लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब अब इस संपत्ति पर सरकार का पूर्ण नियंत्रण है तो इसे स्वयं संचालित करने के बजाय निजी कंपनी को सौंपने की आवश्यकता क्यों पड़ गई? यदि 30 वर्षों जैसी लंबी अवधि के लिए यह होटल लीज पर चला गया तो भविष्य में किसी भी सरकार को इसे वापस लेने के लिए फिर लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। क्या सरकार ने इस पहलू पर विचार किया है? राकेश जम्वाल ने कहा कि यदि सरकार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक होटलों का संचालन भी नहीं कर सकती तो फिर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम का अस्तित्व ही खतरे में है।

मंडप जंगल में लगी भीषण आग

ग्रामीणों और वन मित्रों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

अनंत ज्ञान

मंडप। मंडप के जंगल में शनिवार रात करीब 8 बजे अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग तेजी से जंगल के विभिन्न हिस्सों में फैलने लगी, जिससे आसपास के ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई। सूचना मिलते ही वन मित्र बलदेव कुमार और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने करीब पांच घंटे तक लगातार संघर्ष किया। देर रात लगभग 1 बजे आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया।

इस अभियान में शुभम शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, रसिल कुमार और राजेश कुमार सहित कई ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई, जिनमें शशि शर्मा, श्रद्धा शर्मा और भावना शर्मा समेत अन्य महिलाओं का योगदान सराहनीय रहा। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यह आग आसपास के सुंदल और चौकी गांवों की ओर बढ़ सकती थी, जिससे बड़े पैमाने पर वन संपदा और जनसंपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका थी। स्थानीय लोगों ने सामूहिक प्रयासों से आग बुझाने में सहयोग देने वाले सभी ग्रामीणों और वन मित्रों की सराहना की। समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया और क्षेत्र में राहत की सांस ली गई।

धर्मपुर पंचायत समिति पर भाजपा का कब्जा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। मंडी जिला में कांग्रेस के एकमात्र विधायक के गृह क्षेत्र धर्मपुर में भाजपा ने बड़ी राजनीतिक बढ़त हासिल करते हुए पंचायत समिति धर्मपुर पर कब्जा जमा लिया है। 20 सदस्यीय पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कर कांग्रेस को झटका दिया। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार मंजू देवी और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार काजल के बीच मुकाबला हुआ। मतदान में मंजू देवी को 12 तथा काजल को 8 मत मिले, जिसके बाद मंजू देवी को विजयी घोषित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित गौरव और कांग्रेस समर्थित हंसराज आमने-सामने थे। गौरव को 12 तथा हंसराज को 8 मत प्राप्त हुए और उन्हें उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। धाड़ता क्षेत्र की मंजू देवी पंचायत समिति की नई अध्यक्ष बनी हैं, जबकि संधोल क्षेत्र के गौरव उपाध्यक्ष चुने गए हैं।

भूपेंद्र सिंह ने निर्माणाधीन मंडी वाया सरकाघाट धर्मपुर एनएच की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

कहा- पांच साल बाद भी निर्माण अधूरा, बरसात में भारी नुकसान की आशंका

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। हिमाचल किसान सभा के संयोजक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने हमीरपुर-मंडी वाया सरकाघाट-धर्मपुर निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग केवल नाम का एनएच रह गया है, जबकि इसकी स्थिति कई स्थानों पर लिंक रोड से भी बदतर है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों से निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है और जो कार्य हुआ है उसकी गुणवत्ता भी बेहद खराब है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कंपनी द्वारा की गई टारिंग बरसात शुरू होने से पहले ही उखड़ने लगी है तथा जगह-जगह गड्ढे पड़ गए हैं। सड़क की सतह असमतल और उबड़-खाबड़ है।

◆ समीक्षा बैठकों से नहीं सुधर रही स्थिति, कई कार्य अधूरे

उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक लगातार समीक्षा बैठकें करते हैं, लेकिन धरातल पर कोई सुधार दिखाई नहीं देता। उनके अनुसार बरसात सिर पर है, फिर भी अधिकांश स्थानों पर नालियों, कलवर्टों और सुरक्षा दीवारों का निर्माण अधूरा पड़ा है, जिससे लोगों के घरों, खेतों और सार्वजनिक संपत्तियों को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने चोलथरा, जमसाई, आल्याण, पाड़छु और लौंगनी-बनाल-बरोटी-कुम्हरड्डा क्षेत्र में अधूरे कार्यों, अवैध डंपिंग और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 19 जून को एसडीएम धर्मपुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में 30 जून तक कई कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते आवश्यक कार्य पूरे नहीं किए गए तो बरसात के दौरान क्षेत्र में भारी परेशानी और नुकसान हो सकता है।

सड़क पर ठहरा गंदा पानी पल्स पोलियो मुहिम में बना बाधा

अनंत ज्ञान, महादेव। ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल महादेव में प्राचीन शिव मंदिर और सहकारी डिपो के पास लोक निर्माण विभाग की क्षतिग्रस्त सड़क पर बने गहरे गड्ढों में नालियों व बारिश का गंदा पानी जमा होने से प्रदूषण और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। इसी क्षेत्र में पब्लिक स्कूल, पटवारखाना और आयुर्वेदिक औषधालय सहित कई सरकारी संस्थान स्थित हैं, जिससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के गड्ढे आपस में मिलकर तालाब जैसी स्थिति बना चुके हैं, जिससे पैदल राहगीरों और वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनका आरोप है कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान भी इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त मंडी से शीघ्र जलभराव की समस्या दूर कर सड़क की मरम्मत कराने और क्षेत्र को गंदगी से मुक्त कराने की मांग की है।

देव बिज्जू बाला कामेश्वर ताम्रकुट पर्वत पर बने मंदिर में विराजमान

भक्तों ने चढ़ाया दो किलो चांदी का छत्र, एक किलो चांदी का चंद्रहार

अनंत ज्ञान

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर। सुकेत रियायत के सुंदरनगर उपमंडल के अंतर्गत ताम्रकुट पर्वत पर बसे गांव बाहोट में देव बिज्जू बाला कामेश्वर के मंदिर की प्रतिष्ठा देव आज्ञा अनुसार संपन्न हो रही है। गौरतलब है कि देवता के मंदिर की नींव स्वयं बडा देव कमरूनाग के द्वारा सुंदरनगर दौरे के दौरान दो बर्ष पूर्व रखी गई थी। इस कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रतिष्ठा के लिए देव बिजू बाला कामेश्वर टिक्का हलेल रथ सहित स्वयं मौजूद रहे। देव आगमन के साथ प्रतिष्ठा का कार्य बीते 25 जून आषाढ 11 प्रविष्टे को शुरू होकर रविवार को विधिवत आकाश पूजा के साथ बड़ा देव कमरूनाग सुकेत के गुर मुनी लाल, कारदार और कमेटी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए सुभाष सोनी पुजारी तथा प्रदीप मिन्हास कुटाल ने बताया कि देवता का मंदिर भव्य काष्ठ कुणी शौली मे देवदार की लकड़ी बनाया गया है। मंदिर मे प्राचीन काष्ठ कला उकेरी गई है। तथा इसका निर्माण स्थानीय मिस्त्री गोपाल भारद्वाज द्वारा किया गया है।

मंदिर प्रतिष्ठा का शास्त्रोक्त कार्य आचार्य मनोज शर्मा तथा देव कार्य बड़ा देव कमरूनाग रोहाण्डा के गुर देवता मुनीलाल द्वारा रविवार आषाढ 15 प्रविष्टे को देव आज्ञा अनुसार सम्पन्न हुआ। मंदिर प्रतिष्ठा में देव कमरूनाग रोहांडा, देव कमरूनाग दाडी, देव कमरूनाग माहौल कुल्लू, देव बाला टिक्का महौल, देव काला कामेश्वर थुनाग, देव मूल मांहूनाग, देव बडेयोगी, देव स्लोटी नाग, देव लटोगली, देव बाला कामेश्वर देवधार, सुकेत सर्व देवता कमेटी, देवी भगवती दुलाशन सराज, सत बाडा देव भनवाड़, देव बाला कामेश्वर ज्योल , नवदुर्गा उग्रतारा, देव बाला कामेश्वर बंगलोह, देवी भगवती कोयला राजगढ, देवी त्रिपुर भैरवा पंडोह, देवी काली चामुडा हाटेश्वरी दरौडाधार, देवी काली पुरानी मंडी, देवी अंबिका देवधार, देव कुडीनाग, देवी बाला त्रिपुर सुन्दरी, देवी शितला, देव बुढा गडौण सहित 50 देव कमेटियों सहित चार गांव संद्दाख, बाहौट, ज्योल, हलेल के ग्रामवासी इस पावन बेला के साक्षी बने।

गरीब बेटी की शिक्षा-उपचार के लिए आगे आईं निशा ठाकुर

अनंत ज्ञान

रूपी ठाकुर, बरोट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट की हिंदी प्रवक्ता निशा ठाकुर न केवल एक समर्पित अध्यापिका हैं, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। वे समय-समय पर नशा जागरूकता अभियानों और विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए विशेष प्रयास करती रही हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित भी किया जा चुका है। निशा ठाकुर ने बताया कि हाल ही में चौहार घाटी के सबसे ऊंचे रूलिंग गांव के दौरे के दौरान उनकी मुलाकात लपास पंचायत के गलू गांव की 13 वर्षीय रीता देवी से हुई। बातचीत में पता चला कि आर्थिक तंगी के कारण उसने स्कूल छोड़ दिया था। रीता ने बताया कि जंगल से लकड़ी लाते समय गिर जाने से उसके आगे के दांत टूट गए थे। माता के निधन के बाद वह अपने वृद्ध दादा-दादी के साथ रह रही है। रीता की स्थिति देखकर निशा ठाकुर ने उसकी मदद का संकल्प लिया। उसे दोबारा स्कूल से जोड़ा गया। बरोट स्कूल के प्रधानाचार्य थमन सिंह और पूरे विद्यालय स्टाफ ने भी बच्ची के सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोशल मीडिया के माध्यम से भी बड़ी संख्या में लोग उसकी सहायता के लिए आगे आए हैं। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बाबू राम ने रीता के दांतों का उपचार कराने का आश्वासन दिया है। निशा ठाकुर ने कहा कि सकारात्मक पहल लोगों को जोड़ने का कार्य करती है और समाज में बड़े बदलाव ला सकती है। उन्होंने बताया कि रीता पिछले लगभग दो माह से नियमित रूप से विद्यालय आ रही है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की।

करसोग की प्रमुख पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण

जल शक्ति विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक ने जांचीं व्यवस्थाएं

अनंत ज्ञान

लक्की शर्मा, करसोग। राज्य सरकार के जल शक्ति विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने करसोग प्रवास के दौरान जल शक्ति मंडल करसोग के अंतर्गत संचालित की जाने वाली विभिन्न पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान करसोग जल शक्ति मंडल के अन्तर्गत आने वाली सबसे बड़ी उठाऊ पेयजल योजना (एलडब्ल्यूएसएस) सरौर खड्ड से चुराग और इसके साथ लगते आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस योजना से क्षेत्र की लगभग 14 ग्राम पंचायतों के हजारों लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने उठाऊ सिंचाई योजना (एलआईएस) शाकरा, रंडोल सबोट, उठाऊ जलापूर्ति योजना (एलडब्ल्यूएसएस) शाकरा, कांडा काहणू, बखरोट-चुराग तथा करसोग एवं आसपास के क्षेत्रों की पेयजल योजनाओं के सुधार कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को इन योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

प्रधान सचिव ने अधिशासी अभियंता करसोग बुद्धि सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता, सिंचाई सुविधाओं, बजट प्रावधानों, आधारभूत संरचना के रख-रखाव तथा जलापूर्ति परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। डॉ. अभिषेक ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के हर नागरिक को निर्बाध रूप से सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी, समयबद्ध रखरखाव तथा गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

योजना मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना से साकार हुआ बेसहारा बच्चों के अपने घर का सपना

अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को मिला सपनों का आशियाना

अनंत ज्ञान

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना बेसहारा एवं अनाथ बच्चों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आई है। यह योजना ऐसे बच्चों को न केवल शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन-यापन की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान कर रही है। प्रदेश सरकार की 'सरकार ही माता, सरकार ही पिता' की भावना पर आधारित यह योजना उन बच्चों और युवाओं के लिए संबल बनी है, जिन्होंने कम आयु में अपने माता-पिता को खो दिया। योजना के अंतर्गत 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को 27 वर्ष की आयु तक विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जा रही है। उपमंडल सुंदरनगर में इस योजना के तहत अब तक 9 पात्र लाभार्थियों को गृह निर्माण के लिए 20 लाख रुपए, 6 लाभार्थियों को विवाह अनुदान के रूप में 12 लाख रुपए तथा तीन लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए 6 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त पात्र बच्चों को शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वरोजगार एवं अन्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है।

योजना की सफलता की कहानी सुंदरनगर उपमंडल के गांव कोहला, डाकघर कनैड निवासी गौरव के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव से स्पष्ट होती है। गौरव ने बताया कि कई वर्ष पूर्व उनके माता-पिता का निधन हो गया था, जिसके बाद उनका जीवन संघर्षपूर्ण हो गया। उन्हें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर योजना के लिए आवेदन किया।

उन्होंने बताया कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 3 लाभार्थियों को 2-2 लाख रुपये की दर से कुल 6 लाख रुपये की सहायता दी गई है। वहीं, 6 लाभार्थियों को विवाह अनुदान के रूप में कुल 12 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 9 लाभार्थियों को गृह निर्माण के लिए कुल 20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। स्वरोजगार, विवाह अनुदान और गृह निर्माण मद के अंतर्गत लाभार्थियों को अब तक कुल 38 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

घर बनाने के लिए 3, विवाह के लिए मिले 2 लाख

गौरव बताते हैं कि योजना के तहत उन्हें घर बनाने को तीन लाख रुपए तथा विवाह के लिए दो लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस सहायता से उन्होंने अपना पक्का मकान तैयार कर लिया है और अब वह अपने घर में खुशी और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। वर्तमान में वह निजी नौकरी के साथ-साथ खेतीबाड़ी भी कर रहे हैं और आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं। गौरव कहते हैं, 'मैं प्रदेश सरकार और विशेष रूप से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हम जैसे बेसहारा बच्चों के लिए इतनी संवेदनशील योजना शुरू की। इस योजना ने हमें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है।'

जब तक भारत का राजकाज अपनी भाषा में नहीं चलेगा तब तक हम यह नहीं कह सकते कि देश में स्वराज है।

-मोरारजी देसाई

संपादकीय

सेहत पर बढ़ता खतरा

इंसान अपनी सेहत के साथ अक्सर खुद ही खिलवाड़ करता है। गलत खानपान, अनियमित दिनचर्या और आधुनिक जीवनशैली की तेज रफ्तार ने शरीर को कई तरह की बीमारियों की ओर धकेल दिया है। खासकर डिब्बाबंद (पैकेज्ड) और प्रोसेस्ड भोजन आज की जरूरत भी बन चुका है और खतरा भी। समय की कमी और सुविधा के कारण लोग ऐसे खाद्य पदार्थों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं, लेकिन इसके दीर्घकालिक दुष्परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

डिब्बाबंद भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए उसमें प्रिजर्वेटिव्स, अधिक नमक, कृत्रिम स्वाद और कई प्रकार के रासायनिक पदार्थ मिलाए जाते हैं। ये तत्व भोजन को आकर्षक और टिकाऊ तो बनाते हैं, लेकिन शरीर के भीतर जाकर धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार ऐसे भोजन के सेवन से हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

हाल ही में फ्रांस में हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड का सेवन हृदय स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। इस अध्ययन के अनुसार, ऐसे भोजन का नियमित सेवन करने वाले लोगों में हृदयाघात (हार्ट अटैक), स्ट्रोक और एंजाइना जैसी समस्याओं की संभावना अधिक पाई गई। इसका मुख्य कारण शरीर में बढ़ने वाला ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और रक्त वाहिकाओं पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव माना गया है।

डिब्बाबंद भोजन में मौजूद अतिरिक्त सोडियम (नमक) और ट्रांस फैट्स रक्तचाप को बढ़ाते हैं, जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या उत्पन्न होती है। लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहने पर हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे हार्ट फेलियर और अन्य जटिलताएं पैदा हो सकती हैं। इसके अलावा, इन खाद्य पदार्थों में फाइबर की कमी होती है, जिससे पाचन तंत्र भी प्रभावित होता है और पेट संबंधी समस्याएं बढ़ने लगती हैं।

हालांकि, यह भी सच है कि केवल डिब्बाबंद भोजन ही स्वास्थ्य समस्याओं का कारण नहीं है। आधुनिक जीवनशैली भी इसके लिए जिम्मेदार है। शारीरिक गतिविधियों की कमी, लंबे समय तक बैठकर काम करना, तनाव, नींद की कमी और असंतुलित आहार मिलकर शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। जो लोग फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन करते हैं, वे अक्सर अन्य अस्वस्थ आदतों जैसे धूम्रपान, अत्यधिक कैफीन या शराब सेवन के भी शिकार होते हैं, जो स्थिति को और गंभीर बना देता है।

आज के समय में शहरी जीवन में सुविधाजनक भोजन एक आवश्यकता बन गया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम पूरी तरह से स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो जाएं। यदि किसी कारणवश डिब्बाबंद भोजन का सेवन करना पड़े, तो उसे सीमित मात्रा में और सोच-समझकर करना चाहिए। लेबल पढ़कर कम नमक, कम फैट और बिना अधिक प्रिजर्वेटिव्स वाले उत्पादों का चयन करना एक समझदारी भरा कदम हो सकता है।

इसके साथ ही, संतुलित आहार को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। ताजे फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज और पर्याप्त पानी का सेवन शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखता है। नियमित व्यायाम, योग और पैदल चलने की आदत भी हृदय रोगों के खतरे को काफी हद तक कम कर सकती है।

विशेषज्ञ यह भी सलाह देते हैं कि भोजन में विविधता होनी चाहिए और एक ही प्रकार के प्रोसेस्ड फूड पर निर्भरता नहीं होनी चाहिए। घर का बना ताजा भोजन न केवल शरीर को पोषण देता है, बल्कि मानसिक संतुलन को भी बेहतर बनाता है। बच्चों और युवाओं में फास्ट फूड की बढ़ती आदत भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकती है, इसलिए शुरुआती उम्र से ही जागरूकता जरूरी है।

कुल मिलाकर, यह समझना आवश्यक है कि सुविधा और स्वाद के नाम पर लिया गया हर त्वरित विकल्प हमेशा सुरक्षित नहीं होता। डिब्बाबंद और अत्यधिक प्रोसेस्ड भोजन आज की जीवनशैली का हिस्सा जरूर बन गया है, लेकिन इसका अधिक और लगातार सेवन शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। इसमें मौजूद प्रिजर्वेटिव्स, अधिक नमक और अस्वस्थ वसा लंबे समय में हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार अपनाना अत्यंत जरूरी है। ताजे फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज और पर्याप्त पानी शरीर को प्राकृतिक रूप से मजबूत बनाते हैं। इसके साथ नियमित व्यायाम, योग और शारीरिक गतिविधियां भी स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रकृति के करीब रहने वाली जीवनशैली और भोजन की सही आदतों से ही जीवन खुशहाल होगा।

आज की प्रमुख हस्ती

हिंदी के प्रथम तिलिस्मी लेखक

देवकीनंदन खत्री हिंदी साहित्य के प्रथम तिलिस्मी उपन्यासकार माने जाते हैं। उनका जन्म 29 जून 1861 को बिहार के मुजफ्फरपुर के पूसा गांव में हुआ। उनके पिता लाला ईश्वरदास थे, जिनके पूर्वज पंजाब के निवासी थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा उर्दू-फारसी में हुई, बाद में उन्होंने हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी का भी अध्ययन किया। उन्होंने कुछ समय टेकारी इस्टेट में कार्य किया तथा बाद में वाराणसी में अपना प्रेस स्थापित किया और हिंदी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



देवकीनंदन खत्री
जन्म : 29 जून, 1861
मृत्यु : 1 अगस्त, 1913

खत्री जी की युवावस्था का बड़ा भाग चकिया और नौगढ़ के जंगलों तथा ऐतिहासिक खंडहरों में बीता। इन्हीं स्थानों से प्रेरित होकर उन्होंने तिलिस्म और ऐय्यारी पर आधारित अद्भुत कथाओं की रचना की। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति चंद्रकांता है, जिसका प्रकाशन 1888 में हुआ। इस उपन्यास की लोकप्रियता इतनी अधिक थी कि अनेक गैर-हिन्दीभाषियों ने इसे पढ़ने के लिए हिंदी सीखी। इसके बाद उन्होंने चंद्रकान्ता सन्तति की रचना की, जो 24 भागों में प्रकाशित हुई और अत्यंत लोकप्रिय रही। उनकी अन्य प्रमुख रचनाओं में भूतनाथ, काजर की कोठरी, नरेन्द्र मोहिनी, कुसुम कुमारी, वीरेंद्र वीर तथा अनूठी बेगम शामिल हैं। उनका अधूरा उपन्यास भूतनाथ उनके पुत्र दुर्गाप्रसाद खत्री ने पूरा किया।

देवकीनंदन खत्री ने हिंदी साहित्य में तिलिस्मी और ऐय्यारी परंपरा को लोकप्रिय बनाया तथा सरल, रोचक और प्रभावशाली भाषा के माध्यम से हिंदी के विकास में अमूल्य योगदान दिया। उनका निधन 1 अगस्त 1913 को वाराणसी में हुआ। आज भी वे हिंदी के महान उपन्यासकारों में स्मरण किए जाते हैं।

कविता

कबीर की वाणी

रवि कुमार, मैहरी काथला
जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

मध्यकालीन कविता हस्ताक्षर, आज जयंती बेला पुरोधा,
देश करे आपको सलाम, कैसे करूं समुचितगुणगान,
काशी में अवतरित संत कबीर महान, रामानंद जी आपके गुरु,
सर्व धर्म समन्वय की शिक्षा शुरू, वाणी में नहीं सामर्थ्य,
लेखनी में कम पड़े स्याही, आपके शब्दकोश में पंडित प्रसंग,
'पढ़े अढ़ाई आखर' जो प्रेम संग, बीजक ग्रंथ साखी, सबद, रमैनी
भक्ति काल निर्गुण धारा ज्ञानी, आप थे सत्यवक्ता, सदाचारी,
आग से कुंदन बन निकली साहित्य सवारी, विचारों की भगीरथी,
भावों की हिमाचल, संत कबीर चरणकमल,
अर्पित कोटि कोटि श्रद्धांजल।

हादसा टूरिज्म : शिक्षा, राजनीति और युवाओं का भविष्य

नीट परीक्षा का विवाद अभी पूरी तरह समाप्त भी नहीं हुआ था कि फिर नए सवाल सामने आने लगे। बिहार के लखीसराय जिले में तीस सॉल्वर पकड़े गए। अब फिर वही प्रश्न उठ रहा है कि क्या दोबारा नीट परीक्षा होगी? इस बार तो अनेक छात्रों के परीक्षा केंद्र परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले बदल दिए गए, जिसके कारण कई छात्र परीक्षा देने से ही वंचित रह गए। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और देश के अन्य राज्यों से भी ऐसी शिकायतें सामने आईं। आखिर जो लोग इस प्रकार की गड़बड़ियों के जिम्मेदार हैं, क्या उन्हें हर बार किसी न किसी प्रकार का संरक्षण मिलता रहेगा?

डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल नीट की निगरानी स्वयं केंद्र सरकार के स्तर पर होने की बात कही जाती रही। सुरक्षा एजेंसियां और प्रशासन पूरी तरह सक्रिय थे, फिर भी प्रश्नपत्र लीक, सॉल्वर गैंग और परीक्षा संबंधी अनियमितताएं सामने आती रहीं। ऐसे में युवाओं और अभिभावकों के मन में यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर उनके भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा? शिकायतें होती हैं, जांच बैठती है, कुछ गिरफ्तारियां भी होती हैं, लेकिन व्यवस्था में स्थायी सुधार दिखाई नहीं देता। इसी बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक अत्यंत दुखद समाचार आया। एक कोचिंग संस्थान के पुस्तकालय में आग लगने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कई छात्रों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। ऐसी हर घटना के बाद राजनीति शुरू हो जाती है। पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं। मृतकों के परिवारों के लिए मुआवजे की घोषणा होती है, लेकिन क्या केवल आर्थिक सहायता ही किसी परिवार की भरपाई कर सकती है? दो-चार दिन तक मीडिया में चर्चा होती है और फिर सब कुछ सामान्य मान लिया जाता है।

दुर्घटनाओं के बाद अक्सर जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की खबर आती है, लेकिन कुछ समय बाद उन मामलों का क्या हुआ, यह किसी को याद नहीं रहता। लखनऊ से पहले भी कई शहरों में होटल, कोचिंग संस्थान और अन्य इमारतों में आग लगने से लोगों की जान जा चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या इन घटनाओं से कोई सबक लिया गया? क्या सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया गया? यदि नहीं, तो ऐसी घटनाएं दोबारा क्यों नहीं होंगी?

आज भारत में शिक्षा का बड़ा हिस्सा निजी संस्थानों और कोचिंग उद्योग पर निर्भर होता जा रहा है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, सिविल सेवा, बैंकिंग, शिक्षक भर्ती और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लगभग हर शहर में कोचिंग संस्थानों की भरमार है। इनके साथ हॉस्टल, पुस्तकालय, पीजी, स्टेशनरी, होटल और अन्य व्यवसाय भी जुड़े हुए हैं। यह एक बहुत बड़ा आर्थिक तंत्र बन चुका है। सरकार को इससे कर भी मिलता है और लाखों लोगों को रोजगार भी मिलता है। शायद यही कारण है कि इस क्षेत्र में प्रभावी नियमन की आवश्यकता बार-बार महसूस होने के बावजूद कठोर कदम कम ही दिखाई देते हैं।

यदि सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो, तो लाखों छात्रों को महंगी कोचिंग का सहारा लेने की आवश्यकता ही न पड़े, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में अधिकांश छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निजी संस्थानों पर निर्भर हैं। जब सरकारी संस्थानों में ही कई बार आवश्यक मानकों का पालन नहीं होता, तब निजी संस्थानों में नियमों के पालन की अपेक्षा और भी कठिन हो जाती है।

देश में कोटा, दिल्ली, लखनऊ, कानपुर जैसे शहर बड़े कोचिंग हब बन चुके हैं। हजारों छात्र छोटे-छोटे कमरों, हॉस्टलों और लाइब्रेरी में रहकर अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं, लेकिन क्या इन भवनों की नियमित सुरक्षा जांच होती है? क्या प्रत्येक भवन में अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाता है? अधिकांश मामलों में उत्तर संतोषजनक नहीं दिखाई देता। हर बड़ी दुर्घटना के बाद नेताओं का दौरा, मीडिया की सुर्खियां और संवेदनाएं देखने को मिलती हैं। कुछ दिनों तक घटनास्थल राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना रहता है। फिर धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य हो जाता है। ऐसा लगता है जैसे हादसे भी अब एक प्रकार के 'हादसा टूरिज्म' में बदलते जा रहे हैं, जहां संवेदना से अधिक राजनीतिक उपस्थिति दिखाई देती है, लेकिन जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया है, उनके लिए समय कभी सामान्य नहीं होता।

भारत में इससे पहले भी गुजरात, दिल्ली और अन्य राज्यों के कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। हर हादसे के बाद जांच, गिरफ्तारी और मुआवजे की घोषणा होती है, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ सामान्य मान लिया जाता है। यदि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन नहीं कराया गया तो ऐसी घटनाएं भविष्य में भी दोहराई जाएंगी। आवश्यकता है कि देशभर के कोचिंग संस्थानों, पुस्तकालयों और छात्रावासों की नियमित सुरक्षा जांच हो तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। शिक्षा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य का आधार है। युवा अपने सपनों के साथ इन संस्थानों तक पहुंचते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। केवल शोक और मुआवजा समाधान नहीं, बल्कि व्यवस्था में स्थायी सुधार ही ऐसे हादसों को रोक सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

वेनेजुएला भूकंप और मानव सीमाएं : क्या हम आपदाओं के लिए तैयार हैं?

भूकंप पृथ्वी की सतह पर अचानक आने वाला कंपन है, जो पृथ्वी के भीतर ऊर्जा के अचानक मुक्त होने के कारण उत्पन्न होता है। भूकंप पृथ्वी की सतह के नीचे गहराई में स्थित विवर्तनिक प्लेटों की गतिविधियों के कारण आते हैं। इन प्लेटों के बीच बनने वाला दबाव, तनाव और ऊर्जा का संचय अत्यंत जटिल और अनिश्चित प्रक्रिया है। भूकंप एक ऐसी आपदा है जो बिना किसी स्पष्ट चेतावनी के आती है और अपने पीछे विनाश का लंबा निशान छोड़ जाती है।

राजन कुमार शर्मा
डुगली, लंबलू, जिला हमीरपुर

इसके कारण इमारतें धराशायी हो सकती हैं, सड़कें टूट सकती हैं, बिजली और संचार व्यवस्था ठप पड़ सकती है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। वर्तमान में विज्ञान भभूकंप का सटीक पूर्वानुमान लगाने में सक्षम नहीं है, क्योंकि पृथ्वी के भीतर होने वाली प्रक्रियाओं को पूरी तरह मापना और समझना अभी भी एक बड़ी वैज्ञानिक चुनौती है। दक्षिण अमेरिका के देश वेनेजुएला में आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने एक बार फिर पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि प्रकृति के सामने मनुष्य की वैज्ञानिक उपलब्धियां अभी भी सीमित हैं।

आधुनिक विज्ञान ने अंतरिक्ष की गहराइयों तक पहुंच बना ली है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विकास कर लिया है, मौसम का पूर्वानुमान लगाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर ली है, लेकिन भूकंप जैसी विनाशकारी प्राकृतिक आपदा के सटीक पूर्वानुमान में अब भी सफलता नहीं मिल सकी है। यही कारण है कि जब भी किसी क्षेत्र में शक्तिशाली भूकंप आता है, तो हजारों लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है और करोड़ों रुपए की संपत्ति कुछ ही क्षणों में नष्ट हो जाती है। वेनेजुएला में आए इन भूकंपों ने न केवल स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा किया, बल्कि विश्व समुदाय को भी चेतावनी दी है कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति हमारी तैयारियां अभी पर्याप्त नहीं हैं। भूकंप ऐसी आपदा है जो बिना किसी स्पष्ट चेतावनी के आती है और अपने पीछे विनाश का लंबा निशान छोड़ जाती है। कई बार इमारतें धराशायी हो जाती हैं, सड़कें टूट जाती हैं, बिजली और संचार व्यवस्था ठप पड़ जाती है तथा सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर वैज्ञानिक आज तक भूकंप का सटीक पूर्वानुमान लगाने में सफल क्यों नहीं हो पाए हैं? जब मौसम वैज्ञानिक कई दिन पहले यह बता सकते हैं कि कब बारिश होगी, कब तूफान आएगा या कब तापमान बढ़ेगा, तो भूकंप के मामले में ऐसी सटीकता क्यों संभव नहीं हो पाई है? इसका उत्तर पृथ्वी की जटिल संरचना में छिपा हुआ है। मौसम संबंधी घटनाएं वायुमंडल में घटित होती हैं, जहां उपग्रहों, रडारों और अन्य उपकरणों की सहायता से निरंतर निगरानी की जा सकती है। भूकंप की सटीक भविष्यवाणी आज भी विज्ञान के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। वैज्ञानिक यह जानते हैं कि किन क्षेत्रों में भूकंप का खतरा अधिक है, लेकिन यह नहीं बता सकते कि वह किस दिन और किस समय आएगा। इसलिए सबसे प्रभावी उपाय पूर्व तैयारी ही है। भूकंप-रोधी निर्माण को अनिवार्य बनाया जाए, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का विस्तार हो तथा स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानों में नियमित मॉक ड्रिल कराई जाए।

स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित स्वयंसेवकों और मजबूत आपदा प्रबंधन तंत्र की भी आवश्यकता है। प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन वैज्ञानिक अनुसंधान, आधुनिक तकनीक, जन-जागरूकता और बेहतर बुनियादी ढांचे के माध्यम से जनहानि और आर्थिक नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यही भविष्य की सबसे प्रभावी और जिम्मेदार तैयारी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

हिमाचल प्रदेश में अंतहीन हादसों का सिलसिला आखिर कब रुकेगा?

काला शुक्रवार काल बनकर आया और छह लोगों की जिंदगी लील गया। किन्नौर से भरमौर तक हिमाचल प्रदेश में प्रतिदिन सड़क हादसों में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। ऐसा शायद ही कोई दिन गुजरता हो, जब किसी न किसी सड़क दुर्घटना में किसी परिवार का चिराग न बुझता हो। हादसों का यह अंतहीन सिलसिला आखिर कब रुकेगा?

नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में ही अनगिनत लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं। शुक्रवार को रामपुर में एक जीप के गहरी खाई में गिरने से छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इससे पहले भरमौर में एक ही परिवार के सात लोगों की जान चली गई थी। कुछ दिन पहले मंडी के थुनाग क्षेत्र में जीप दुर्घटना में तीन युवाओं की मौत हुई, जबकि किन्नौर के टापरी-जानी मार्ग पर कार के खाई में गिरने से चार लोगों की जान चली गई। इन हादसों ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है।

हिमाचल में सड़क हादसे अब अभिशाप बनते जा रहे हैं। प्रतिदिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं और घरों के चिराग बुझ रहे हैं। बच्चे अनाथ हो रहे हैं, माताओं की गोद सूनी हो रही है, बहनों के भाई असमय काल के गाल में समा रहे हैं और कई महिलाओं का सुहाग उजड़ रहा है। वर्ष 2025 में भी हजारों सड़क हादसे हुए थे, लेकिन हालात में कोई बड़ा सुधार नहीं आया। हर बड़ी दुर्घटना के बाद प्रशासन जांच बैठाता है, मुआवजे की घोषणा होती है और कुछ गिरफ्तारियां भी होती हैं, लेकिन कुछ दिन बाद सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। हादसों से सबक लेने की बजाय उन्हें भूल जाना हमारी आदत बनती जा रही है। बीते वर्षों के हादसों पर नजर डालें तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। करसोग, आनी, बरोट, रामपुर, देहरा, चंबा, कांगड़ा, बिलासपुर और मंडी में हुए भीषण हादसों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। वर्ष 2023 में एक ही दिन तीन अलग-अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हुई थी। करवा चौथ के दिन भी मंडी और बिलासपुर में हुए हादसों ने कई परिवारों की खुशियां छीन ली थीं। वर्ष 2018 में शिमला के मुंगरा क्षेत्र में वाहन के खाई में गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई थी। मंडी के झिड़ी बस हादसे में 40 से अधिक यात्रियों की जान चली गई थी। उस समय भी चालक की लापरवाही और ओवरलोडिंग को बड़ा कारण माना गया था।

हर हादसे के बाद जांच हुई, लेकिन स्थायी सुधार नहीं हो पाया। विशेषज्ञों का मानना है कि लगभग 80 प्रतिशत सड़क हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं। तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना, अप्रशिक्षित चालक, खराब वाहन और पहाड़ी सड़कों पर असावधानी इसके प्रमुख कारण हैं। इसके बावजूद आज भी क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर वाहन चलाए जा रहे हैं। परिवहन नियमों की खुलेआम अनदेखी होती है और प्रशासन की कार्रवाई अक्सर हादसे के बाद ही दिखाई देती है। यदि नियमित वाहन जांच, चालकों की फिटनेस, खतरनाक मार्गों पर सुरक्षा अवरोधक, चेतावनी संकेत और ओवरलोडिंग पर कठोर कार्रवाई हो तो कई हादसे रोके जा सकते हैं।

सरकार और प्रशासन को केवल मुआवजा देकर अपने दायित्व की इतिश्री नहीं करनी चाहिए। परिवहन विभाग को नियमित निरीक्षण, दोषी चालकों के लाइसेंस रद्द करने, वाहन फिटनेस की सख्त जांच और नियम तोड़ने वालों पर कठोर दंड सुनिश्चित करना होगा। सड़क सुरक्षा सरकार की ही नहीं, बल्कि वाहन चालकों और यात्रियों की भी साझा जिम्मेदारी है। अब भी प्रभावी सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो हिमाचल की सड़कों पर मौत का यह तांडव रुकने वाला नहीं है और हर दिन कोई न कोई परिवार अपनों को खोकर मातम मनाता रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना : वादे, शर्तें व महिलाओं की बढ़ती निराशा

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि' योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का वादा किया था। इसी घोषणा को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया गया और लाखों महिलाओं से आवेदन भरवाए गए। चुनावी समय में यह तर्क दिया गया कि घर की प्रत्येक पात्र महिला को सरकार बनने पर 1500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे, और इसी भरोसे पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान भी किया।

सुखदेव सिंह
स्वतंत्र टिप्पणीकार
नूरपुर, जिला कांगड़ा

सरकार बनने के बाद योजना के तहत लगभग 8 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो सकी। करीब 6.43 लाख आवेदन अभी भी लंबित हैं, जिसके कारण आगे की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। अब पंचायत स्तर के बजाय महिलाओं को तहसील कल्याण अधिकारी के पास आवेदन जमा कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

योजना के लागू होने के बाद लगातार शर्तों में बदलाव देखने को मिला। पहले आय सीमा तय की गई, फिर पेंशनभोगी परिवारों को योजना से बाहर किया गया, उसके बाद ग्राम सभा से अनुमोदन की प्रक्रिया जोड़ी गई। अब 18 से 20 वर्ष की युवतियों को भी योजना के लाभ से बाहर रखा गया है। वर्तमान में केवल 21 से 59 वर्ष की महिलाओं को ही इस योजना का लाभ दिए जाने की बात कही जा रही है। इन बदलती शर्तों के कारण महिलाओं में भ्रम और निराशा लगातार बढ़ रही है।

कुछ क्षेत्रों जैसे किन्नौर और लाहौल-स्पीति में योजना का लाभ मिलने की खबरें सामने आती हैं, लेकिन प्रदेश की बड़ी आबादी अब भी भुगतान का इंतजार कर रही है। ई-केवाईसी, आधार लिंकिंग, आय प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर अपडेट और ग्राम सभा सत्यापन जैसी औपचारिकताओं ने प्रक्रिया को और जटिल बना दिया है। ग्रामीण महिलाओं के लिए यह प्रक्रिया समय लेने वाली और कई बार खर्चीली भी साबित हो रही है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी इस बहस का अहम हिस्सा है। कर्मचारियों के एरियर भुगतान, सहारा योजना के लाभार्थियों की लंबित किस्तें, विकास कार्यों की देरी और स्वास्थ्य योजनाओं की जांच ने सरकार पर वित्तीय दबाव को और बढ़ा दिया है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या राज्य सरकार अपने चुनावी वादे के अनुसार सभी पात्र महिलाओं को नियमित 1500 रुपए की राशि समय पर उपलब्ध करा पाएगी या नहीं। विपक्ष सरकार पर वित्तीय अनियमितताओं और संसाधनों के सही उपयोग न करने के आरोप लगा रहा है, जबकि सरकार केंद्र से मिलने वाली ग्रांट में कमी और आपदा राहत में अपेक्षित सहयोग न मिलने का तर्क देती है। इस राजनीतिक खींचतान के बीच सबसे अधिक प्रभावित आम जनता, विशेषकर महिलाएं हो रही हैं, जो इस योजना को अपनी आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देख रही थीं। बार-बार नियम बदलने, पात्रता संशोधित करने और प्रक्रिया जटिल करने से भरोसे पर असर पड़ रहा है। कई महिलाओं को अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कब और कैसे लाभ मिलेगा। यदि सरकार आर्थिक कारणों से योजना को पूरी तरह लागू करने में असमर्थ है, तो उसे स्पष्ट और पारदर्शी नीति जनता के सामने रखनी चाहिए। अधूरी उम्मीदें और बार-बार बदलते नियम जनता के बीच असंतोष को जन्म देते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सरकार योजना की पात्रता, समय-सीमा और वित्तीय स्थिति को स्पष्ट करे, ताकि महिलाओं को अनिश्चितता से राहत मिल सके और यह योजना केवल चुनावी घोषणा बनकर न रह जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

खूबसूरत टेनिस खिलाड़ी पाउला बडोसा

पाउला बडोसा एक खूबसूरत और प्रसिद्ध महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। वह स्पेन से हैं और अपनी खूबसूरती और टेनिस में शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 2024 सीजन में नौ महिला एकल मैचों में भाग लिया है, जिनमें से दो मैचों में उन्होंने खेल के बीच में ही संन्यास ले लिया।

स्पोर्ट्स विंडो

नीदरलैंड के फॉरवर्ड गाकपो के अजन्मे बेटे की गर्भ में मौत

एजेंसी, वाशिंगटन। नीदरलैंड के फॉरवर्ड कोडी गाकपो की 'पार्टनर' (महिला मित्र) ने घोषणा की है कि गर्भावस्था के दौरान उनके अजन्मे बेटे की मृत्यु हो गई। गाकपो और मॉडल नोआ वैन डेर बिज का पहले से ही एक बेटा है और अक्टूबर में उनकी दूसरी संतान होनी थी। गाकपो अभी विश्व कप में टीम के साथ हैं, जहां नीदरलैंड नॉकआउट चरण में पहुंच चुका है। वैन डेर बिज ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें दोनों कंबल और छोटी बुनी हुई टोपी के ऊपर हाथ पकड़े हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह घोषणा भी की कि बच्चे की मौत हो गई है। वैन डेर बिज ने लिखा, ''आपके प्यार और समर्थन के लिए आभार। एलिजय राफेल गाकपो। हमेशा प्रिय। हमेशा हमारा बेटा।'' अपनी पोस्ट में गाकपो ने लिखा, ''यह हमारे परिवार के लिए बेहद मुश्किल समय है। हम आपसे निजता और एकांत बनाए रखने का अनुरोध करते हैं।'' गाकपो ने स्वीडन के खिलाफ नीदरलैंड की जीत में दो गोल किए और टीम को अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान दिलाने में मदद की। नीदरलैंड सोमवार को राउंड ऑफ 32 में मोरक्को से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

जांगू और चेज ने वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

एजेंसी, नॉर्थ साउंड। आमिर जांगू और कप्तान रोस्टन चेज के बीच छठे विकेट के लिए रिकार्ड साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। जांगू ने 233 रन बनाए जबकि चेज ने 194 रन की लाजवाब पारी खेली। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 401 रन की रिकार्ड साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 626 रन बनाकर समाप्त घोषित की। अपनी पहली पारी में 318 रन बनाने वाले श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 15 रन बनाए थे। इस तरह से वह अभी वेस्टइंडीज से 303 रन पीछे है। गांजू और चेज ने छठे विकेट के लिए इंग्लैंड की जोड़ी बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो के 10 साल पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए गए 399 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा। श्रीलंका को तीसरे दिन के आखिर में चार ओवर खेलने का मौका मिला जिसमें उसने सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका का विकेट गंवा दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय कसुन राजिथा चार और निशान मदुष्का दो रन पर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)

मेस्सी लगातार सात विश्व कप मैच में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी, अर्लिंग्टन। लियोनेल मेस्सी लगातार सात विश्व कप मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने जॉर्डन के खिलाफ शनिवार की रात यहां खेले गए अर्जेंटीना के ग्रुप चरण के अंतिम मैच में अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकार्ड को भी आगे बढ़ाया। मेस्सी ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर फाउल होने के बाद फ्री किक पर गोल किया। इससे पहले 39 वर्षीय मेस्सी फ्रांस के स्ट्राइकर जस्ट फॉन्टेन और ब्राजील के महान खिलाड़ी जैरज़िन्हो के साथ विश्व कप के लगातार छह मैचों में गोल करने वाले केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे। (अनंत ज्ञान)

जांगू और चेज ने वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

एजेंसी, नॉर्थ साउंड। आमिर जांगू और कप्तान रोस्टन चेज के बीच छठे विकेट के लिए रिकार्ड साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। जांगू ने 233 रन बनाए जबकि चेज ने 194 रन की लाजवाब पारी खेली। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 401 रन की रिकार्ड साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 626 रन बनाकर समाप्त घोषित की। अपनी पहली पारी में 318 रन बनाने वाले श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 15 रन बनाए थे। इस तरह से वह अभी वेस्टइंडीज से 303 रन पीछे है। गांजू और चेज ने छठे विकेट के लिए इंग्लैंड की जोड़ी बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो के 10 साल पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए गए 399 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा। श्रीलंका को तीसरे दिन के आखिर में चार ओवर खेलने का मौका मिला जिसमें उसने सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका का विकेट गंवा दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय कसुन राजिथा चार और निशान मदुष्का दो रन पर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)

फीफा वर्ल्ड कप अफ्रीका की नौ टीमों ने विश्व कप के नॉकआउट राउंड में बनाई जगह

कांगो ने उज्बेकिस्तान को 3-1 हराया

एजेंसी, अटलांटा

कांगो की शनिवार रात को उज्बेकिस्तान पर 3-1 की जीत और अल्जीरिया के ऑस्ट्रिया के साथ मैच 3-3 से ड्रॉ खेलने के बाद अफ्रीका महाद्वीप की रिकॉर्ड नौ टीम विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में जगह बनाने में सफल रही। अब तक 17 दिन तक चले मुकाबलों के बाद मोरक्को, दक्षिण अफ्रीका, सेनेगल, आइवरी कोस्ट, घाना, केप वर्दे, मिस्र, अल्जीरिया और कांगो ने राउंड 32 के लिए क्वालीफाई किया। अफ्रीका के 10 देशों ने ऐतिहासिक रूप से 2026 विश्व कप के क्वालीफाई किया था।

मोरक्को चार साल पहले कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश था और अब फिर से आगे तक जाने में सक्षम दिखता है क्योंकि उसने ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोका है। वह 2030 में विश्व कप के अगले चरण का सह-मेजबान भी है। अब तक केवल छह अफ्रीकी देशों ने नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई (इनमें से कई ने कई बार) किया था। इस साल के टूर्नामेंट ने अफ्रीकी फुटबॉल की गहराई को दिखाया है जिसमें केप वर्दे और कांगो दोनों ने राउंड 32 में पहुंचकर हैरान किया है। कांगो अब अगले मुकाबले में इंग्लैंड से भिड़ेगी जो एक बड़ी चुनौती है।

कांगो के लिए फॉरवर्ड फिस्टन मायेले ने 78वें मिनट में गोल किया। उनका गोल 'प्लेयर ऑफ द मैच' योएन विस्सा के दो गोल (68वें मिनट में और 90+1वें मिनट में) के बीच हुआ। उज्बेकिस्तान के लिए एकमात्र गोल एल्डोर शोमुरोदोव ने 10वें मिनट में किया। (अनंत ज्ञान)

क्लार्क का स्कॉटलैंड पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा

नई दिल्ली। स्कॉटलैंड की पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच स्टीव क्लार्क ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। स्कॉटिश फुटबॉल एसोसिएशन ने यह जानकारी दी। एसोसिएशन ने बयान में कहा कि स्कॉटलैंड के फीफा विश्व कप 2026 से बाहर होने की पुष्टि के बाद देश के सबसे सफल राष्ट्रीय कोच ने अपने सात साल के कार्यकाल को समाप्त करने का फैसला किया है। स्टीव ने अपने कार्यकाल के दौरान स्कॉटलैंड को 28 वर्ष में पहली बार पुरुष फीफा विश्व कप में पहुंचाया। साथ ही लगातार दो बार यूईएफए यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कराया। स्कॉटलैंड ने फीफा विश्व कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत हैती के खिलाफ 1-0 की जीत के साथ की थी। इसके बाद मोरक्को और ब्राजील से हार के कारण स्कॉटलैंड अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा और टूर्नामेंट से बाहर हो गया। स्टीव क्लार्क ने अपने कार्यकाल के दौरान टीम की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस विदाई का सबसे भावुक पहलू मेरे खिलाड़ियों के लिए है, जिनके बिना 2019 से अब तक हमने जो भी यादें संजोई हैं, वे नहीं होतीं। वे हर प्रशंसा और सम्मान के पात्र हैं और उनका कोच कहलाना मेरे लिए सचमुच एक सम्मान की बात रही। उन्होंने कहा कि मुझे मौका देने के लिए धन्यवाद और मेरे उत्तराधिकारी को शुभकामनाएं। स्कॉटिश फुटबॉल एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इयान मैक्सवेल ने कहा कि हम सभी ग्रुप चरण में विश्व कप से बाहर होने से निराश हैं, लेकिन हमें स्टीव के सात वर्ष के कार्यकाल के दौरान हुई शानदार प्रगति को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने स्कॉटलैंड को एक बड़े टूर्नामेंट में वापस लाने की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। (अनंत ज्ञान)

ऑस्ट्रिया-अल्जीरिया ड्रॉ खेलकर नॉकआउट में, ईरान बाहर

एजेंसी, कनसास सिटी

ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया ने ग्रुप जे के अपने आखिरी मुकाबले में 3-3 से रोमांचक ड्रॉ खेलकर फीफा विश्व कप के नॉकआउट दौर में जगह बना ली। इस नतीजे के साथ ईरान का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। मैच का अंत बेहद नाटकीय रहा। स्टॉपेज टाइम में रियाद महरेज़ ने अपना दूसरा गोल कर अल्जीरिया को 3-2 की बढ़त दिला दी, जिससे ऑस्ट्रिया बाहर होने की कगार पर पहुंच गया। लेकिन कुछ ही पलों बाद सासा कलाज्डिक ने बराबरी का गोल दागकर ऑस्ट्रिया को अगले दौर का टिकट दिला दिया।

ऑस्ट्रिया के लिए मार्को अर्नौटोविक (28वां), मार्सेल सबित्जर (55वां) और सासा कलाज्डिक (इंजरी टाइम) ने गोल किए। टीम ग्रुप जे में अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर रही और 1982 के बाद पहली बार नॉकआउट में पहुंची। अब उसका सामना स्पेन से होगा। अल्जीरिया की ओर से रियाद महरेज ने दो (60वां और इंजरी टाइम) जबकि रफिक बेलघाली ने 45वें मिनट में गोल किया। ग्रुप में तीसरे स्थान पर रही अल्जीरिया अब राउंड ऑफ 32 में स्विट्जरलैंड से भिड़ेगी। यदि ऑस्ट्रिया या अल्जीरिया में से कोई एक टीम यह मैच जीत जाती, तो ईरान सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होकर अगले दौर में पहुंच जाता। लेकिन अंतिम मिनट में हुए बराबरी के गोल ने ईरान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। (अनंत ज्ञान)

अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचे किदांबी श्रीकांत

एजेंसी, फुलर्टन (अमेरिका)। भारत के स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में जापान के युदाई ओकिमोतो को हराकर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। विश्व में 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने विश्व रैंकिंग में 33वें नंबर के ओकिमोतो पर 72 मिनट में 22-20, 15-21, 21-19 से जीत दर्ज कर इस सत्र के अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। युवा शटलर रौनक चौहान का शानदार अभियान दूसरे पुरुष एकल सेमीफाइनल में सु ली यांग से 17-21 19-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग 54 मिनट तक चले सेमीफाइनल में डेनमार्क की दूसरी वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन से 21-15, 11-21, 15-21 से हार गईं। (अनंत ज्ञान)

महिला टी20 विश्व कप

इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 9 विकेट से हराया

एजेंसी, नई दिल्ली

महिला टी20 विश्व कप 2026 में डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड का सफर ग्रुप चरण में ही खत्म हो गया। इंग्लैंड ने केनिंग्टन ओवल में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 9 विकेट से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। हार के बाद कप्तान अमेलिया केर ने कहा कि आयरलैंड की जीत ने उनकी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका दिया था, लेकिन न्यूजीलैंड उसका फायदा नहीं उठा सका। उन्होंने माना कि बल्लेबाजी में अहम मौकों पर विकेट गंवाने और गेंदबाजी में अनुशासन की कमी टीम पर भारी पड़ी।

केर ने कहा कि अगर टीम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में सिर्फ 5 प्रतिशत भी सुधार कर ले, तो वह बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद भी व्यक्त की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 163 रन बनाए। अमेलिया केर ने 42, इसाबेला गेज ने 28 और सोफी डिवाइन ने 14 गेंदों में 30 रन की तेज पारी खेली। 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने सिर्फ एक विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। डैनी वायट-हॉज ने नाबाद 89 और सोफिया डंकली ने नाबाद 49 रन बनाकर टीम को लगातार पांचवीं जीत दिलाई। इस जीत के साथ इंग्लैंड ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

न्यूजीलैंड की 3 खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त

एजेंसी, नई दिल्ली। महिला टी20 विश्व कप 2026 में गत चैंपियन न्यूजीलैंड की हार के साथ ही टीम की तीन दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन, सूजी बेट्स और ली ताहूहू के अंतरराष्ट्रीय करियर का भी अंत हो गया। इंग्लैंड से 9 विकेट की हार के बाद तीनों को खिलाड़ियों ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर भावुक विदाई दी। तीनों खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह विश्व कप उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। मैच के बाद कप्तान अमेलिया केर ने कहा, 'बेट्स, डिवाइन और ताहूहू का जाना टीम और महिला क्रिकेट, दोनों के लिए बड़ी क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।' केर ने भावुक होकर कहा कि जब वह युवा खिलाड़ी के रूप में टीम में आई थीं, तब इन तीनों ने उनका मार्गदर्शन किया और हर कदम पर साथ दिया। उन्होंने कहा, 'मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे इतने लंबे समय तक उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिला।' 36 वर्षीय सोफी डिवाइन ने न्यूजीलैंड के लिए 317 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए 8,096 रन बनाए और 241 विकेट झटके। ली ताहूहू ने 207 मैचों में 225 विकेट लिए, जबकि सूजी बेट्स ने 370 मैचों में 10,740 रन बनाकर कीवी क्रिकेट में अमिट छाप छोड़ी। (अनंत ज्ञान)

एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप में भारत ने जीते 3 रजत, एक कांस्य

एजेंसी, पणजी

मेजबान भारत ने पांचवीं एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। विभिन्न वर्गों में भारतीय खिलाड़ियों के लगातार अच्छे प्रदर्शन ने देश की बढ़ती ताकत को एक बार फिर साबित किया।

भारतीय दल की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि सीनियर्स वर्ग में रही, जहां भारत-बी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद सेमीफाइनल में जापान को बेहद रोमांचक मुकाबले में एक अंक के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कड़ा संघर्ष करना पड़ा और उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुकामल दास, हेमंत जालान, जितेंद्र सोलानी, अनिल पाध्ये, राजेश दलाल और राजू टोलानी से सुसज्जित भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

पुरुष टीम स्पर्धा में भारत-ए टीम ने कांस्य पदक जीतकर देश को एक और सफलता दिलाई। वहीं मैचपॉइंट फाइनल्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। महिला युगल वर्ग में सवलीन ठडानी और साधना गुप्ता ने रजत पदक हासिल किया, जबकि सीनियर्स युगल वर्ग में सुबीर मजूमदार और सुजीत कुमार भट्टाचार्य ने भी रजत पदक अपने नाम किया।

चैंपियनशिप के विभिन्न टीम वर्गों में ऑस्ट्रेलिया ने सीनियर्स खिताब जीता, जबकि पुरुष वर्ग में हांगकांग चीन, महिला वर्ग में इंडोनेशिया और मिश्रित टीम वर्ग में चीन विजेता बना। इसके अलावा, फ्रेंडशिप पेयर्स प्रतियोगिता में भी भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। अरुण बापट और अजय खरे की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कामना शर्मा और अभिजीत पाल ने कांस्य पदक हासिल कर देश की उपलब्धियों में इजाफा किया। (अनंत ज्ञान)

शेख हसीना की भतीजी ट्यूलिप पर सुनवाई एक सितंबर तक टली

एजेंसी, ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटेन की पूर्व मंत्री ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीकी के खिलाफ धोखाधड़ी से फ्लैट हासिल करने के मामले में आरोप तय करने की सुनवाई एक सितंबर तक टाल दी गई है। ढाका स्पेशल जज कोर्ट-5 ने सह-आरोपी सरदार मोशर्रफ हुसैन की ओर से तैयारी के लिए समय मांगे जाने पर अगली सुनवाई की तारीख तय की। इस मामले में अदालत पहले ही दोनों आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। ट्यूलिप और अन्य आरोपितों पर आरोप है कि उन्होंने पद का दुरुपयोग कर गुलशन स्थित ईस्टर्न हाउसिंग लिमिटेड का फ्लैट अवैध तरीके से हासिल किया था। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान में आतंकी हमले में चार रेंजर्स और 6 आतंकी ढेर

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कराची स्थित सिंध रेंजर्स मुख्यालय पर शनिवार रात हुए आतंकी हमले को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया। मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए, जबकि एक हमलावर को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। हमले में रेंजर्स के तीन जवान शहीद हो गए।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे आतंकवादियों ने गुलिस्तान-ए-जौहर स्थित रेंजर्स मुख्यालय के मुख्य गेट पर विस्फोटकों से भरी गाड़ी टकराने के बाद हमला किया। इसके बाद रेंजर्स, स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट और एंटी-टेररिस्ट फोर्स ने संयुक्त कार्रवाई कर सभी हमलावरों को निष्क्रिय कर दिया। हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े प्रतिबंधित संगठन जमात-उल-अहरार ने ली है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकियों में एक आत्मघाती हमलावर भी शामिल था। कुछ सुरक्षा सूत्रों ने एक आतंकी के जिंदा पकड़े जाने की भी पुष्टि की है।

कराची में हाल के वर्षों में यह सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक है। इससे पहले अक्तूबर 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और फरवरी 2023 में कराची पुलिस कार्यालय पर बड़े आतंकी हमले हुए थे। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार, मई में देश में 128 आतंकी हमले दर्ज किए गए, जो अप्रैल के 101 हमलों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। (अनंत ज्ञान)

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में आत्मनिर्भर भारत की गिनाईं उपलब्धियां

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 135वें एपिसोड में देश की आत्मनिर्भरता, जनभागीदारी और विभिन्न क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जून का महीना रक्षा, विमानन, योग, पर्यावरण और सामाजिक पहल के क्षेत्र में कई प्रेरणादायक उपलब्धियों का साक्षी रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में रक्षा क्षेत्र से लेकर तकनीक और विमानन तक आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने भारतीय नौसेना में शामिल नए स्वदेशी युद्धपोतों और 'मेड इन इंडिया' सी-295 विमान की पहली सफल उड़ान को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। साथ ही डीआरडीओ के लॉन्ग रेंज क्रूज मिसाइल परीक्षण को देश की सुरक्षा क्षमता में बड़ा कदम कहा।

उन्होंने जनभागीदारी को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा और संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग में सक्रिय भूमिका निभाई है। ब्यावरा की महिलाओं द्वारा प्लास्टिक कचरे से ईको-ब्रिक्स बनाने के प्रयास की भी उन्होंने सराहना की। प्रधानमंत्री ने योग, खेल और सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक प्रसार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि योग आज दुनिया भर में जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है, जबकि भारतीय संस्कृति और परंपराएं भी वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रही हैं। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और जनकल्याण पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि करोड़ों लोग बीमा योजनाओं से जुड़े हैं, जिससे देश में सामाजिक सुरक्षा का दायरा लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण, वोकल फॉर लोकल और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया और कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े राष्ट्रीय परिवर्तन का आधार बनते हैं। (अनंत ज्ञान)

लोकसभा अध्यक्ष, पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने पीवी नरसिम्हा राव को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी, नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न पीवी नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ओम बिरला ने उन्हें देश की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण नीति-निर्माता बताते हुए नमन किया, जबकि नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्होंने कठिन समय में भारत के आर्थिक और प्रशासनिक ढांचे को नई दिशा दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि देश की आर्थिक यात्रा में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आर्थिक उदारीकरण की नीतियों से देश में विकास को गति मिली और मध्यम वर्ग के लिए अवसर बढ़े। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने भी उन्हें याद करते हुए देश और विशेषकर तेलंगाना क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को सराहा। (अनंत ज्ञान)

नेपाल: सीमा संबंधी बयान पर विपक्ष का हंगामा, प्रधानमंत्री से संसद में जवाब की मांग

एजेंसी, काठमांडू

नेपाल के मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने रविवार को प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह से देश की सीमाओं पर दिए गए हालिया बयान के संबंध में संसद में स्पष्टीकरण देने की मांग की। प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू होते ही विपक्षी सांसद अपनी सीटों से खड़े हो गए, जिसके बाद सभामुख डोल प्रसाद अर्याल ने उन्हें अपनी बात रखने की अनुमति दी।

नेपाली कांग्रेस की ओर से बोलते हुए सांसद रेनुका कौंचा ने प्रधानमंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि जिन मुद्दों को संसद में उठाया जाना चाहिए था, उन्हें पार्टी के महाधिवेशन में उठाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संसद को नजरअंदाज करना उसकी गरिमा को कमजोर करता है। सीपीएन-यूएमएल के सांसद डॉ. पुष्पराज कंडेल ने भी प्रधानमंत्री से संसद में उपस्थित होकर देश की सीमाओं पर दिए गए बयान को स्पष्ट करने की मांग की। साथ ही उन्होंने यूएमएल उपाध्यक्ष बिष्णु प्रसाद पौडेल की गिरफ्तारी में सरकार पर राजनीतिक पूर्वाग्रह से काम करने का आरोप लगाया।

नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के युवराज दुलाल ने कहा कि सरकार को संघीय लोकतान्त्रिक गणतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। उन्होंने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी द्वारा प्रदेश सभाओं को समाप्त करने और संघीय व्यवस्था में पुनर्संरचना के प्रस्ताव का भी विरोध किया। इसी तरह श्रम संस्कृति पार्टी के अरेन राई ने राष्ट्रीय संप्रभुता और भौगोलिक अखंडता से जुड़े मुद्दों पर स्पष्टीकरण देने के लिए प्रधानमंत्री से सदन में उपस्थित होने की मांग की।

कुल्लू-मनाली व लाहौल में पर्यटकों की बहार, थमी वाहनों की रफ्तार

चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने पहुंचे हजारों सैलानी, पर्यटन कारोबारियों के खिले चेहरे

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू /केलांग। जून के आखिरी वीकेंड पर कुल्लू, मनाली व लाहौल स्पीति जिला के विभिन्न पर्यटन स्थलों में सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा है। मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी, गुजरात और मुंबई सहित देश के विभिन्न राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। हालांकि, वाहनों की इस भारी आमद के कारण कुल्लू-मनाली मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी गहरा गई है, जिससे सैलानियों को घंटों जूझना पड़ रहा है।

पड़ोसी राज्यों से आने वाले पर्यटक वाहनों की संख्या में अचानक भारी बढ़ोतरी होने से सड़कों पर दबाव बढ़ गया है। कुल्लू से मनाली और आगे के पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई है। पर्यटकों को कई-कई घंटों तक लंबे ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है, जिससे प्रशासन के इंतजाम भी हांफते नजर आ रहे हैं।

शिंकुला और बारालाचा में बर्फ के दीदार कर झूम रहे पर्यटक

यातायात की दिक्कतों के बावजूद सैलानियों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। कुल्लू-मनाली के रोहतांग पास, अटल टनल और सोलंगनाला के अलावा लाहौल-स्पीति के कोकसर, सिस्सू, जिस्पा, शिंकुला और बारालाचा जैसे पर्यटन स्थल पूरी तरह पैक हो चुके हैं। लाहौल-स्पीति का मशहूर पर्यटन स्थल शिंकुला (16,580 फीट) इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां सैलानी आसानी से बर्फ का दीदार कर रहे हैं और इस कड़ाके की ठंडक के बीच अठखेलियां कर अपने टूर को यादगार बना रहे हैं।

साहसिक खेलों का रोमांच व माल रोड पर 'नो स्पेस'

गर्मी से राहत पाने के साथ-साथ पर्यटक कुल्लू की वादियों में पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग और जिप लाइन जैसी विभिन्न साहसिक गतिविधियों का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। इसके अलावा तीर्थन घाटी और मणिकर्ण घाटी में भी सैलानियों का भारी जमावड़ा लगा हुआ है। शाम होते ही मनाली के प्रसिद्ध माल रोड का नजारा देखने लायक है। यहां पर्यटकों की इतनी भीड़ है कि पैर रखने तक की जगह नहीं बची है।

सुखराम को भारतीय मजदूर संघ जिला कुल्लू की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। भारतीय मजदूर संघ जिला कुल्लू की नई कार्यकारिणी का गठन चुनाव प्रभारी दबे राम की देखरेख में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया, जिसमें सुखराम वर्मा को जिला अध्यक्ष चुना गया।नई कार्यकारिणी में मीरा को कार्यकारिणी अध्यक्ष, गिरधारी, दीपा और रविंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, हुकम राम को जिला मंत्री, उषा शर्मा एवं अरुण सकलानी को संगठन मंत्री, वेदराम को कोषाध्यक्ष, इंद्र सोनी को प्रेस सचिव तथा सीताराम को सह प्रेस सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्यों में बीमी देवी, मीना देवी, सोहनलाल, रमेश डोगरा, अलका, सुरेंद्र, डोडर मल, भोलाराम, सुमाला, जयराम और शिव कुमार को शामिल किया गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, मजदूरों के हितों की रक्षा करने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर एसटीएफ की कार्रवाई 495 ग्राम चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत एसटीएफ पुलिस थाना, सेंट्रल रेंज मंडी की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर सिंऊड के समीप यातायात चेकिंग के लिए लगाए गए एक नाके के दौरान, टीम ने एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार (एचपी 01के 6974) को जांच के लिए रोका। जब वाहन की गहनता से तलाशी ली गई, तो उसमें सवार तीन व्यक्तियों के कब्जे से 495 ग्राम चरस बरामद की गई।

पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ को जब्त कर कार में सवार तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीनानाथ (30 वर्ष) और कुंवर सिंह (36 वर्ष), दोनों निवासी गांव लाशणी, डाकघर छयांवर, तहसील भून्तर, जिला कुल्लू तथा तीसरे आरोपी विवेक (26 वर्ष) निवासी रोहतक, हरियाणा के रूप में हुई है। इस वारदात के संबंध में पुलिस थाना भून्तर में आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20, 25 और 29 के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है, जिसमें यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह चरस कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। पुलिस इस पूरी ड्रग सप्लाई चेन और इसमें शामिल अन्य संभावित चेहरों को बेनकाब करने में जुटी है।

नशे की खेप के साथ पकड़े गए आरोपी। अनंत ज्ञान

- सिंऊड के पास नाकाबंदी के दौरान मिली सफलता
- भुंतर पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, जांच शुरू

त्रियुगी नारायण मंदिर में कथावाचक जगमोहन शास्त्री और विधायक सुरेंद्र शौरी ने किए दर्शन

त्रियुगी नारायण मंदिर में विधायक सुरेंद्र शौरी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। घाटी के पवित्र त्रियुगी नारायण मंदिर दियार में प्रसिद्ध कथावाचक जगमोहन शास्त्री ने बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी सहित श्रद्धालुओं के साथ भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इन दिनों जगमोहन शास्त्री नगवाईं में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस का रसपान करा रहे हैं।

मंदिर दर्शन के दौरान उनके साथ बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, सब्जी मंडी भुंतर के व्यवसायी एवं भाजपा बजौरा मंडल के महामंत्री दीवान ठाकुर, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष हेमराज ठाकुर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर त्रियुगी नारायण मंदिर के पुजारी भोज प्रकाश शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, रिम्पु शर्मा, कुमार देव शर्मा, चौबे राम धामी, टेक चंद धामी, मोहन लाल धामी, भाग चंद ठाकुर, जगरनाथ ठाकुर, अमर ठाकुर, पंकज ठाकुर, नानक चंद शर्मा तथा निरत ठाकुर सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त जगमोहन शास्त्री के साथ आए पंडित अश्वनी शर्मा, पंडित प्रदीप शर्मा, दीक्षिता और निहारिका ने भी मंदिर में माथा टेककर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कुल्लवी बोली में भाषण प्रतियोगिता के लिए 2 जुलाई तक भेजें नाम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू द्वारा 03 जुलाई को प्रात: 10:00 बजे देव सदन सभागार कुल्लू में पांचवी कक्षा तक के बच्चों की कुल्लवी बोली में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को कुल्लवी बोली में कुल्लू की वेशभूषा, खानपान, रीति-रिवाज तथा सांस्कृतिक धरोहरों में से किसी भी विषय पर दो से तीन मिनट तक बोलने के लिए समय दिया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए बच्चों भेजने की इच्छुक स्कूलों से अपील की है कि इस प्रतियोगिता में बच्चों के नाम 02 जुलाई 2026 तक जिला भाषा अधिकारी कार्यालय कुल्लू में भेज सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के साथ एक अध्यापक अथवा अभिभावक की उपस्थिति भी अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए 01902 -222406, 98570-65800 पर संपर्क कर सकते हैं।

सपागणी गांव में 7 माह से सूखे पड़े नल

हर घर नल योजना पर सवाल, जल शक्ति विभाग के दावों की खुली पोल

अनंत ज्ञान

सैंज। एक तरफ जहां सरकार हर घर नल, घर-घर जल का दावा करती हैं, वहीं जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। ग्राम पंचायत कनौन के सपागणी गांव में पिछले लगभग सात महीनों से पानी की भारी किल्लत बनी हुई है।

आलम यह है कि ग्रामीणों के घरों में लगे नलों से पिछले आधे साल से भी अधिक समय से एक बूंद पानी तक नहीं टपका है, जिससे पूरा गांव बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर है। स्थानीय ग्रामीणों गुड्डू, हरी सिंह, कर्ण दीप, गणेश जोग राज, सेस राम,का कहना है कि पानी न आने की वजह से उनकी दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। पीने के पानी से लेकर कपड़े धोने और मवेशियों के लिए पानी का इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती बन गया है भीषण गर्मी के इस मौसम में भी ग्रामीणों को दूर-दराज के प्राकृतिक स्रोतों या अन्य गांवों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधियों तक सब जानते हैं, लेकिन हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है। नल सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो हमें मजबूरन कड़ा रुख अपनाना पड़ेगा।'

सपागणी गांव के लोगों में जल शक्ति विभाग और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल खोखले आश्वासन ही मिलते हैं। विभाग की इस सुस्ती का खामियाजा बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है, जिनका आधा समय सिर्फ पानी का इंतजाम करने में ही बीत जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनके लिए नई व्यवस्था नहीं होती है तब तक टैंक के पास कुछ पानी निकला है उसे टैंक में डालकर उनको सप्लाई दी जाए क्योंकि वहां कुछ ग्रामीणों द्वारा सिंचाई के लिए पाइपें लगाई है। उधर जल शक्ति विभाग जेई ओमप्रकाश ठाकुर से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि जहां पानी के लिए बोरवेल किया है वह सूख गया है शीघ्र ही उनके लिए नए वोरबेल कर इस समस्या का हल किया जाएगा।

अनंत ज्ञान मुद्दा

पानी की सप्लाई न होने से सूखे नल के आगे पड़े खाली बर्तन।

रघुपुर गढ़ क्षेत्र से अनधिकृत थड़े हटेंगे, अनुमति प्राप्त ईको-टूरिज्म टेंटों को मिलेगा संरक्षण : डॉ. चमन राव

अनंत ज्ञान, आनी। आनी वन मंडल के अंतर्गत आने वाले वैश्विक पर्यटन स्थल एवं ऐतिहासिक रघुपुर फोर्ट क्षेत्र में ईको-टूरिज्म गतिविधियों को लेकर चल रहे विवाद के बीच वन मंडल अधिकारी आनी, डॉ. चमन राव ने स्पष्ट किया है कि हिमाचल प्रदेश सरकार की इको-टूरिज्म नीति के तहत अनुमति प्राप्त टेंटों का संचालन जारी रखा जा सकता है, जबकि बिना अनुमति बनाए गए टिन अथवा अन्य स्थायी सामग्री के अनधिकृत थड़ों को हटाया जाएगा।

डॉ. चमन राव ने कहा कि ईको-टूरिज्म नीति का उद्देश्य स्थानीय लोगों को उनके घर-द्वार पर ही आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। इसी सोच के तहत सरकार ने इको-टूरिज्म को वानिकी गतिविधि के रूप में शामिल किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इको-टूरिज्म नीति के प्रावधानों का गहन अध्ययन करें और उसी के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि रघुपुर फोर्ट में उत्पन्न विवाद का प्रमुख कारण इको-टूरिज्म नीति की सही जानकारी का अभाव तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई न होना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुमति प्राप्त ऑलिव ग्रीन रंग के टेंटों के माध्यम से संचालित इको-टूरिज्म गतिविधियों को अनुमति दी जा सकती है, लेकिन बिना अनुमति बनाए गए थड़े पूरी तरह अवैध हैं और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।वन मंडल अधिकारी ने कहा कि रघुपुर फोर्ट ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण धरोहर है। यहां सामुदायिक आधारित इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की व्यापक संभावनाएं हैं।

तय समय में गुणवत्ता के साथ कार्य करें पूरा : अनुराधा राणा

बैठक के दौरान चर्चा करती हुईं विधायक अनुराधा राणा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, काजा। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने स्पीति उपमंडल मुख्यालय काजा में आयोजित विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता करते हुए विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक के अलावा एफआरए बैठक तथा साडा काजा और साडा ताबो की बैठकों की भी अध्यक्षता की।

बैठक में विधायक ने प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सभी विकास कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान गैर-सरकारी सदस्यों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याएं और विकास संबंधी मुद्दे उठाए, जिनके समाधान के लिए विधायक ने संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठकों के उपरांत अनुराधा राणा ने आम लोगों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी प्राथमिकता है ।

राष्ट्रीय पटल पर चमका रोटरी क्लब कुल्लू

लुधियाना में मिले 3 प्रतिष्ठित पुरस्कार, सामाजिक सरोकारों में रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के क्षेत्र में पिछले कई दशकों से अग्रणी भूमिका निभा रहे रोटरी क्लब कुल्लू ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई है। लुधियाना में आयोजित भव्य 'डिस्ट्रिक्ट फंक्शन' के दौरान क्लब को उनके उत्कृष्ट मानवीय कार्यों और समाज सेवा के लिए तीन बेहद प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया है। रोटरी क्लब कुल्लू की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल संगठन में हर्ष की लहर है, बल्कि यह समूचे कुल्लू जिले के लिए भी एक अत्यंत गौरवमयी और अविस्मरणीय क्षण बनकर उभरा है।

इस गरिमामयी समारोह के दौरान रोटरी क्लब कुल्लू को आपदा राहत और उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए 'डिस्टिंग्विश्ड रिलीफ एक्सीलेंस अवॉर्ड', सामुदायिक परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 'क्लब सर्विस प्रोजेक्ट्स अवॉर्ड' और संगठन के सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए 'डिस्टिंग्विश्ड क्लब अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। लुधियाना के इस मंच पर जब क्लब को एक के बाद एक तीन बड़े सम्मानों से नवाजा जा रहा था, तब रोटरी क्लब कुल्लू की ओर से महासचिव रोटेरियन राजीव सिंह, रोटेरियन अनुज मलिक और रोटेरियन शशि विशेष रूप से उपस्थित रहकर इस ऐतिहासिक और गौरवशाली पल के साक्षी बने। इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रोटरी क्लब कुल्लू की अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक ने क्लब के सभी सदस्यों (रोटेरियंस) को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस सम्मान को क्लब के साझा प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह पुरस्कार हमारी निस्वार्थ सेवा, बेहतरीन टीमवर्क और समाज के प्रति हमारी जवाबदेही का सबसे बड़ा प्रमाण हैं। उन्होंने सभी सदस्यों के परिश्रम और अटूट सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी की बदौलत ही आज रोटरी क्लब कुल्लू सफलता की इन नई ऊंचाइयों को छू सका है। अध्यक्ष पूजा मलिक ने रोटरी के मूल सिद्धांतों को दोहराते हुए कहा कि 'सेवा ही हमारी पहचान है और यही हमारी सबसे बड़ी सफलता भी है।'

उन्होंने क्लब के गौरवमयी इतिहास का जिक्र करते हुए सभी सहयोगियों से आह्वान किया कि इस सम्मान से मिली नई ऊर्जा के साथ हमें समाज सेवा की इस पुनीत यात्रा को और अधिक तेजी से आगे बढ़ाना है, ताकि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक मदद पहुंचाई जा सके। इस बड़ी उपलब्धि के बाद से ही कुल्लू घाटी के विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा रोटरी क्लब की पूरी टीम को लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

लुधियाना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान।

भुंतर में महाविशाल भगवती जागरण में उमड़ा जनसैलाब

पारुल-सिमरन के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

अनंत ज्ञान

भुंतर। स्टेट बैंक भुंतर के समीप शनिवार रात्रि आयोजित 30वें महाविशाल भगवती जागरण में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जागरण का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां की पावन ज्योति के साथ भव्य शोभायात्रा से हुई, जो वैष्णो माता मंदिर कुल्लू से आरंभ होकर रामशिला, अखाड़ा बाजार, ढालपुर कुल्लू, ज्वाला माता मंदिर शमशी, सैनिक चौक और मुख्य बाजार भुंतर होते हुए जागरण स्थल पर पहुंची। शनिवार रात्रि 8 बजे गणपति पूजन, ज्योति पूजन और कलश पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत रात्रि 9 बजे से माता रानी के गुणगान का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा।

जागरण का मुख्य आकर्षण जम्मू से पहुंचीं सुप्रसिद्ध गायिका पारुल कश्यप और हिमाचल प्रदेश की लोकप्रिय एंकर, मंच संचालिका एवं गायिका सिमरन भारद्वाज रहीं। दोनों कलाकारों ने अपनी मधुर और भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, पूरा पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूमने लगे।कलाकारों ने 'ना रोल मईए मैं रूल गई आ, तेरा दरबार खींच गया आ', 'सेवादार बना ले दरबार दा, तेरे मंदिरां च रावां झाड़ू मारदा' तथा 'मेरा भोला है भंडारी, करता नंदी की सवारी' सहित कई प्रसिद्ध भेंटें और भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।यह धार्मिक आयोजन देर रात तक चलता रहा और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पावन ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई थीं, जिसकी लोगों ने सराहना की। समिति ने बताया कि जागरण के उपलक्ष्य में रविवार को दोपहर 12 बजे से शिव मंदिर भुंतर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

युवा नेतृत्व के हाथों में पेखड़ी पंचायत की बागड़ोर

नवनिर्वाचित वार्ड पंचों की शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ पंचायत का नया कार्यकाल

अनंत ज्ञान

तीर्थन। उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी स्थित ग्राम पंचायत पेखड़ी में नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान एवं वार्ड सदस्यों ने विधिवत शपथ ग्रहण के पश्चात अपने दायित्व संभाल लिए। शपथ ग्रहण के साथ ही पंचायत की नई कार्यकारिणी का आधिकारिक कार्यकाल शुरू हो गया। अब पंचायत की आधिकारिक मोहर, विकास कार्यों से जुड़े निर्णय तथा प्रशासनिक जिम्मेदारियों का संचालन नवगठित पंचायत करेगी।

ग्राम पंचायत पेखड़ी की नवनिर्वाचित प्रधान मनीषा डिंपल ने आधिकारिक रूप से कार्यभार संभालते हुए पंचायत के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सहयोग से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा अधिकृत अधिकारी तकनीकी सहायक भेद राम भारती की उपस्थिति में ग्राम पंचायत पेखड़ी के सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह के दौरान सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस बार पेखड़ी पंचायत के मतदाताओं ने एक युवा एवं शिक्षित महिला मनीषा डिंपल को प्रधान चुना है, जबकि भारतीय रेलवे सेवा से सेवानिवृत्त और अनुभवी नील चन्द को उपप्रधान का दायित्व सौंपा है। पंचायत के अन्य निर्वाचित सदस्यों में वार्ड नंबर-1 शुंगचा से निशा देवी, वार्ड नंबर-2 शलिंगा से लाल सिंह, वार्ड नंबर-3 नाहीं से लता देवी, वार्ड नंबर-4 से विनता देवी तथा वार्ड नंबर-5 मनहार से केशव ठाकुर शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद पंचायत की पहली साधारण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी विकास कार्यों, पंचायत की कार्ययोजना तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने गांव के समग्र विकास, पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनसहभागिता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान एवं सभी वार्ड सदस्यों ने सर्वसम्मति से पंचायत में चौकीदार अथवा सहायक कर्मचारी की नियुक्ति की मांग उठाई। उनका कहना था कि कर्मचारी के अभाव में पंचायत कार्यालय की सुरक्षा, साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, सरकारी पत्राचार तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों के संचालन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पंचायत समिति बंजार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन भेजकर शीघ्र उचित व्यवस्था करने की मांग की गई।

नवनिर्वाचित वार्ड पंच शपथ ग्रहण करते हुए। अनंत ज्ञान

अनदेखी 75 छात्रों का भविष्य अधर में, चार पंचायतों के 75 विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर

सिनवी स्कूल में शिक्षक और सुविधाओं का टोटा

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। आनी खंड की दुर्गम पंचायत पोखरी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिनवी में शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भारी कमी के चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

विद्यालय में वर्तमान में 75 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन कई महत्वपूर्ण पद वर्षों से रिक्त पड़े होने के कारण अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन समिति ने गहरी चिंता जताई है।स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष भाग चंद सोनी ने बताया कि विद्यालय में जुलाई 2024 से प्रधानाचार्य का पद रिक्त है। बीच में एक माह के लिए यह पद भरा गया था, लेकिन संबंधित प्रधानाचार्य के सेवानिवृत्त होने के बाद पद पुन: खाली हो गया। उन्होंने बताया कि शारीरिक शिक्षक का पद पिछले 16 वर्षों से रिक्त है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईपी) शिक्षक का पद विद्यालय के 2016 में जमा दो स्तर पर स्तरोन्नत होने के बाद से आज तक नहीं भरा गया है। इसके अलावा अंग्रेजी शिक्षक का पद वर्ष 2018 से, राजनीति शास्त्र प्रवक्ता का पद वर्ष 2020 से तथा टीजीटी मेडिकल का पद भी लंबे समय से खाली पड़ा है। गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की स्थिति भी चिंताजनक है। विद्यालय में वरिष्ठ सहायक (सीनियर असिस्टेंट) का पद आज तक नहीं भरा गया, जबकि लिपिक का पद वर्ष 2020 से रिक्त है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद भी खाली पड़ा हुआ है।

अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। यही कारण है कि इस वर्ष छठी कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में कमी आई है। आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों ने अपने बच्चों का दाखिला आनी उपमंडल मुख्यालय और अन्य स्थानों के विद्यालयों में करवा दिया है।

बच्चों का भविष्य हो रहा प्रभावित : भाग चंद

एसएमसी प्रधान भाग चंद सोनी ने बताया कि इस विद्यालय में केवल पोखरी पंचायत ही नहीं, बल्कि कराड़, मुहान और रोपा पंचायतों के दूरदराज गांवों से भी विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। ऐसे में शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी से बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

आधारभूत सुविधाओं का भी अभाव

विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं का भी अभाव है। स्कूल का अपना पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला और खेल कक्ष (स्पोर्ट्स रूम) नहीं है। पूर्व पंचायत द्वारा निर्माणाधीन दो कमरों में से एक का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। वहीं खेल मैदान में टाइल्स लगाने का वादा भी अधूरा पड़ा है।एसएमसी प्रधान भाग चंद सोनी और अभिभावकों ने प्रदेश सरकार, शिक्षा मंत्री तथा शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालय में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि दुर्गम क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

- दुर्गम आनी क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था चरमराई, अभिभावक चिंतित

अनंत ज्ञान मुद्दा

उच्च अधिकारियों को समय-समय पर भेजी जानकारी : प्रधानाचार्य

विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य गोबिंद शर्मा ने बताया कि विद्यालय में रिक्त पदों की जानकारी समय-समय पर उच्च अधिकारियों को भेजी जाती रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग जल्द ही इन पदों को भरने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

मां शूलिनी के दर्शनों को उमड़ा आस्था का सैलाब, तीन दिन में 50 हजार चांदी के स्मृति सिक्के होंगे वितरित

लोक संस्कृति से सजी दूसरी सांस्कृतिक संध्या, कलाकारों ने बांधा समां

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। राष्ट्रीय स्तरीय मां शूलिनी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली लोक संस्कृति और पहाड़ी संगीत के नाम रही। शूलिनी मंच पर प्रदेश के प्रसिद्ध लोक कलाकार राजेश त्यागी, बीरबल किनोरा, अजू तोमर और अंकुश भारद्वाज ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। सबसे पहले राजेश त्यागी ने अपने लोकप्रिय पहाड़ी गीतों से माहौल को सुरमय बनाया। इसके बाद बीरबल किनोरा ने लोकधुनों और दमदार गायकी से समां बांध दिया। उनके गीतों पर युवा ही नहीं, बुजुर्ग भी झूमते नजर आए। अजू तोमर ने भी अपने चर्चित पहाड़ी गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अंकुश भारद्वाज ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति और मधुर आवाज से दूसरी सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया। देर रात तक दर्शक पहाड़ी गीतों पर थिरकते रहे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। शूलिनी मंच पूरी तरह दर्शकों से खचाखच भरा रहा। स्थानीय लोगों के अलावा बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। पूरे पंडाल में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

उधर, राष्ट्रीय स्तरीय मां शूलिनी मेले के तीसरे दिन भी आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही गंज बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। मंदिर के कपाट सुबह लगभग चार बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए, जिसके बाद दिनभर और देर रात तक दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा और मां शूलिनी के संयुक्त दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की।

प्रशासन और स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। इस बार भी प्रसाद के साथ माता के चित्र अंकित चांदी के स्मृति सिक्के श्रद्धालुओं में वितरित किए जा रहे हैं, जिन्हें भक्त माता का विशेष आशीर्वाद मानकर श्रद्धापूर्वक ग्रहण कर रहे हैं। मां शूलिनी सेवा समिति के अध्यक्ष मंजुल अग्रवाल ने बताया कि मेले के तीन दिनों के दौरान लगभग 50 हजार चांदी के स्मृति सिक्के प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और श्रद्धालुओं की आस्था इससे गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि मां शूलिनी दो दिनों तक अपनी बड़ी बहन मां दुर्गा के साथ गंज बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में विराजमान रहेंगी। मेले के समापन अवसर पर रविवार रात विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना के बाद लगभग 10 बजे मां शूलिनी की पावन विदाई यात्रा निकलेगी और माता अपने मूल धाम शूलिनी मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगी। माता की विदाई के साथ ही तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय मां शूलिनी मेले का विधिवत समापन होगा।

पूरे मेले के दौरान सोलन शहर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। 'जय माता दी' के जयघोष, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की अपार आस्था ने पूरे शहर को धार्मिक रंग में रंग दिया है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रदेश और अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु भी मेले की धार्मिक परंपराओं और बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना करते नजर आए।

अंकुश भारद्वाज के गीतों पर झूमते मुख्य अतिथि।

दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।

माली जीतने पर पहलवान को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

न्यूज ब्रीफ

नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

अनंत ज्ञान, राजगढ़। युवा सेवा एवं खेल विभाग नाहन के सौजन्य से राजगढ़ ब्लॉक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राजगढ़, शमलोह तथा विभिन्न युवा मंडलों के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई राजगढ़ के प्रधानाचार्य राकेश कुमार के मार्गदर्शन में तथा अमृतराज निर्मोही यूथ मीडिया क्लब धामला के अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान में नवयुवक मंडल शमलोह, यूथ मीडिया क्लब धामला, शिरगुल युवा क्लब भदोरली, नवयुवक मंडल टिक्कर एवं मंडेढ़ा सहित विभिन्न युवा संगठनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राजगढ़ में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही नारा लेखन, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन तथा 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवी राहुल ठाकुर ने युवाओं को युवा सेवा एवं खेल विभाग की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा भविष्य में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए पंचायतों के सहयोग से ग्रामीण स्तर पर नवयुवक मंडलों के साथ समितियों का गठन किया जाएगा। जागरूकता अभियान में पवन शर्मा, अरुण ठाकुर, ईश्वर दत्त, जसवंत, राकेश, अक्षय, नीरज, मुकुल सिंह, पाहुल, प्रवीन, रवीदत्त, देवराज, बालवीर सहित अनेक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बिड़ला स्कूल में एसएमसी का गठन, मोहन सिंह शर्मा बने अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, शिलाई। शिक्षा खंड बकरास के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला बिड़ला में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव प्रक्रिया स्कूल के मुख्य अध्यापक जयपाल राणा (जेबीटी) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ग्रामीणों और अभिभावकों की सहमति से गांव के शिक्षित एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता मोहन सिंह शर्मा को एसएमसी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। समिति में रोहित शर्मा, ममता शर्मा, सरिता शर्मा, किरण शर्मा और रेणु शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर एसएमसी के पूर्व अध्यक्ष एवं क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवी विनोद शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में नवगठित समिति से विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों के हितों की रक्षा तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय एवं सकारात्मक भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई गई। विद्यालय प्रबंधन और उपस्थित अभिभावकों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई एसएमसी विद्यालय के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

ग्राम पंचायत बनोह खरड़हट्टी में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान, अर्की। ग्राम पंचायत बनोह खरड़हट्टी में पंचायत की नई कार्यकारिणी के गठन के उपरांत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान तृप्ता देवी एवं उप प्रधान हेमराज द्वारा पंचायत के नवनिर्वाचित सात वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण करने वाले वार्ड सदस्यों में संतोष कुमारी, ललिता, चंपा देवी, पवन, उमा देवी, प्रीति एवं कैलाश शामिल रहे। इस अवसर पर सभी वार्ड सदस्यों ने पंचायत के विकास, जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया। साथ ही पंचायत क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के दुष्प्रभावों को समाप्त करने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा नशा मुक्त पंचायत बनाने के लिए भी सभी ने मिलकर कार्य करने की शपथ ली। पंचायत प्रधान तृप्ता देवी एवं उप प्रधान हेमराज ने कहा कि ग्राम पंचायत बनोह खरड़हट्टी के समग्र विकास के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी पंचायत पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगी। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान एवं बेहतर वातावरण निर्माण के लिए सभी प्रतिनिधि मिल-जुलकर प्रयास करेंगे।

राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय सराहां में एसएमसी का गठन

अनंत ज्ञान, सराहां। राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय सराहां में एसएमसी की आम सभा का आयोजन स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान किरण शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य कविता शर्मा एवं पूर्व ग्राम पंचायत प्रधान सूरती चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। सरकार एवं शिक्षा विभाग के नवीनतम संशोधित निर्देशानुसार विद्यालय की नई एसएमसी पुर्नगठित की गई। विद्यालय में सर्वप्रथम विभागीय नियमानुसार 15 अभिभावकों को समिति के लिए चयनित किया गया। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं अभिभावकों द्वारा पुनः निर्णय लिया गया कि समिति के लिए आगामी दो वर्षों हेतु अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन भी आज ही किया जाए। समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मोहन सिंह (मोनी ठाकुर) को एस एम सी अध्यक्ष एवं पूनम शर्मा को उपाध्यक्ष चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में दो समितियां विद्यालय भवन समिति एवं शैक्षणिक समिति का भी गठन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश गौतम, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष दूनी चंद, विजेश अत्री, राजेश शर्मा, विद्यालय के अधिकांश शिक्षक मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। ग्राम पंचायत दानोघाट में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रधान दूनी चंद शर्मा ने निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए जनसेवा और पंचायत हित में कार्य करने का आह्वान किया। शपथ लेने वाले सदस्यों में कराड़ाघाट वार्ड से चमन लाल, सुखन वार्ड से हेम बाला, कजियारा वार्ड से कौशल्या देवी, सेर गलोटिया वार्ड से दिनेश कुमार तथा दानोघाट वार्ड से मालती देवी शामिल रहे। वहीं श्याम लाल ने उपप्रधान के रूप में अपनी जिम्मेदारी ग्रहण की। इस अवसर पर पंचायत सचिव दिला राम गर्ग ने पंचायत की प्रशासनिक प्रक्रियाओं और प्रतिनिधियों के दायित्वों संबंधी आवश्यक जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान पंचायत क्षेत्र के विकास, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रधान दूनी चंद शर्मा ने कहा कि पंचायत के सभी प्रतिनिधि जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा गांवों के समग्र विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करेंगे।

मां शूलिनी की विदाई पर बरसी फुहार आस्था से सराबोर हुआ सोलन शहर

बारिश ने बढ़ाई आस्था, मां शूलिनी का आशीर्वाद मानते हैं श्रद्धालु

अनंत ज्ञान

सोलन। राष्ट्रीय स्तरीय मां शूलिनी मेले के तीसरे और अंतिम दिन सोलन में झमाझम बारिश हुई, जिसे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने मां शूलिनी की विशेष कृपा का प्रतीक माना। वर्षों से चली आ रही मान्यता के अनुसार मेले के दौरान या समापन पर होने वाली वर्षा शुभ संकेत मानी जाती है। धार्मिक परंपरा के अनुसार मां शूलिनी दो दिनों तक गंज बाजार स्थित शक्तिपीठ में अपनी बहन देवी दुर्गा के साथ विराजमान रहती हैं और तीसरे दिन भव्य शोभायात्रा के साथ अपने मूल मंदिर लौटती हैं। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए सोलन पहुंचते हैं। सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। शहर में नए व्यापार, प्रतिष्ठान या किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत मां का आशीर्वाद लेकर ही की जाती है। अधिकांश परिवार अपने घरों में मां शूलिनी का चित्र स्थापित कर नियमित पूजा-अर्चना करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां की कृपा से सोलन निरंतर विकास कर रहा है और मेले में आने वाले सभी व्यापारियों को भी अच्छी आमदनी प्राप्त होती है। मेले के दौरान आयोजित भंडारों में हजारों लोगों को निःशुल्क भोजन कराया जाता है। समापन पर हुई तेज बारिश को लोग प्राकृतिक सफाई और मां के आशीर्वाद का प्रतीक मानते हैं। यह ऐतिहासिक मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ संस्कृति, लोक परंपरा, भाईचारे और सामाजिक एकता का भी महत्वपूर्ण उत्सव है।

सोलन में बारिश के बाद सड़क किनारे दुबके लोग।

राजगढ़ पंचायत समिति में भाजपा ने मारी बाजी

रमा देवी अध्यक्ष, राजेश ठाकुर बने उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

बीआर चौहान, राजगढ़। राजगढ़ में भाजपा ने एक बार फिर से पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में बाजी मारी है। शनिवार को संपन्न हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में दोनों पदों पर भाजपा समर्थित सदस्यों ने जीत दर्ज की है। 15 सदस्यीय बीडीसी में भाजपा समर्थित 8, जबकि कांग्रेस समर्थित 7 सदस्य हैं। खंड विकास कार्यालय राजगढ़ में आज चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी एसडीएम राजगढ़ के अनुसार सभी 15 पंचायत समिति सदस्य ने इस चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया यहां अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित रमा देवी व कांग्रेस समर्थित रंजू बाला ने तथा उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित राजेश ठाकुर व दिनेश ठाकुर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उसके बाद मतदान प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न कराई गई, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित रमा देवी को 8 व कांग्रेस समर्थित रंजूबाला को 7 तथा इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपाई समर्थित राजेश ठाकुर को 8 व कांग्रेस समर्थित दिनेश ठाकुर को 7 मत मिले। इस तरह भाजपा ने एक एक मतों की बढ़त से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत हासिल की।

भाजपा विधायक रीना कश्यप ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सभी भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्यों को बधाई दी और कहा कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का यह फैसला ढाई-ढाई साल के लिए होगा। इसके बाद अध्यक्ष पद पुष्पा व उपाध्यक्ष पद विवेक को दिया जाएगा। उसके बाद जीत की खुशी में भाजपा द्वारा यहां खंड विकास कार्यालय राजगढ़ से लेकर शिरगुल मंदिर तक विजयी जुलूस निकाला गया। उसके बाद सभी ने शिरगुल मंदिर में माथा टेका और शिरगुल महाराज का आर्शीवाद ग्रहण किया। यहां काबिले जिक्र है कि यहां अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए रखी गई पहली बैठक में कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ था। उसके बाद विधायक ने इस चुनाव के लिए पूरी कोशिश की और उनकी कोशिश कामयाब भी हुई।

राजगढ़ पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष।

नवीन ग्राम पंचायत भवन का उद्घाटन, विकास और पारदर्शिता का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान, अर्की। ग्राम पंचायत चमाकड़ीपुल में जनता द्वारा चुने गए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों पंचायत के कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान नरेंद्र हांडा, उपप्रधान पूरन चंद द्वारा नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया गया। पंचायत प्रधान ने कहा कि यह क्षण समस्त ग्रामवासियों के लिए अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि लंबे समय के प्रयासों के बाद चमाकड़ीपुल को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ है और क्षेत्र की जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेते हुए अपने जनप्रतिनिधियों का चयन किया है। इसके लिए उन्होंने सभी मतदाताओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। प्रधान ने कहा कि पंचायत के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने यह संकल्प लिया है कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए पंचायत को सुदृढ़, सशक्त पंचायत बनाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

एचपीयूजे की ऑनलाइन बैठक में सदस्यता अभियान, राष्ट्रीय चुनावों पर मंथन

पत्रकारों की आवाज बुलंद करने को एचपीयूजे प्रतिबद्ध : रणेश राणा

अनंत ज्ञान

सराहां। हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एचपीयूजे) की प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य की अध्यक्षता में व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से आयोजित की गई।

इस बैठक में नेशनल युनियन आफ जर्नलिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डाक्टर रणेश राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को प्रदेश के सभी जिलों में और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, पत्रकारों की विभिन्न मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के आगामी राष्ट्रीय चुनावों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से जुड़े पत्रकारों एवं पदाधिकारियों ने ऑनलाइन सहभागिता करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए संगठनात्मक एकजुटता अत्यंत आवश्यक है।

इस उद्देश्य से जिला एवं उपमंडल स्तर तक संगठन का विस्तार करने और अधिक से अधिक पत्रकारों को संगठन से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स पत्रकारों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संगठन पत्रकार हितों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को सरकार और संबंधित मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा पत्रकारों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के आगामी राष्ट्रीय चुनाव संगठन के लिए महत्वपूर्ण हैं और इनमें हिमाचल प्रदेश की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक है।

मां शूलिनी मेले के अवसर पर जय मां दुर्गा मोटर मार्केट समिति ने लगाया विशाल भंडारा

अनंत ज्ञान

सोलन। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शूलिनी मेले के पावन अवसर पर जय मां दुर्गा मोटर मार्केट समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर मां शूलिनी का आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वे पिछले 18 वर्षों से निरंतर इस भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं। उनका उद्देश्य मां शूलिनी के मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सेवा करना और धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाना है।

समिति के सदस्यों ने मां शूलिनी मेले के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोलन सहित बाहर से आए सभी श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों को मां शूलिनी मेले की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

कक्षा छठी से 10वीं तक नहीं पढ़ाएंगे प्रवक्ता : जयलाल

सरकार का फैसला वापस नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे प्रवक्ता

अनंत ज्ञान

सोलन। जिला सोलन प्रवक्ता संघ ने सरकार के उस फैसले का पुरजोर विरोध किया है, जिसमें स्कूल प्रवक्ताओं को छटी से 10वीं कक्षा तक पढ़ाने का फरमान जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने निर्णय लिया है कि यदि इस फरमान को तुरंत वापस नहीं लिया गया तो कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। सोलन प्रवक्ता संघ के प्रधान जयलाल जलपाईक की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकार के इस फैसले का विरोध किया गया। इस फैसले को तुगलगी फरमान बताया। आधा वर्ष बीत चुका है चुनावी व जनगणना ड्यूटी में। जयलाल ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए ऐसे फरमान जारी कर रही है। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में प्रवक्ताओं (स्कूल लेक्चरर) के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग उठाई है। संघ के पदाधिकारियों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।

संघ ने मांग की है कि सरकार वर्ष 2022 से प्रवक्ताओं का नया पे कमीशन का एरियर और डीए जारी करें। बैठक में प्रवक्ता संघ के राज्य सलाहकार चंद्रदेव ठाकुर, जिला महासचिव हेमंत शर्मा, सोहन वर्मा, संदीप चंदेल, लेखराज, विनोद चौहान, सुशील शर्मा, कमलेश भारद्वाज, कपिल, संदीप ठाकुर व अन्य मौजूद रहे।

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में शिक्षण-अधिगम पर सीबीएसई की क्षमता निर्माण कार्यशाला

कला आधारित शिक्षा, शिक्षण पर 60 शिक्षकों का मंथन

अनंत ज्ञान

सोलन। पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू में सीबीएसई के तत्वावधान में स्कूलों में कला के शिक्षण और अधिगम विषय पर आंतरिक क्षमता निर्माण (इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सहायक निदेशक श्रीमती श्रेया, हेड ऑफ स्कूल कैप्टन रेणु शर्मा, हेड टीचर पंकज शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षण संकाय के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यशाला का संचालन नित्या मेहता और पूनम आनंद ने किया। सत्र के दौरान सहभागी चर्चाओं, समूह गतिविधियों और विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से शिक्षकों को कला-आधारित शिक्षण पद्धति के महत्व तथा उसके प्रभावी उपयोग से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कला आधारित शिक्षण विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता, संवाद कौशल और विषयों की गहन समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास का माध्यम है। सच्ची शिक्षा सही सोच, अच्छे संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और मानवीय मूल्यों को विकसित करती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जीवन की चुनौतियों का सामना करने और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना भी है। कार्यशाला में इस बात पर भी बल दिया गया कि एक कुशल शिक्षक शिक्षा को रोचक, प्रेरणादायक और जीवनोपयोगी बनाकर विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा उत्पन्न करता है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

शिक्षण और अधिगम आधारित कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी।

न्यूज ब्रीफ

पल्स पोलियो अभियान में आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं ने निभाई अहम भूमिका

अनंत ज्ञान, घनारी। घनारी तहसील में पोलियो जैसे रोग के शत प्रतिशत उन्मूलन के लिए आज 28 जून रविवार को अभियान के तहत क्षेत्र में नौनिहालों ने पोलियो ड्रॉप गटकी। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को इस अभियान को आगे बढाने के लिए विभाग के प्रतिनिधियों, आंगनबाडी व आशा कार्यकर्तायों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया। गगरेट के घनारी, नंगल जरियलां, दियोली, अम्बोआ , लोयर बनेहड़ा , मवा कोहलां में बूथ पर लाभार्थियों को हर साल की तरह नौनिहालों को दवा पिलाई। इस दौरान आंगनबाडी व आशा कार्यकर्तायों ने दवा पिलाई।

गगरेट में नौनिहालों को पिलाई पोलियो की खुराक

अनंत ज्ञान, गगरेट। पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के उद्देश्य से रविवार को गगरेट क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंदें पिलाई गईं। अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न बूथों पर पहुंचकर अभिभावकों को जागरूक किया और बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। गगरेट क्षेत्र के घनारी, नंगल जरियालां, दियोली, अम्बोआ, लोयर बनेहड़ा और मवा कोहलां सहित विभिन्न बूथों पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को समय-समय पर पल्स पोलियो की खुराक पिलाना बेहद आवश्यक है।

बंगाणा रिट सतरूखा में लगाई ठंडे जल की छबील

अनंत ज्ञान, बंगाणा। भीषण गर्मी के बीच बंगाणा के साथ लगते रिट सतरूखा में समाजसेवियों द्वारा मीठे और ठंडे की छबील लगाकर मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। गर्मी से राहत दिलाने के इस सेवा कार्य की लोगों ने खूब सराहना की और समाजसेवियों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर समाजसेवी राजेंद्र ठाकुर रिंकू ने स्वयं छबील में सेवा करते हुए राहगीरों को गन्ने का रस वितरित किया। राजेंद्र ठाकुर रिंकू ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को मीठा और ठंडा जल अथवा गन्ने का रस पिलाना सबसे बड़ा पुण्य और समाजसेवा का कार्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और जरूरतमंदों की निस्वार्थ सहायता करने से बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता। ऐसे छोटे-छोटे सेवा कार्य समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार समाजहित के कार्यों में योगदान देना चाहिए।

घुघन कलां में पेयजल की समस्या दूर

विधायक शर्मा विवेक के प्रयासों से हैंडपंप में लगी मोटर, नियमित हुई जलापूर्ति

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत थानाकलां के वार्ड घुघन कलां में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान होने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों और मार्ग दर्शन से हैंडपंप में मोटर स्थापित कर 20 से अधिक परिवारों को नियमित एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति उपलब्ध करवाई गई है। इससे क्षेत्र के लोगों को रोजाना पानी के लिए होने वाली परेशानी से बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय से पेयजल की समस्या के कारण उन्हें दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ता था। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। समस्या की जानकारी विधायक विवेक शर्मा तक पहुंचाई गई, जिसके बाद उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विभाग की ओर से हैंडपंप में मोटर स्थापित कर पानी की नियमित सप्लाई शुरू कर दी गई।

पंचायत थानाकलां के वार्ड घुघन कलां में मोटर लगे हैंडपंप से निकलता पानी। अनंत ज्ञान

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा से किसी भी परिवार को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। जहां भी पानी की समस्या सामने आएगी, वहां स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा ताकि लोगों को भविष्य में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर नई योजनाएं स्वीकृत करवाई गई हैं, जबकि पुरानी योजनाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उनका लक्ष्य केवल अस्थायी राहत देना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्थाएं विकसित करना है जिससे आने वाले वर्षों तक लोगों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के समग्र विकास के लिए सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं पर समान रूप से ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में जहां भी पेयजल संबंधी शिकायतें प्राप्त हों, उनका प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान किया जाए।

हैंडपंप में मोटर लगने और पानी की नियमित आपूर्ति शुरू होने के बाद ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विधायक क्षेत्र की जनसमस्याओं का इसी तरह संवेदनशीलता के साथ समाधान करते रहेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि अब घरों के नजदीक पर्याप्त पानी उपलब्ध होने से महिलाओं का समय बचेगा और दैनिक जीवन भी पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगा। उन्होंने इस कार्य के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की भी सराहना की तथा विधायक विवेक शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के प्रति उनकी सक्रियता और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण ही यह कार्य शीघ्र पूरा हो सका।

अभिषेक ने पिपलू मेले के सफल आयोजन पर विधायक विवेक शर्मा को दी बधाई

अनंत ज्ञान, बंगाणा। जिला स्तरीय पिपलू मेले के सफल एवं भव्य आयोजन की चर्चा अब राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी तेज हो गई है। प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर अभिषेक शर्मा ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा को मेले के सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। वहीं, मेले के शानदार प्रबंधन और आकर्षक कार्यक्रमों की भाजपा समर्थक और कार्यकर्ता भी सोशल मीडिया पर खुलकर सराहना कर रहे हैं। इससे यह आयोजन राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर जनसहभागिता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया है।

अभिषेक शर्मा ने जारी प्रेस बयान में कहा कि पिपलू मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं का सबसे बड़ा उत्सव है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मेले का आयोजन अत्यंत व्यवस्थित, अनुशासित और भव्य रहा, जिसमें धार्मिक अनुष्ठानों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक संध्याओं तथा स्टार नाइट जैसे कार्यक्रमों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इन आयोजनों में क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्टार नाइट कार्यक्रम इस बार मेले का सबसे बड़ा आकर्षण रहा।

अम्बोटा में छात्र की डंडों से पिटाई का वीडियो वायरल

अनंत ज्ञान

गगरेट। अम्बोटा क्षेत्र में एक युवक की कथित तौर पर डंडों से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। पॉलिटेक्निक संस्थान के पीछे एक पी.जी. परिसर का बताया जा रहा यह वीडियो सामने आने के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वीडियो में कुछ युवक एक युवक को घेरकर उसके साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। युवक की पहचान और वीडियो की वास्तविकता को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं यह भी स्पष्ट नहीं है कि वीडियो कब का है और इसमें शामिल लोग कौन हैं। मामले की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी। घटना को लेकर सबसे बड़ी चर्चा रैगिंग की आशंका को लेकर हो रही है, क्योंकि वीडियो में दिखाई दे रहे युवक छात्र प्रतीत हो रहे हैं। हालांकि दूसरी ओर यह भी संभावना जताई जा रही है कि मामला किसी पुराने विवाद या आपसी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। पुलिस जांच के बाद ही यह तय होगा कि इस घटना के पीछे असल कारण क्या था।

मामले को लेकर एसपी ऊना सचिन हिरेमठ ने कहा कि वायरल वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया है, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस वीडियो की सत्यता, घटना में शामिल युवकों की पहचान और पूरे मामले के कारणों की जांच करेगी।

पंचायत के विकास कार्यों में देंगे हरसंभव सहयोग : भुट्टो

दोबड़ पंचायत के जनप्रतिनिधियों का भाजपा कार्यालय बंगाणा में किया स्वागत

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ की दोबड़ पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान एवं वार्ड पंचों का शनिवार को भाजपा कार्यालय बंगाणा में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान सभी नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को फूलमालाएं पहनाकर और शुभकामनाएं देकर उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई। बैठक के दौरान पंचायत के समग्र विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रतिनिधियों ने पंचायत क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं और विकास संबंधी प्राथमिकताओं को

पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ। अनंत ज्ञान

पूर्व विधायक के समक्ष रखा। इस अवसर पर सड़क, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य विकास कार्यों को गति देने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने नवनिर्वाचित प्रधान, उपप्रधान और वार्ड पंचों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ खरा उतरना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पंचायतों का सशक्त होना ग्रामीण विकास की आधारशिला है और जनप्रतिनिधियों को बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोबड़ पंचायत के विकास के लिए जहां भी उनकी आवश्यकता होगी, वह हमेशा साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का भी आग्रह किया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और सहयोग पंचायत के विकास कार्यों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

बिलासपुर में जिले में 273 बूछों पर बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर में रविवार को सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का सफल आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंदें पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

पोलियो की दवा पिलाते उपायुक्त राहुल कुमार।

स्वास्थ्य विभाग ने इस अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के 26,901 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान के सफल संचालन के लिए जिलेभर में 273 पोलियो बूथ स्थापित किए गए, जहां 534 टीमों ने बच्चों को दवा पिलाई। इसके अलावा घागस पुल, घुमारवीं बस अड्डा, श्री नयना देवी जी रोप-वे, श्री नयना देवी जी बस अड्डा और ग्वालथाई पुलिस बैरियर सहित प्रमुख ट्रांजिट प्वाइंट पर भी विशेष पोलियो बूथ बनाए गए, ताकि यात्रा कर रहे बच्चों को भी पोलियो रोधी दवा की दो बूंदें पिलाई जा सकें। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जो बच्चे रविवार को किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके, उन्हें 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो रोधी दवा पिलाएंगी।

अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आशा कार्यकर्ताओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक पोलियो रोधी दवा पहुंचाना और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मोदी के मन की बात पर कांग्रेस का हमला, कई जन मुद्दों पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव ठाकुर हीरापाल सिंह ने प्रधानमंत्री के 135वें मन की बात कार्यक्रम को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक वर्ष में लगभग 10 बार अपने मन की बात देशवासियों के सामने रखते हैं, लेकिन आम जनता, किसानों, बेरोजगार युवाओं और छात्रों के मन की बात नहीं सुनते। हीरापाल सिंह ने आरोप लगाया कि किसान आत्महत्या, फसलों के उचित दाम, महंगे बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक और आर्थिक मंदी जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार मौन है। उन्होंने अग्निवीर योजना, सरकारी संपत्तियों के निजीकरण आदि के भी मुद्दा उठाए। हीरापाल सिंह ने कहा कि देश में नफरत, मॉब लिंचिंग और धर्म-जाति के नाम पर विभाजन की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन नीतियों की कड़ी निंदा करती है और सरकार को जनहित के असली मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

जुखाला कॉलेज बचाओ आंदोलन खूनी हस्ताक्षरों से हुआ उग्र

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय जुखाला से विज्ञान और वाणिज्य संकाय हटाए जाने के विरोध में दावीं घाटी में चल रहा आंदोलन अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन के पांचवें दिन लोगों ने दो घंटे तक चक्काजाम कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और 'खूनी हस्ताक्षर अभियान' शुरू किया।

हस्ताक्षर करने के लिए पिंच करवाते हुए एक बुजुर्ग।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पांच दिनों से चल रहे धरना-प्रदर्शन के बावजूद न तो कोई मंत्री और न ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचा, जिससे क्षेत्र में रोष बढ़ गया है। आंदोलन में 90 वर्षीय बुजुर्ग, महिलाओं और युवाओं ने खून से हस्ताक्षर कर विरोध दर्ज कराया।

जिला परिषद सदस्य सुरभि ठाकुर ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए खून से हस्ताक्षर किए और सरकार पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। आंदोलन मंच के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज करते हुए मंत्रियों का घेराव, शिमला कूच और सचिवालय घेराव जैसे बड़े कदम उठाए जाएंगे। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि जुखाला कॉलेज में विज्ञान और वाणिज्य संकाय तुरंत बहाल किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों के हित सुरक्षित रह सकें।

जनता को गुमराह कर रहे पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग: राहुल

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं नगर परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राहुल ठाकुर ने पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री चुनाव की तिथि को लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा कर रहे हैं, जबकि तिथि तय करने का अधिकार प्रशासन के पास होता है। राहुल ठाकुर ने आरोप लगाया कि जब चुनाव की प्रक्रिया तय थी, तब पूर्व मंत्री अपने ही पार्षदों के साथ बैठक में शामिल नहीं हुए और पूरी प्रक्रिया को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्षद चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार थे, लेकिन विपक्ष की अंदरूनी स्थिति के कारण स्थिति बिगड़ी। राहुल ठाकुर ने पूर्व मंत्री से सवाल किया कि वे अब दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपनी पार्टी की स्थिति स्पष्ट करें। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम का जनता अब जवाब देगी।

कलोल स्कूल में प्रबंधन समिति का गठन संपन्न

अनंत ज्ञान, भगेड। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलोल एवं राजकीय केंद्र पाठशाला कलोल में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 एवं 2027-28 के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का गठन आम सभा के माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजित आम सभा में लगभग 100 अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्वसम्मति से अनिल पराशर को स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा पुष्पा देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त समिति में 14 निर्वाचित सदस्य तथा 06 नामित सदस्य शामिल किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देश राज पुंडीर ने सभी अभिभावकों का सक्रिय सहभागिता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय, अभिभावकों एवं समुदाय के आपसी सहयोग से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल में हिमाचल को दिया जाए प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान, भगेड। अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ (पंजी.) दिल्ली के प्रधान, कृष्ण मुरारी लाल (केएम लाल) और हिमाचल कल्याण सभा (पंजी.) दिल्ली के प्रधान, राकेश शर्मा ने यहां जारी एक संयुक्त वक्तव्य में माननीय प्रधानमंत्री, नरेंद्र दामोदर दास मोदी से पुरजोर अनुरोध किया है कि आगामी संभावित, मंत्रिमंडल फेरबदल के समय हिमाचल प्रदेश को भी वरीयता के आधार पर, केंद्रीय मंत्री मण्डल में शामिल किया जाए। संघ के प्रैस सचिव सचिव कमल वर्मा ने यह जानकारी दी द्य

बिलासपुर कॉलेज में दाखिले की अंतिम तिथि 30 जून तक

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून (दोपहर 12 बजे) है। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि आवेदन में समस्या होने पर हेल्प डेस्क व प्राचार्य कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। सभी दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। सभी कोर्सों में सीटें उपलब्ध हैं, मेरिट सूची 30 जून को जारी होगी तथा नियमित कक्षाएं 1 जुलाई से प्रारंभ होंगी। इस वर्ष सभी कक्ष स्मार्ट पैनल से सुसज्जित हैं। हॉस्टल के लिए आवेदन भी मांगे गए हैं - कन्या हॉस्टल की मेरिट 1 जुलाई को, जबकि बॉयज़ हॉस्टल में सीटें 'फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व' के आधार पर दी जाएंगी।

भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, भराड़ी। भारतीय जनता पार्टी मंडल भराड़ी ने रविवार को भटेड़ स्थित दिनेश मैरिज पैलेस में प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई। जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रशिक्षण अभियान को समय पर पूरा करने का आह्वान किया और इसे संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। मंडल अध्यक्ष जोरावर सिंह ने सभी बूथ अध्यक्षों से शत-प्रतिशत पूर्णता सुनिश्चित करने को कहा। जिला सह मीडिया प्रभारी डॉ. ऋतिक शर्मा ने डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण पूरा करने की चरणबद्ध प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं की शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मजारी स्कूल ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली

अनंत ज्ञान स्वारघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 19 जून से 26 जून तक आयोजित (नशे के दुष्प्रभाव) विषयक जागरूकता सप्ताह का समापन शनिवार को भव्य जागरूकता रैली एवं नशा मुक्ति शपथ समारोह के साथ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने विद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो', 'स्वस्थ युवा-समृद्ध भारत' तथा 'नशा मुक्त समाज, हमारा संकल्प' जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने समस्त विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को स्वयं, अपने परिवार तथा समाज को नशे से दूर रखने की शपथ दिलाई।

धनी स्कूल में नशा विरोधी दिवस पर 124 लोगों ने लिया भाग

अनंत ज्ञान

भगेड। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनी में नशा निषेध दिवस मनाया गया, जिसमें लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अनिल शर्मा ग्राम पंचायत धनी के प्रधान कर्म सिंह और आयुर्वेदिक मेडिकल अधिकारी प्रोमिला देवी, पाठशाला के 95 विद्यार्थियों सहित अन्य लोगों में भाग लिया। इस आयोजन में कुल 124 लोगों ने भाग लिया इस मौके पर पाठशाला के छात्रों एवं छात्राओं ने भी नशे के विरुद्ध जागरूकता पर भाषण दिया।

जिसके उपरांत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर की तरफ से रिसोर्स पर्सन लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अनिल शर्मा ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर ग्राम पंचायत धनी के प्रधान कर्म सिंह ने भी बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और ग्राम पंचायात प्रधान ने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर से निवेदन किया कि भविष्य में ऐसे आयोजन हमारी ग्राम पंचायत में होते रहेंगे तो हमारी युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आने से बच पाएगी उन्होंने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर का धन्यवाद किया।

भूमि विवाद : मंगरोट में सड़क पर पत्थर रखकर रोका यातायात

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। बिलासपुर जिले के घागस-ब्रह्मपुखर मार्ग पर स्थित मंगरोट में एक बार फिर भूमि विवाद सड़क पर उतर आया। खुद को जमीन का मालिक बताने वाले राजन कांत शर्मा ने सड़क पर बड़े पत्थर और अन्य अवरोध रखकर यातायात बाधित कर दिया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

राजन कांत शर्मा का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग ने उनकी करीब 17 बिस्वा निजी भूमि पर सड़क का निर्माण कर दिया है। उनका दावा है कि राजस्व विभाग की निशानदेही में भी संबंधित भूमि उनकी माता सीता देवी के नाम दर्ज पाई गई, लेकिन इसके बावजूद न तो विभाग ने जमीन का मामला सुलझाया और न ही उचित मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की। इसी के विरोध में उन्होंने सड़क पर पत्थर रखकर अपना विरोध दर्ज कराया।

चिंता की बात यह है कि स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार को इसी स्थान पर सड़क पर पड़े अवरोधों के कारण एक स्कूटर और एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हालांकि इन दुर्घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर अचानक रखे गए पत्थरों और अवरोधों के कारण वाहन चालक असंतुलित हो गए। यदि यह दावा सही है तो यह केवल यातायात बाधित करने का मामला नहीं, बल्कि आम लोगों की जान को खतरे में डालने का गंभीर विषय भी है।

सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची तथा सड़क से अवरोध हटवाकर यातायात बहाल कराया, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि भूमि मालिक का दावा सही है तो इतने लंबे समय से विवाद का समाधान क्यों नहीं हुआ? और यदि दावा सही नहीं है तो प्रशासन ने अब तक इस मामले का स्थायी निपटारा क्यों नहीं किया? एक ओर यदि किसी नागरिक की निजी भूमि पर बिना वैधानिक प्रक्रिया के सड़क बनाई गई है तो उसे न्याय मिलना चाहिए, वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक सड़क पर पत्थर रखकर आम लोगों की जान जोखिम में डालना किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस पूरे मामले में प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

चार किलो चरस मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर पुलिस ने 4 किलो 100 ग्राम चरस बरामदगी मामले की जांच में एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान यशवंत सिंह (32 वर्ष) निवासी गांव बाहण, डाकघर सोमनाचनी, उपतहसील बाली चौकी, जिला मंडी के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी चरस की खेप ले जा रहे वाहन को अपनी गाड़ी से एस्कॉर्ट (पायलट) कर रहा था, ताकि खेप को सुरक्षित तरीके से उसके गंतव्य तक पहुंचाया जा सके और रास्ते में किसी प्रकार की बाधा आने पर समय रहते सूचना दी जा सके।

पुलिस ने आरोपी द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे वाहन संख्या एच पी 87 ए ए, -0860 को भी कब्जे में ले लिया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही 4.100 किलो चरस बरामदगी के इस

मामले में अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिला पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि इस नशा तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, बरामद चरस की खेप का वास्तविक स्रोत क्या था तथा इसे किस स्थान तक पहुंचाया जाना था।

पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

चंबा की उड़नपरी सीमा का गोल्डन धमाका राष्ट्रीय स्पर्धा में जीता दूसरा स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान

चंबा। चंबा जिला से संबध रखने वाली अंतरराष्ट्रीय धाविका उड़नपरी सीमा ने एक बार फिर देश भर में चम्बा नाम गर्व से ऊंचा किया है। 24 से 28 जून तक भुवनेश्वर (उड़ीसा) के कलिंगा स्टेडियम में चल रही 65वीं राष्ट्रीय स्तर की इंटरस्टेट सीनीयर प्रतियोगिता में 10000 मीटर की दौड़ 34:28:75 में पूरी कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह भारत का सबसे बड़ा ट्रैक प्रतियोगिता होती है और यहीं से एशियन गेम्ज़ के लिये चयन होता है। एशियन गेमज़ में चयन के लिये सीमा ने फोरन रेस में 5 हजार मीटर की दौड़ में पहले ही टाइमिंग क्वालिफाई कर लिया था । परंतु इस प्रतियोगिता में पहला स्थान लेने के बाद ही एशियन गेम्ज़ के लिये चयन होना था। इसलिए एशियन गेम्स के लिये अब सीमा का चयन हो गया है।

सीमा ने एशियन गेम्स में क्वालिफाई के लिये इन दोनों प्रतियोगिताओं के लिये कड़ी मेहनत की है । इसके लिये वह अपने फोर्न कोच स्कॉट सिमनज़ जो यूएसए से हैं और भारतीय कॉच अजीथ जो कि रिलाइंस यूथ स्पोर्ट की तरफ से हैं । इस वक्त रिलाइंस यूथ स्पोर्ट्स सीमा के स्पोंसर है जिनकी मुख्य भूमिका है सीमा की इस कामयाबी के लिये । सीमा ने इस सबका इस कामयाबी के लिये धन्यवाद किया। सीमा का अगला लक्ष्य है एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक भारत के लिये लाना। यह प्रतियेगिता सितंबर माह में नगोया जापान में होगी ।

लिल्ह-राड़ी-भटवाड़ा सड़क धंसी रावी नदी में समाने का बढ़ा खतरा

एकमात्र संपर्क मार्ग बदहाल, दर्जनों पंचायतों की कनेक्टिविटी पर संकट

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। लिल्ह-राडी-भटवाड़ा सहित दर्जनों पंचायतों को जोड़ता एकमात्र संपर्क सड़क मार्ग गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा में चूड़ी जीरो से लेकर चूड़ी पुल तक लगभग 100 मीटर तक सड़क मार्ग पूरी तरह रावी नदी में धस चुका है जिससे यह सड़क मार्ग बेहद संकरा वह जानलेवा बना हुआ है।

एनएचपीसी चरण 3 के अधीन पड़ता है यह सड़क मार्ग एनएचपीसी कार्यालय से महज चंद मीटर की दूरी पर पिछले एक वर्ष से बुरी तरह क्षतिग्रस्त है गौरतलब है कि इस सड़क मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन दौड़ते हैं जरा सी चूक यहां वाहन चालकों व राहगीरों के लिए भारी साबित हो सकती है। समय रहते यदि इस सड़क मार्ग की सुध न ली तो आने वाले दिनों में यह सड़क मार्ग पूरी तरह रावी नदी में जा गिरेगा जिससे दर्जनों पंचायतों को जोड़ने वाले इस सड़क मार्ग पर सैकड़ों वाहनों के पहिए थम सकते हैं।

चूड़ी जीरो से चूड़ी पुल तक जानलेवा बनी सड़क। अनंत ज्ञान

वहीं बहुत सी निजी बसें भी चंबा धरवाला लिल्ह रूट पर प्रतिदिन दौड़ती हैं जिनका टर्निंग पॉइंट भी चूड़ी जीरो से होकर गुजरता है ऐसे में इस धसते व बेहद संकरे सड़क मार्ग पर धरवाला से लिल्ह व लिल्ह से धरवाला की तरफ आने जाने वाली बसें भी चूड़ी जीरो नामक बेहद संकरे वह धसते टर्निंग पॉइंट पर मुड़तीं हैं चालक की जरा सी लापरवाही यहां भारी साबित पड़ सकती है। वहीं दूसरी तरफ बहुत से टैक्सी चालक भी धरवाला में पार्किंग ना होने के कारण यहां बस स्टॉप पर सवारियों का इंतजार करते हैं अपनी आजीविका चलाने के लिए मजबूरन उन्हें भी अपने वाहन इसी धसते सड़क मार्ग पर खड़े करने पड़ते हैं। स्थानीय लोगों अनित, जोगिंदर, राजेंद्र, बालकृष्ण, लक्ष्मी, विमला देवी, निक्कू ठाकुर सहित बहुत से लोगों का कहना है की चूड़ी जीरो से लेकर चूड़ी पुल तक धसते सड़क मार्ग पर डंगों का निर्माण किया जाए ताकि काफी हद तक रावी के बहाव को रोका जा सके वहीं वाहन चालकों सहित राहगीरों का सफर भी सुगम व सुरक्षित हो सके।

शलेला बाड़ी पंचायत में वार्ड सदस्यों का शपथ समारोह, विकास का लिया संकल्प

वार्ड सदस्यों ने शपथ समारोह में विकास का संकल्प लिया।

अनंत ज्ञान

हाशू शेख, चुराह। ग्राम पंचायत शलेला बाड़ी में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी वार्ड सदस्यों ने निष्पक्षता और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ लेते हुए पंचायत के समग्र विकास का संकल्प लिया।

समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों ने कहा कि पंचायत के विकास को नई गति देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत में पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाते हुए प्रत्येक वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाएगा। वार्ड सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने ग्रामवासियों के सहयोग से विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने और जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का भी संकल्प व्यक्त किया। समारोह के दौरान ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि नई टीम पंचायत को विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए आयामों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

डलहौजी में 793 बच्चों को पिलाई पोलियो खुराक

पर्यटन सीजन में भी नहीं रुका पल्स पोलियो अभियान, डलहौजी में चला विशेष अभियान

अनंत ज्ञान

डलहौजी। राष्ट्रीय आईपीपीआई-9 (इंटेंसिफाइड पल्स पोलियो इम्यूनाइजेशन) अभियान के तहत डलहौजी अस्पताल के अंतर्गत बलेरा डिस्पेंसरी में रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो प्लस की खुराक पिलाई गई। अभियान के दौरान कुल 793 बच्चों को पोलियो रोधी दवा देकर उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन बीएमओ डॉ. श्याम की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग ने विशेष रूप से पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बच्चों के साथ-साथ डलहौजी भ्रमण पर आए पर्यटकों के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाई, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक अभियान से वंचित न रहे। अभियान की सफलता में आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों को जागरूक करने, बच्चों को बूथों तक लाने तथा अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

एमएचएस अश्विनी कुमार ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्रत्येक पल्स पोलियो अभियान में पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि भविष्य की पीढ़ी को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सके।

डीसी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, चंबा। राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान (आईपीपीआई) के अंतर्गत रविवार को जिला चंबा में अभियान का शुभारंभ उपायुक्त चंबा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने जन्म से पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पोलियो बूथ मे ले जाकर अवश्य पिलाये।जिस से उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि जिले में इस अभियान के तहत कुल 50,759 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए जिले भर में 542 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें 12 शहरी बूथ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त यात्रियों एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 3 ट्रांजिट प्वाइंट स्थापित किए गए हैं, जो चम्बा बस स्टैंड, समोट बस स्टैंड तथा चैक पॉइंट तुनुहट्टी में बनाए गए हैं।

वक्ताओं ने नारी संवेदनाओं सशक्तिकरण व साहित्यिक अभिव्यक्ति पर रखे विचार

अनंत ज्ञान, चंबा। महिला साहित्यकार संस्था, हिमाचल प्रदेश द्वारा आभासी माध्यम से 'नारी मन की संवेदना' विषय पर एक गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर के साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं साहित्य प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डाईट सरू, चंबा की छात्रा अंजलि द्वारा प्रस्तुत माँ सरस्वती वंदना से हुआ। संचालन डॉ. कविता बिजलवान ने किया और नारी संवेदनाओं की सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि डॉ. मृदुला (केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला) ने कहा कि नारी की संवेदनशीलता समाज की मजबूती की आधारशिला है। विशिष्ट वक्ताओं जिंदी देवी और रीमा शर्मा ने नारी शिक्षा, आत्मनिर्भरता, संघर्ष और साहित्य में उनकी अभिव्यक्ति पर विचार साझा किए। संस्था की प्रांत अध्यक्ष डॉ. रीता सिंह ने साहित्य को सामाजिक चेतना का दर्पण बताते हुए महिलाओं की सृजनशीलता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन आभार ज्ञापन के साथ हुआ और इसे साहित्यिक संवेदना का प्रेरक उदाहरण बताया गया।

सलूणी पंचायत समिति चुनाव में देरी पर भाजपा का सरकार के खिलाफ मोर्चा

अनंत ज्ञान

चंबा। सलूणी पंचायत समिति के चुनाव में हो रही लगातार देरी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। जिला मुख्यालय चंबा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डी.एस. ठाकुर ने सरकार पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सलूणी पंचायत समिति के चुनाव जानबूझकर टाले जा रहे हैं, जो लोकतंत्र की भावना के साथ खुला खिलवाड़ है।

उन्होंने कहा कि पंचायत समिति के गठन को एक माह तक का समय हो चुका है, लेकिन आज तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि तक घोषित नहीं की गई। सरकार के प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के समक्ष कई बार इस मुद्दे को उठाया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने कहा कि चुनाव लंबित रहने से पंचायत समिति पूरी तरह निष्क्रिय बनी हुई है और क्षेत्र में विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

डीएस ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के नुमाइंदे पंचायत समिति के सदस्यों की कथित खरीद-फरोख्त में जुटे हैं और राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से चुनाव प्रक्रिया को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने को तैयार है तो फिर चुनाव कराने में आखिर देरी क्यों की जा रही है। भाजपा विधायक ने सरकार को 30 जून तक का स्पष्ट अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि इस

◆ **डीएस ठाकुर का आरोप जानबूझकर लटकाए जा रहे हैं पंचायत समिति चुनाव**

अवधि के भीतर सलूणी पंचायत समिति के चुनाव नहीं करवाए गए तो भाजपा जनता के साथ मिलकर सलूणी में बड़ा जनआंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन से लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन तक की रणनीति बनाई जाएगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की रक्षा व जनता के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी तथा सरकार की इस कथित मनमानी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएस ठाकुर ने राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होकर जनसेवा में लौटने की उम्मीद भी जताई।

एसएमओ खरड़ डॉ. राजेश के तबादले पर संगठनों का विरोध

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, खरड़। सिविल अस्पताल खरड़ के एसएमओ डॉ. राजेश कुमार के तबादले के विरोध में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक समाजसेवी अशोक बजहेड़ी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तबादला रद्द नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई।

बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राजेश कुमार ने मेडिकल ऑफिसर और बाद में एसएमओ के रूप में अपनी कार्यशैली और मरीजों के प्रति व्यवहार से लोगों का विश्वास जीता है। उनके कार्यकाल में अस्पताल में जनहित से जुड़े कई सुधार किए गए, लेकिन कुछ लोगों ने निजी स्वार्थ के चलते उनके खिलाफ माहौल बनाया। लायंस क्लब के चेयरमैन सुभाष अग्रवाल ने आरोप लगाया कि अस्पताल में किए गए सुधार कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों को रास नहीं आए, जिसके चलते डॉ. राजेश के खिलाफ साजिश रची गई। उन्होंने कहा कि उनका तबादला इलाके के लिए बड़ा नुकसान होगा।

बैठक में सरकार से डॉ. राजेश कुमार का तबादला तत्काल रद्द करने की मांग की गई। संगठनों ने चेतावनी दी कि मांग नहीं मानी गई तो जनहित में व्यापक संघर्ष शुरू किया जाएगा।

सिरसा में चार नशा तस्कर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सिरसा। पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से चार तस्करों को गिरफ्तार कर चूरापोस्त व हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी कमलेश, गुरलाल सिंह, विष्णु व भीमा सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए डबवाली पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव अहमदपुर दारेवाला क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति प्लास्टिक का थैला लेकर आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे रोका और तलाशी ली तो उसके कब्जे से साढ़े सात किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान कमलेश के रूप में हुई।

इसके अलावा पुलिस ने गांव केवल क्षेत्र से आरोपी गुरलाल सिंह को दो किलोग्राम चूरापोस्त सहित दबोचा है। सीआईए डबवाली पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गांव पन्नीवाला मोरिका से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से सात ग्राम हेरोइन बरामद की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विष्णु के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे भीमा सिंह ने हेरोइन सप्लाई की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सप्लायर भीमा सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है।

भाजपा नेता डॉ. सुधा यादव ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। भाजपा संसदीय बोर्ड की माननीय सदस्य, पूर्व सांसद एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सुधा यादव ने आज भाजपा कार्यकर्ता अवी भसीन के निवास पर शिष्टाचार भेंट की। उनके आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं परिवारजनों से स्नेहपूर्ण संवाद किया।

इस अवसर पर भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. सुधा यादव जी एवं मल्होत्रा ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुधा यादव ने शक्ति देव शाल्ली जी से संगठन की कार्यप्रणाली एवं कार्यपद्धति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा, चंडीगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष सोनम वर्मा जी से भी भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा महिला मोर्चा की कार्ययोजना को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रविंद्र मलिक जी, सूचा सिंह जी, मोहन वर्मा एवं रजनीकांत मुखर्जी भी उपस्थित रहे।

फरीदाबाद : दीवार गिरने से बच्ची की मौत, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, फरीदाबाद। फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी में शनिवार शाम 15 फुट ऊंची दीवार गिरने से 8 वर्षीय बच्ची की मौत के मामले में सारण थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई करने वाले तीन पार्टनरों और प्लॉट मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हादसे के बाद इलाके में भारी आक्रोश देखने को मिला।

देर रात लोगों ने मटेरियल सप्लायर के कार्यालय पर पथराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने रविवार को बताया कि बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि, शनिवार की शाम संजय कालोनी के रहने वाली महिला शीतल अपनी बेटी दिव्या, खुशी, सृष्टि के साथ पर्वतीय कॉलोनी में मामा के घर जा रही थी।

मामा के घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर ही वह एक 15 फुट ऊंची दीवार के पास से गुजर रही थी। दीवार के पास एक अन्य महिला अपनी बेटी के साथ मौजूद थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस समय महिला बच्चों के साथ यंहा से गुजर रही थी उसी समय 15 फुट ऊंची दीवार अचानक से गली में आकर गिर गई। लोगों ने बताया कि बिल्डिंग मटेरियल को जेसीबी की मदद से दीवार के साथ ऊंचाई पर लगाया जा रहा था। जिससे दीवार ज्यादा वजन को सह नहीं सकी और गली में आकर गिर गई। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान वहां 2 महिलाओं सहित 4 बच्चियां दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकले और फावड़ों की मदद से दबी हुई महिला और बच्चियों को बाहर निकाला।

टेन एक्स यू कार्यक्रम में डॉ. एचके खरबंदा को सम्मान

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़/मोहाली। एमिटी यूनिवर्सिटी पंजाब में आयोजित 'टेन एक्स यू-नेवर स्टॉप प्लेइंग' कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ होम्योपैथ एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान से जुड़े डॉ. एचके खरबंदा को उनके सामाजिक और स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

यह सम्मान अभिनेता और कॉमेडियन गुरप्रीत घुग्गी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में टेन एक्स यू के सीईओ कार्तिक गुरुमूर्ति और पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट पीएमएस बांगा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने वीडियो संदेश के माध्यम से खेल में अनुशासन, फिटनेस और निरंतर अभ्यास के महत्व पर जोर दिया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. एचके खरबंदा ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित फिटनेस और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।

टैंकर में 201 किलो गांजे समेत दो तस्कर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, पलवल। एंटी नारकोटिक्स सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटा टैंकर में छिपाकर ले जाई जा रही 201.75 किलोग्राम गांजे की खेप बरामद की है। बरामद नशे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उन्हें सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी विश्व गौरव ने बताया कि 26-27 जून की रात हसनपुर चौक, होडल के पास नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध केंटर को रोका गया। जांच में गांजे को कांच की बोतलों के कट्टों के नीचे छिपाकर रखा गया था।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राजस्थान के अलवर निवासी पवन कुमार और लियाकत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों केंटर में उड़ीसा से गांजा लाकर अलवर ले जा रहे थे। बरामदगी के बाद पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़े नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

चंडीगढ़ सेक्टर 24 में पल्स पोलियो कैंपेन का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। हेल्थ डिपार्टमेंट, चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन ने पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्घाटन सेक्टर 24, चंडीगढ़ में किया गया। मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर 24 के चेयरमैन रविंदर सिंह बिल्ला ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो-दो बूंदें पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर 24 के प्रेसिडेंट अवनीश बंसल और डॉ. सुरीति (एएमओ),एएनएम और सेक्टर 24 सुपरवाइजर बबीता भी उपस्थित थे।

एएएम आयुष सेक्टर 24/बी चंडीगढ़ में एक पल्स पोलियो कैंप लगाया गया यहां बच्चों को वैक्सीन लगाई गई। सेक्टर 24, चंडीगढ़ में तीन और अलग-अलग जगहों पर भी वैक्सीनेशन बूथ लगाए गए थे। इम्यूनाइजेशन ड्राइव को आसानी से और असरदार तरीके से लागू करने के लिए अलग-अलग बूथों पर इस्तेमाल के लिए वैक्सीनेशन कैरियर बॉक्स बांटे गए। मौजूद लोगों ने हेल्थ डिपार्टमेंट की पहल की तारीफ की और पोलियो खत्म करने की उसकी लगातार कोशिशों की तारीफ की। उन्होंने भारत को पोलियो-फ्री बनाने में मिलकर हिस्सा लेने की अहमियत पर जोर दिया और लोगों से इस कैंपेन को एक्टिवली सपोर्ट करने के लिए कहा। रविंद्र सिंह बिल्ला ने कहा कि पोलियो की दो बूंदें न केवल बच्चों को आजीवन सुरक्षा देती हैं, बल्कि यह स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र की नींव भी रखती हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी एक बच्चे को जीवनभर पराश्रित बना सकती है, इसलिए इसे पूरी तरह खत्म करना हम सभी का कर्तव्य है।

एसआईआर-2026: एडीसी गीतिका सिंह ने बूथों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर साहिबजादा अजीत सिंह नगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिले में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर-2026) के तहत एन्यूमरेशन फॉर्मों के वितरण एवं भरवाने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल)-कम-अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी गीतिका सिंह ने मतदान केंद्रों का दौरा किया।

दौरे के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बी एल ओ) से संवाद करते हुए उन्हें अधिक से अधिक एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे एस आई आर-2026 के तहत अपने एन्यूमरेशन फॉर्म समय पर भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करवाएं, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। गीतिका सिंह ने सेक्टर-70 के बूथ संख्या 242 एवं 255, मटौर क्षेत्र के बूथ संख्या 133, 232, 233, 234 एवं 235 तथा सेक्टर-78 और 79 के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

कोटली में 12 करोड़ के विकास कार्य लोकार्पित

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ब्यास नदी पर निर्मित बेली सस्पेंशन ब्रिज का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी सदर उपमंडल की ग्राम पंचायत कोट तुंगल के कून का तर में लगभग 12.08 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।। मंत्री ने 825 लाख रुपए की लागत से ब्यास नदी पर निर्मित बेली सस्पेंशन ब्रिज का शुभारंभ किया।

वर्ष 2023 की भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान व्यास नदी में आई बाढ़ में यह पुल बह गया था। नए पुल के निर्माण से जोगिंदर नगर, मंडी सदर तथा द्रंग विधानसभा क्षेत्र के लाखों लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर उन्होंने 275.97 लाख रुपये की लागत से निर्मित 5.500 किलोमीटर जबलाही नाला-बरनोटा-कड़कोह सड़क का भी उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त 107.75 लाख रुपये की लागत से निर्मित 2 किलोमीटर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 003से सताहन सड़क का भी शुभारंभ किया।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास, बेहतर सड़क संपर्क, परिवहन सुविधाओं के विस्तार तथा रोजगार सृजन के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जनहित से जुड़े सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कून से जोगिन्दरनगर सड़क के उन्नयन के लिए नई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर सड़क निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि मंडी-जोगिन्दरनगर वाया कोटली मार्ग पर सभी बस सेवाएं शीघ्र पुनः आरंभ की जाएंगी। इसके लिए स्थानीय प्रशासन एवं हिमाचल पथ परिवहन निगम को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस अवसर पर एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जीवन ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव दीपक शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंपा ठाकुर, जिला कांग्रेस महासचिव योगेश पटियाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेम राज वर्मा ,युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष तरुण ठाकुर आश्रय शर्मा, एएसपी अभिमन्यु वर्मा, एससी पीडब्ल्यूडी, विनोद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

थाना पलौन पावर प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी भू-भू जोत टनल की डीपीआर हो रही तैयार

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि थाना पलौन पावर प्रोजेक्ट को वन अधिकार अधिनियम के तहत आवश्यक मंजूरी प्राप्त हो चुकी है तथा इसका निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से प्रदेश को राजस्व प्राप्त होगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। मंत्री ने कहा कि भू-भू जोत टनल को सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है तथा इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम होगा, यात्रा समय में कमी आएगी तथा यह टनल सामरिक एवं रक्षा की दृष्टि से भी मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने विश्राम गृह कोटली तथा कून में लोगों की समस्याएं सुनीं तथा मौके पर ही उनका निपटारा किया। प्रैस क्लब कोटली के प्रधान वासुदेव शर्मा, महासचिव विजय कुमार, सचिव हँस राज सहित प्रेस क्लब का सदस्यों ने लोक निर्माण मंत्री को सम्मानित किया तथा अपनी मांगें उनके समक्ष रखी। मंत्री ने सहानभूतिपूर्वक उनकी मांगों के समाधान का आश्वासन दिया।

सुंदरनगर के जॉनी चौधरी बने अंडर-20 कुश्ती टीम के कोच

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। जिला मंडी के सुंदरनगर उपमंडल के जरल गांव निवासी एवं अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच जॉनी चौधरी का चयन भारतीय अंडर-20 पुरुष फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम के कोच के रूप में हुआ है। वह 30 जून से 5 जुलाई 2026 तक थाईलैंड में आयोजित होने वाली अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय टीम के कोच के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे। जॉनी चौधरी परशुराम पुरस्कार से सम्मानित हैं, जो हिमाचल प्रदेश का सर्वोच्च खेल सम्मान है।

वे एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच भी हैं। भारतीय टीम के कोच के रूप में उनका चयन जिला मंडी एवं पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर जॉनी चौधरी ने हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ, भारतीय कुश्ती महासंघ, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्षराजेंद्र ठाकुर का उन पर विश्वास जताने, सहयोग प्रदान करने और भारतीय टीम के कोच के रूप में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय टीम का कोच बनना उनके लिए गर्व, सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी का विषय है। वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे तथा भारतीय टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस उपलब्धि पर जिला मंडी कुश्ती संघ के अध्यक्ष अंकित जमवाल एवं महासचिव सुरेंद्र चौधरी ने जॉनी चौधरी को भारतीय अंडर-20 पुरुष फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम का कोच नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जॉनी चौधरी के अनुभव का लाभ भारतीय टीम को मिलेगा तथा टीम चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगी।

महिला टीचर ने उपप्रधान पर लगाए दुष्कर्म के आरोप

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत एक महिला शिक्षक ने ग्राम पंचायत रोहांडा के उपप्रधान पर दुष्कर्म करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, उसकी मान-प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की धमकी तथा उसके पति और बेटे को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय पीड़ित महिला तहसील बल्ह की रहने वाली है और पांगणा क्षेत्र में बतौर शिक्षक सेवाएं दे रही हैं। इसी दौरान ग्राम पंचायत रोहांडा का उपप्रधान बीते माह पीड़िता के कमरे में आकर उसके साथ जबरदस्ती कर दुष्कर्म किया। शिकायतकर्ता अनुसार अब आरोपी उसके फोटो की फ्लेक्स बनाने और मान सम्मान खराब करने की धमकी दे रहा है।

◆ **पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच**

पीड़ित महिला ने कहा कि आरोपी उसके पति और बेटे को मारने की भी धमकी देने के अलावा पीछा भी करता रहता है। इस पर पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

मंत्री अनिरुद्ध सिंह और राजेश धर्माणी बोले-धमकियों की राजनीति कर रहा विपक्ष

भाजपा का कर्मचारी विरोधी चेहरा फिर बेनकाब

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश कांग्रेस सरकार ने भाजपा पर अधिकारियों और कर्मचारियों को राजनीतिक दबाव में लेने तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को प्रभावित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। सुक्खू सरकार का कहना है कि कानून अपना काम कर रहा है और किसी भी मामले का फैसला राजनीतिक मंचों पर नहीं, बल्कि न्यायालयों में होता है।

शिमला से जारी संयुक्त प्रेस बयान में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा नेताओं के हालिया बयान भाजपा के कर्मचारी विरोधी चरित्र को एक बार फिर उजागर करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सार्वजनिक मंचों से अधिकारियों और कर्मचारियों को धमकाने तथा उनके वैधानिक और प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में राजनीतिक दबाव बनाने का प्रयास कर रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रशासनिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुकदमे की वैधता या अवैधता का निर्णय केवल अदालतें करती हैं, न कि राजनीतिक नेता। मंत्रियों ने कहा कि भाजपा यह स्पष्ट करे कि उसके शासनकाल में कानून के तहत दर्ज होने वाले मुकदमे क्या गलत थे। यदि उस समय कानूनी प्रक्रिया उचित मानी जाती थी तो आज उसी प्रक्रिया पर सवाल उठाना भाजपा की दोहरी मानसिकता और राजनीतिक अवसरवादिता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आंतरिक गुटबाजी और नेतृत्व संकट से जूझ रही है तथा जनता का ध्यान वास्तविक मुद्दों से हटाने के लिए अनावश्यक विवाद खड़े कर रही है।

◆ **कहा-अधिकारियों-कर्मचारियों पर राजनीतिक दबाव बनाना लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण**

कर्मचारियों के हितों के लिए कांग्रेस सरकार ने उठाए ठोस कदम

मंत्री अनिरुद्ध सिंह और राजेश धर्माणी ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार कानून के राज, प्रशासनिक निष्पक्षता तथा कर्मचारियों और अधिकारियों की गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व भाजपा सरकार को केंद्र से आरडीजी और जीएसटी क्षतिपूर्ति के रूप में लगभग 60 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिलने के बावजूद कर्मचारियों को वेतन आयोग के एरियर और अन्य वित्तीय लाभ नहीं दिए गए। इसके विपरीत वर्तमान सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने सहित कर्मचारियों और अधिकारियों के हितों की सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं और भविष्य में भी निष्पक्ष प्रशासन तथा जनहित के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

सचित कालिया ने चिंतपूर्णी थाना के प्रभारी का संभाला कार्यभार

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। शक्तिपीठ श्री चिंतपूर्णी मंदिर में नवनियुक्त थाना प्रभारी सचित कालिया ने रविवार को मां चिंतपूर्णी के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने थाना चिंतपूर्णी का कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान ट्रैफिक इंचार्ज दीपक राणा और एएसआई राजेश कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। मंदिर में दर्शन के दौरान थाना प्रभारी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और बेहतर कानून व्यवस्था की कामना की। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा तथा अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करी और नशा माफिया के खिलाफ पुलिस का अभियान पहले की तरह पूरी सख्ती से जारी रहेगा। नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा सके। थाना प्रभारी सचित कालिया ने कहा कि चिंतपूर्णी आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की सुविधा पुलिस की प्राथमिकता रहेगी।

हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं का निकला जनाजा : जयराम

कुल्लू से आईजीएमसी तक मरीज बेहाल, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के दावे करने वाली सरकार के कार्यकाल में आज पूरे हिमाचल की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति आम लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है और सरकार केवल घोषणाओं व प्रचार तक सीमित रह गई है। जयराम ठाकुर ने जिला कुल्लू अस्पताल में गर्भवती महिला रजनी शर्मा की उपचार के दौरान हुई दुखद मृत्यु का उल्लेख करते हुए कहा कि परिजनों ने इलाज में गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं,

जिनकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिमला स्थित आईजीएमसी जैसे प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में भी आपातकालीन स्थिति के दौरान लिफ्टें खराब रहने से मरीजों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को कंधों पर उठाकर ले जाना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर सामने रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि सोलन अस्पताल में भी ऑपरेशन के बाद महिला की मृत्यु के मामले में परिजनों ने लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन अब तक व्यवस्था में कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं दिया। टांडा में लगातार अव्यवस्था की खबरें सामने आ रही हैं, जबकि जिला अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी के कारण मरीजों को छोटी-छोटी गंभीर बीमारियों में भी रेफर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई अस्पतालों में पूरे विभागों के डॉक्टरों का तबादला कर दिया जाता है, जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नैरचौक में नहीं हो रही रोगी कल्याण समिति की बैठक

जयराम ठाकुर ने नेरचौक मेडिकल कॉलेज में पिछले चार वर्षों से रोगी कल्याण समिति की बैठक न होने तथा स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अब तक वहां का दौरा न करने पर भी सवाल उठाए। वहीं चम्मियाना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की अव्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के सरकार के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं।

16.41 ग्राम चिट्टे संग आरोपी काबू

अनंत ज्ञान, इंदौरा। नूरपुर पुलिस जिला की एसपी इल्मा अफरोज के दिशानिर्देश अनुसार अंतर्गत अपराध जांच शाखा की टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। सीआईए नूरपुर की टीम को एक पुख्ता और विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मठोली (जसूर) के समीप नाकाबंदी की और संदेह के आधार पर एक युवक को रोक, जब युवक की तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से 16.41 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान करण कुमार (उम्र 24 वर्ष) पुत्र राकेश कुमार निवासी गली नं. 2, मकबूलपुरा, तहसील एवं जिला अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

किन्नौर कैलाश यात्रा को लेकर देव समाज और प्रशासन में ठनी

देव समाज ने सीएम सुक्खू, मंत्री नेगी व जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। किन्नौर कैलाश की पवित्र वादियों में आस्था, परंपरा व प्रकृति के संरक्षण को लेकर गंभीर बहस भी आकार ले रही है। सदियों पुरानी देव संस्कृति के संवाहक स्थानीय देव समाज ने प्रस्तावित किन्नौर कैलाश यात्रा पर गंभीर आपत्ति जताते हुए प्रशासन से तत्काल पुनर्विचार की मांग की है। लिहाजा, यदि देव आदेशों, स्थानीय धार्मिक परंपराओं और प्राकृतिक संतुलन की अनदेखी कर यात्रा का संचालन किया गया तो इसके दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार देव समाज टुकपा खुनाडंग ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी तथा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया है कि यात्रा को तब तक स्थगित रखा जाए, जब तक स्थानीय देव समाज और संबंधित ग्राम समुदायों के साथ विस्तृत संवाद नहीं हो जाता। ज्ञापन में कहा गया है कि किन्नौर कैलाश क्षेत्र सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक संतुलन का भी प्रतीक है। देव समाज का दावा है कि किन्नौर कैलाश क्षेत्र में प्रवेश से पहले परंपरागत रूप से देवी-देवताओं से देव आदेश लिया जाता है। इस वर्ष विभिन्न गांवों के देवी-देवताओं ने यात्रा संचालन पर आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि वर्तमान व्यवस्था में स्थानीय धार्मिक मान्यताओं और सदियों पुरानी परंपराओं की अनदेखी की जा रही है, जिससे क्षेत्र का आध्यात्मिक और प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। देव समाज ने प्रशासन के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें देव आदेश के आधार पर किन्नौर कैलाश यात्रा को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करने, यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में प्रशासन और आयोजन समिति की जिम्मेदारी तय करने, देव आदेश की अवहेलना को स्थानीय धार्मिक आस्था के विरुद्ध मानने, धार्मिक परंपराओं और प्रकृति संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं को संवैधानिक संरक्षण के अनुरूप सुरक्षित रखने तथा यात्रा आरंभ करने से पहले संबंधित गांवों और देव समाज संस्थाओं के साथ औपचारिक बैठक आयोजित करने की मांग शामिल है।

प्रदेश की पंचायतों में भ्रष्टाचार पर सरकार की बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक

उपायुक्तों को मिली रिपोर्ट जारी करने की शक्ति

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल सरकार ने पंचायतों में विकास कार्यों के दौरान होने वाली वित्तीय अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। नई अधिसूचना के तहत अब प्रदेश के सभी उपायुक्तों को हिमाचल प्रदेश प्रिवेंशन ऑफ स्पेसिफिक करप्ट प्रैक्टिसेज एक्ट, 1983 के अंतर्गत रिपोर्ट जारी करने का सक्षम प्राधिकारी बनाया गया है। इस फैसले से भ्रष्टाचार के मामलों में कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया अधिक तेज, प्रभावी और जवाबदेह होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह व्यवस्था विभाग की 18 फरवरी 2026 की पूर्व अधिसूचना के क्रम में लागू की गई है। अब संबंधित जिले के उपायुक्त मामले की जांच के आधार पर रिपोर्ट जारी करेंगे, जिसके बाद दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का रास्ता और अधिक स्पष्ट एवं सशक्त होगा। इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को रोकना है। नई व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि अब कार्रवाई का दायरा केवल जनप्रतिनिधियों या सरकारी अधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगा। यदि किसी निजी व्यक्ति की भूमिका पंचायतों में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता या अवैध लाभ लेने अथवा दिलाने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी। इससे भ्रष्टाचार के पूरे नेटवर्क पर प्रभावी नियंत्रण लगाने में सहायता मिलेगी।

अब विकास योजनाओं की निगरानी होगी और सख्त

इस निर्णय से पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं की निगरानी मजबूत होगी। कार्यों की गुणवत्ता, वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ-साथ सरकारी धन के दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

जल संरक्षण 11.75 करोड़ की परियोजना से जल शक्ति विभाग तालाबों को वैज्ञानिक तरीके से कर रहा पुनर्जीवित

जल संरक्षण का नया मॉडल बन रहे हरोली के तालाब

अनंत ज्ञान

राजेश शर्मा, ऊना। हिमाचल प्रदेश में पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में हरोली एक नई मिसाल बन रहा है। वर्षों से गाद जमने, बरसाती बहाव और बदलती परिस्थितियों के कारण अपनी उपयोगिता खो रहे तालाब अब आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के सहारे नया जीवन पा रहे हैं। 11.75 करोड़ रुपए की परियोजना के तहत जल शक्ति विभाग पुबोवाल, दुलैहड़, गोंदपुर जयचंद समेत विभिन्न तालाबों का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्जीवन कर रहा है। इसका उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण, जल गुणवत्ता में सुधार और भविष्य की जल जरूरतों के लिए टिकाऊ जल प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने के साथ ही तालाबों का सौंदर्यीकरण भी है।

परियोजना के तहत तालाबों से गाद हटाने, तटबंध मजबूत करने तथा भूजल पुनर्भरण (जमीन के भीतर पानी का दोबारा संग्रह) की संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही जलग्रहण क्षेत्रों (जहां से वर्षा का पानी तालाब तक पहुंचता है) में सुधार किया जा रहा है। जहां आवश्यकता है, वहां निर्मित आर्द्रभूमि (पौधों और प्राकृतिक प्रक्रियाओं से पानी साफ करने वाली व्यवस्था), इन-सीटू ट्रीटमेंट सिस्टम (तालाब के भीतर ही पानी को साफ करने की तकनीक) तथा एरेशन सिस्टम (पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने वाली व्यवस्था) का उपयोग कर जल गुणवत्ता सुधारी जा रही है। वहीं कैस्केड संरचनाओं (बरसाती पानी के साथ आने वाली गाद और ठोस अपशिष्ट को रोकने वाली चरणबद्ध संरचनाएं) के माध्यम से तालाबों की प्राकृतिक क्षमता को भी बढ़ाया जा रहा है।

जल शक्ति विभाग ऊना के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान के अनुसार इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सभी तालाबों के लिए एक जैसी योजना नहीं बनाई गई। प्रत्येक तालाब की भौगोलिक स्थिति, जलग्रहण क्षेत्र, जल स्रोत, प्रदूषण की स्थिति और स्थानीय आवश्यकताओं का अलग-अलग अध्ययन कर उसके अनुरूप तकनीकी समाधान तैयार किए गए हैं। यही वैज्ञानिक दृष्टिकोण इस परियोजना को अन्य योजनाओं से अलग बनाता है।

जल शक्ति विभाग हरोली के अधिशासी अभियंता पुनीत शर्मा ने बताया कि पहले चरण में पुबोवाल, दुलैहड़ और गोंदपुर जयचंद सहित प्रमुख तालाबों में कार्य चल रहे हैं।

पुबोवाल तालाब के पुनर्जीवन पर लगभग दो करोड़ रुपये तथा दुलैहड़ तालाब पर करीब 1.26 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किए जा रहे हैं। कई घटकों में 90 से 100 प्रतिशत तक कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं।

फरवरी 2025 में तैयार व्यवहार्यता रिपोर्ट के अनुसार परियोजना पूरी होने पर चयनित तालाबों के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 58 लाख घन मीटर भूजल पुनर्भरण क्षमता विकसित होगी। इसके अलावा क्षेत्र में लगभग 0.90 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) अतिरिक्त जल उपलब्ध होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार पुबोवाल तालाब की वार्षिक पुनर्भरण क्षमता लगभग 32 लाख घन मीटर तथा छह छोटे तालाबों की संयुक्त क्षमता करीब 26 लाख घन मीटर आंकी गई है।

भविष्य की जल सुरक्षा की ठोस तैयारी

अधिकारियों के अनुसार हरोली क्षेत्र में वर्षभर सीमित अवधि तक ही वर्षा होती है। ऐसे में वर्षा की प्रत्येक बूंद का संरक्षण इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार वर्तमान में क्षेत्र 62 प्रतिशत भूजल दोहन के साथ 'सेफ' श्रेणी में है, लेकिन बढ़ती आबादी, जल की बढ़ती मांग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए यह पहल भविष्य की जरूरतों के अनुरूप दीर्घकालिक तैयारी मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने का यह मॉडल भविष्य में हिमाचल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है। जल संरक्षण के साथ-साथ इन तालाबों के पुनर्जीवन से पर्यावरण संरक्षण, जलीय जैव विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य और स्थानीय स्तर पर ईको-टूरिज्म की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।